CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 26°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 5 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 173 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

Transform your DREAMS into REALITY @

## Shri Ram Group of Colleges

Parikrama Marg, Muzaffarnagar

Approvals | Affiliations

University Grant Commission A++ NAAC UGC

www.srgcmzn.com
src_mzn@rediffmail.com

### Shri Ram Group of Colleges (IC)

BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
Polytechnic (CE, ME, EE)
MBA | MCA | BArch | DPharm

### Shri Ram College of Pharmacy

BPharm | DPharm

### Shri Ram College of Law

BALLB | BComLLB | LLB

### Shri Ram Polytechnic

Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)

For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srgcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26

Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)

### Shri Ram College

First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh

BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy
MSc- Agri Chemistry & Soil Sc | BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany
MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics
MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC
BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance, BSc- Tourism & Hospitality Mgmt

Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development

For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.

For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26

Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at Maa Shakumbhari University, Saharanpur Admission Portal

Scholarship more than ₹ 10 Crores Available

For Further Information Please Contact @
Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Edu: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281

## संक्षिप्त समाचार

### 12,348 श्रद्धालुओं ने किए शिवलिंग के दर्शन

**यूपी के एक श्रद्धालु की मौत**

**पहलगाम।** अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर पहले दिन शाम 7.15 बजे तक 12,348 श्रद्धालुओं ने हिम शिवलिंग के दर्शन किए। इनमें 9,181 पुरुष और 2,223 महिलाएं शामिल रहीं। 99 बच्चे, 122 साधु, 7 साध्वी, 708 सुरक्षाबलों के जवान और 8 ट्रांसजेंडर श्रद्धालु भी दर्शन के लिए पहुंचे। 5200 से ज्यादा तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था 3 जुलाई की शाम जम्मू के भगवतीनगर बेस कैंप से रवाना हुआ, जो शुक्रवार दोपहर 2 बजे पहलगाम बेस कैंप पहुंच गया। 6400 यात्रियों को लेकर तीसरा जत्था आज सुबह सुबह 4 बजे अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ।

### यूपी में दो निजी विवि को मिली स्वीकृति

**लखनऊ।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने अयोध्या में 'महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय' के संचालन की अनुमति प्रदान की है, वहीं गाजियाबाद में 'अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय' की स्थापना हेतु आशय-पत्र जारी किया गया है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने यह जानकारी दी।

### पीसीएस में 300 से अधिक अभ्यर्थी शामिल

**लखनऊ।** सीएम अभ्युदय योजना ने नया कीर्तिमान अर्जित किया है, जब पीसीएस मुख्य परीक्षा 2024 में योजना से जुड़े 300 से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस वर्ष की परीक्षा में लखनऊ के गोमत. िनगर स्थित 'भागीदारी भवन' सबसे प्रभावशाली केंद्र रहा, जहां से 200 से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।

# ऑपरेशन सिंदूर: सेना के उप प्रमुख के बयान पर सियासत गर्माई

## कांग्रेस ने पीएम मोदी से संसद में चीन पर चर्चा की मांग दोहराई

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने भारतीय सेना के उप-प्रमुख (क्षमता विकास एवं स्थायित्व) लेफ्टिनेंट राहुल आर सिंह के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि चीन ने भारतीय सैन्य संपत्तियों का लाइव डाटा पाकिस्तान के साथ साझा किया और तुर्की ने पाकिस्तान को ड्रोन मुहैया कराए।

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि सेना के उप-प्रमुख (क्षमता विकास और स्थायित्व) लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने आज सार्वजनिक रूप से वह बात कही है, जो ऑपरेशन सिंदूर के अचानक खत्म होने के बाद से आमतौर पर मानी जा रही थी। यह वही ऑपरेशन है, जिसे अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के दखल के चलते 10 मई को रोक दिया गया था। रमेश ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने जो कहा, वह उसी चिंता को सार्वजनिक रूप से सामने लाता है कि हम वास्तव में पाकिस्तान से नहीं, बल्कि चीन से लड़ रहे थे। चीन, पाकिस्तान की वायु सेना को असाधारण स्तर तक नियंत्रित कर रहा था। यह खुलासा उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि



■ रणनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक चुनौतियों पर चर्चा होनी चाहिए

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की ओर से सिंगापुर में किया गया था। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी लगातार यह मांग कर रही है कि संसद में चीन की ओर से हमारे सामने खड़ी की जा रही रणनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक चुनौतियों पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन ने की पाकिस्तान की वायु सेना को अपने नियंत्रण में नहीं लिया है, बल्कि अब वह पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ त्रिपक्षीय बैठकें कर रहा है। हमारे व्यापार घाटे के आंकड़े रिकार्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। अब जबकि संसद का सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है और उसे चार दिनों के लिए बढ़ाया भी गया है, हमें उम्मीद है कि हमें चीन से जुड़ी राजनीतिक, रणनीतिक, आर्थिक और भू-राजनी. तिक चुनौतियों पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा। कांग्रेस इस बात पर जोर देती रहेगी कि चीन पर पूरी बहस होनी चाहिए और इन चुनौतियों से निपटने के लिए एक साझा ख्रष्टिकोण पर आम सहमति बनाई जाए। कांग्रेस सांसद ने कहा कि पाकिस्तान एक चुनौती है, जिसे चीन का समर्थन हासिल है। अमे. रिका भी एक अलग तरह की चुनौती है, लेकिन वह एक अलग श्रेणी में आता है। हम लगातार यह मांग करते रहेंगे और संसद में इस विषय पर चर्चा की मांग करेंगे- चाहे वह सीडीएस जनरल चौहान के बयान हों, इंडोनेशिया में रक्षा अधिकारी के खुलासे हों या आज नई दिल्ली में लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह द्वारा कही गई बातें। संसद सत्र से पहले 19 जुलाई को होने वाली सर्वदलीय बैठक पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा, सर्वदलीय बैठक एक औपचारिकता भर होती है।

# जल जीवन मिशन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त: अखिलेश यादव

**लखनऊ, वार्ता**

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता को जल जीवन मिशन, नदियों की सफाई और अन्य योजनाओं के नाम पर धोखा दिया है। इन योजनाओं में बढे पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट हुई है। बारिश आते ही भाजपा स्मार्टसिटी योजना की पोल खुल गई है।

यादव ने शुक्रवार को कहा कि गोरखपुर, आगरा, वाराणसी, अयोध्या, अलीगढ़ समेत कई नगरों और शहरों में जगह-जगह जल भराव हैं सड़कें उखड़ गई है, नाले जाम है। मोहल्लों और गलियों में पानी भर जाता है। भाजपा की दिल्ली, लखनऊ की डबल इंजन सरकार और महानगरों के नगर निगम मिलाकर ट्रिपल इंजन की सरकार फेल हो गयी है। उन्होंने कहा है कि पिछले नौ साल में भाजपा सरकार एक भी सिटी को स्मार्ट नहीं बना



पाई है। सड़कें जगह-जगह खोद दी गई हैं। आम जनता भाजपा सरकार की अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार से परेशान हो चुकी है। इसी तरह से इस सरकार की जल जीवन मिशन योजना भ्रष्टाचार के नए रिकार्ड बना रही है। इस योजना के तहत बनी पानी की टंकियां भाजपा के भ्रष्टाचार का भार नहीं सह पा रही हैं।

हर महीने किसी न किसी जिले में पानी की टंकियां ढह रही है। यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। मां गंगा की सफाई नहीं हुई। नमामि गंगे परियोजना के लिए आवंटित हजारों करोड़ का बजट साफ हो गया, लेकिन गंगा नदी साफ नहीं हुई, स्थिति जस की तस है।

# उप्र में बनेगा आउटसोर्स सेवा निगम, भर्ती होंगे कर्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कर्मियों के जीवन में भरोसा सुनिश्चित करेगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के श्रम अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजूरी प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि यह निगम प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के साथ-साथ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के जीवन में स्थायित्व और भरोसा सुनिश्चित करेगा। उन्होंने प्रस्तावित निगम की कार्यप्रणाली, संरचना और दायरे पर विस्तृत विचार- विमर्श करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और साफ किया कि राज्य सरकार श्रमिकों के श्रम, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए कृतसंकल्पित है और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के सामाजिक व आर्थिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन विकेन्द्रीकृत तरीके से होता है, जिसके कारण समय पर वेतन न मिलना, वेतन में कटौती, ईपीएफ/ईएसआई लाभों से वंचित रहना, पारदर्शिता की कमी और उत्पीड़न जैसी अनेक शिकायतें मिलती हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संपूर्ण व्यवस्था में व्यापक सुधार आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रस्तावित निगम का गठन कंपनी एक्ट के तहत किया जाए। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और एक महानिदेशक की नियुक्ति की जाएगी। मंडल व जिला स्तर पर भी समितियों का गठन किया जाएगा।

## आम महोत्सव में पहुंचे योगी, सरकार ने औद्यानिक फसलों का निर्यात बढ़ाया

# यूपी की कृषि प्रगति को वैश्विक मंच पर लाएंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में बागवानों की मेहनत और कृषि प्रगति को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए उनकी सरकार कटिबद्ध है।

लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम, अवध विहार योजना, सेक्टर 9, में तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2025' के शुभारंभ के मौके पर उन्होने कहा कि हमारे बागवानों ने जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों के बावजूद तकनीक का उपयोग कर शानदार प्रदर्शन किया है। ढाई से तीन किलो के आमों की किस्में देखकर आश्चर्य होता है, जो न केवल स्वाद में बेजोड़ हैं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी उत्तर प्रदेश की शान बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम महोत्सव न केवल



■ लखनऊ, अमरोहा, सहारनपुर और वाराणसी में चार आधुनिक पैक हाउस स्थापित किए गए हैं आम महोत्सव पीएम मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने का प्रयास

किसानों की आमदनी बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

आम उत्पादन को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए लखनऊ, अमरोहा, सहारनपुर और वाराणसी में चार आधुनिक पैक हाउस स्थापित किए गए हैं। इन पैक हाउसों के माध्यम से आम की गुणवत्ता, वैरायटी और एक्सपोर्ट के मानकों की जानक. ारी किसानों को दी जाती है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आम महोत्सव न केवल आम उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देता है, बल्कि बागवानों में औद्यानिक फसलों, आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजारों के प्रति विश्वास जगाने का भी माध्यम है। योगी ने जोर देकर कहा कि डबल इंजन सरकार की डबल इंजन नीति ने औद्यानिक फसलों के निर्यात को कई गुना बढ़ाया है। इस महोत्सव के दौरान दो देशों के लिए आमों का एयर कार्गो रवाना किया गया, जिसमें सरकार द्वारा दी गई सब्सिडी ने बागवानों को बेहतर दाम दिलाने में मदद की। मुख्यमंत्री ने महोत्सव में सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और लखनऊ की दशहरी, वाराणसी का लंगड़ा, गोरखपुर का गवजीत, बस्ती का आम्रपाली, मेरठ और बागपत का रटोल जैसी किस्मों की जानकारी ली। उन्होंने बाग. वानों के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और तकनीकी नवाचार ने उत्तर प्रदेश को औद्यानिक फसलों का केंद्र बनाया है।

### योगी ने प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों को दी संवेदनशीलता बरतने की नसीहत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य प्रशासनिक सेवा (पीसीएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों को सफल और प्रभावी अधिक. ारी बनने के लिए 'संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता' का मंत्र दिया है। शुक्रवार को पीसीएस 2022 बैच के 7 और 2023 बैच के 38 प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के प्रशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना, बड़ी चुनौतियों से भरा है। यह चुनौतियां ही आपके व्यक्तित्व को निखारेंगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसा विशाल, विविधताओं से भरा राज्य प्रशासनिक रूप से भी अनेक चुनौतियों से जुड़ा है। ऐसे राज्य की सेवा का अवसर प्राप्त होना न केवल गौरव की बात है, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व और दृष्टिकोण को गहराई से परखने और निखारने का भी माध्यम है।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 83432.89 | निफ्टी 25461.00 | सोना रु. 97142 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) | चांदी रु. 107367 प्रति किलो



# भारतीय शेयर बाजारों में हल्का सुधार दिखा

**मुंबई, वार्ता**

वैश्विक बाजारों से मिले जुले संकेतों तथा कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के रुख के बीच शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में दो दिन की गिरावट से उबर कर तेजी दिखी और उतार. चढ़ाव भरे कारोबार में प्रमुख सूचकांकों में हल्का सुधार दर्ज किया गया।

बीएसई का 30 प्रमुख शेयरों वाला सेंसेक्स तेजी की धारणा के साथ खुलने के बाद दोपहर को नीचे चला गया था। सेंसेक्स अंत में कल के मुकाबले 193.42 अंक या 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,432.89 अंक पर बंद हुआ। कल बाजार गिरावट के साथ 83239.47 पर बंद हुआ था। आज सेंसेक्स के 20 शेयर लाभ में और दस हानि में बंद



सेंसेक्स अंत में कल के मुकाबले 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,432.89 अंक पर बंद हुआ

हुए। नेशल स्टॉक एक्सचेंज का व्यापक 50 शेयरों वाला निफ्टी 50 भी नरमी की धारणा के साथ अंत में कुल मिला कर 55.70 अंक (0.22 प्रतिशत) के हल्के सुधार के साथ 25,461.00 पर बंद हुआ। निफ्टी 25,428.85 पर खुलने के बाद दिन में 25,331.65 तक नीचे चला गया था। अपराह्न के सत्र में लिवाली का समर्थन मिलने से यह में 25,470.25 के दिन के उच्चतम स्तर तक पहुंच गया था। इस स्तर पर बाजार में प्रतिरोध दिखा। एशिया के प्रमुख बाजारों में शुक्रवार को मिला जुला प्रदर्शन दिखा। बाजारों को अमेरिका की आयात शुल्क नीति पर ट्रम्प सरकार के अगले निर्णय का इंतजार है। विश्लेषकों के अनुसार बाजार में क्षेत्रवार शेयरों का प्रदर्शन मिलाजुला रहा। प्राइवेट बैंकों के शेयर भी दबाव में दिखे। व्यापक रूप से बाजार में धारणा शांत रही। साप्ताहिक रोजगार के आंकड़ों में 1.47 लाख रोजगार के नए अवसर सृजित हुए और बेरोजगारी का स्तर गिरकर 4.1 प्रतिशत पर आ गया, जिससे निवेशकों में थोड़ा उत्साह बना। वेस्टेड फाइनांस के सीईओ विक्रम शाह ने अमेरिकी बाजार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वहां बुनियादी लचताएं बनी हुई हैं। निजी क्षेत्र में भर्तियों की रफ्तार मंद पड़ी है और दीर्घकालिक बेरोजगारी की चिंता है। प्रमुख एशियायी बाजारों में सीमित घट-बढ़ के साथ मिले जुले रुख के बीच टोक्यो बाजार हल्के सुधार के साथ बंद हुआ लेकिन सिंगापुर और हांगकांग के प्रमुख सूचक. ांक गिरावट में रहे। न्यूयार्क जिंस बाजार में ब्रेंट क्रूड आयल 0.93 प्रतिशत गिरावट के साथ 68.16 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर चल रहा था।

### सोना सस्ता होकर 97,142 पर आया

**नई दिल्ली।** सोने का दाम शुक्रवार को 195 रुपए सस्ता होकर 97,142 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। कल यह 97,337 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था।

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत भी 253 रुपए घटकर 1,07,367 पर आ गई है। कल एक किलो चांदी 1,07,620 प्रति किलो थी। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। इस साल सोना करीब 20 हजार महंगा हो चुका है। वही, चांदी का दाम भी करीब 21 हजार बढ़ चुका है।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,880 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,650 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,500 थी। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,500 रही, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,730 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,500 थी।

# इन्वेस्ट यूपी अमेरिका और यूके में रोड शो व राउंड टेबल चर्चा करेगा

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी दुनिया भर के निवेशकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए अमेरिका और इंग्लैंड में रोड शो और राउंड टेबल चर्चा का आयोजन करेगी।

इन्वेस्ट यूपी के सूत्रों ने बताया कि इन आयोजनो का उद्देश्य चीन के विकल्प की तलाश कर रही वैश्विक विनिर्माण कंपनियों को प्रदेश में आकर्षित किया जाना है। उत्तर प्रदेश के लिए यह एक रणनीतिक अवसर है, जिससे वह वियतनाम और बांग्लादेश जैसे देशों के समकक्ष, एक भरोसेमंद और लागत प्रभावी विनिर्माण स्थल बनकर उभर सकता है। इस पहल के अंतर्गत इन्वेस्ट यूपी, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप और यूनाइटेड लकगडम में वैश्विक रोड शो, गोलमेज (राउंडटेबल) चर्चायें और रणनीतिक व्यावसायिक संवाद आयोजित कर रही है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश की निवेश-अनुक. ूल नीतियों, क्षेत्रीय क्षमताओं और औद्योगिक तत्परता को वैश्विक दिग्गजों और फॉर्च्यून 500 कंपनियों के समक्ष प्रस्तुत कर, बड़े पैमाने पर औद्योगिक निवेश को आकर्षित करना है। इस वैश्विक आउटरीच के तहत न्यूयॉर्क, सैन फांसिस्को, लॉस एंजेल्स, लंदन, पेरिस, फैंकफर्ट, मिलान, एम्स्टर्डम और बर्मिंघम जैसे प्रमुख शहरों में उच्च स्तरीय बी2जी (बिजनेस-टू-गवर्नमेंट) बैठकें और गोलमेज चर्चाएँ आयोजित की जायेंगी। भारतीय दूतावासों तथा यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी), भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) जैसे प्रमुख व्यापार संघों के सहयोग से आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के निर्णय निर्माताओं के साथ उत्तर प्रदेश की भागीदारी को सुदृढ़ करना है। संयुक्त राज्य अमेरिका में, उत्तर प्रदेश विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियों के साथ संवाद स्थापित करेगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चीन की...** ने एक तरह से अपने हथियारों का परीक्षण अन्य हथियारों के खिलाफ किया। पाकिस्तान एक तरह से उनके लिए एक प्रयोगशाला की तरह उपलब्ध था। तुर्की ने भी इस प्रकार की सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने संबोधन में उन्होंने एक मजबूत वायु रक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर पाकिस्तान हम पर हमला करता है, तो वह आबादी वाले क्षेत्रों को निशाना बना सकता है। इस बार पूरे ऑपरेशन के दौरान एयर डिफेंस और उसका संचालन बेहतरीन था, लेकिन इस बार हमने आबादी वाले क्षेत्रों में एयर डिफेंस पर ठीक से ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन भविष्य में हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के परिणामों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इसे हमें कुछ सबक मिले हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क में टारगेट की योजना और उनका चयन बहुत सारे डेटा पर आधारित था। यह प्रौद्योगिकी और मानव खुफिया जानकारी का उपयोग करके एकत्र किया गया था। हमने पाकिस्तान में कुल 21 टारगेट तय किए थे, जिनको निशाना बनाना था। फिर सेना की कार्रवाई से ठीक पहले आखिरी घंटे में यह तय किया गया कि 21 में से किन नौ ठिकानों को निशाना बनाना है। उसके बाद एक सुविचारित निर्णय लिया गया कि दुनिया को सही संदेश भेजने के लिए तीनों सेनाओं का यह दृष्टिकोण होना चाहिए कि हम वास्तव में एक एकीकृत बल हैं। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम को रणनीतिक कदम करार दिया। कहा कि जब हम किसी सैन्य लक्ष्य पर पहुंचते हैं, तो हमें इसे रोकने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युद्ध शुरू करना आसान है, लेकिन इसे नियंत्रित करना बहुत मुश्किल है। ऐसे में मैं कहूंगा कि यह एक बहुत ही शानदार चाल थी, जो संघर्ष विराम को रोकने के लिए पाकिस्तान ने चली। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अहसास हो गया था कि अगर संघर्ष जारी रहा तो भारत का पंच तैयार है और वह और बुरी स्थिति में पहुंच सकता है इसलिए उन्होंने संघर्षविराम की मांग की। अब पहले की तरह आतंकवादी कृत्यों को सहन नहीं किया जाएगा।

**मुआवजा देने...** उन्हें कानूनी सलाह मिली और न ही इन दस्तावेजों की कोई कॉपी दी गई। एयर इंडिया के अधिकारियों ने कुछ परिजन पर फॉर्म भरने का दबाव डाला और उनके घर जाकर पूछने लगे कि फॉर्म क्यों नहीं भरे गए। रिजन से कहा गया कि जब तक वे फॉर्म नहीं भरते, उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिलेगा। जबकि अंतर्राष्ट्रीय कानून के मुताबिक एयरलाइन को पहचान और रसीद पर हस्ताक्षर के बाद तत्काल अंतरिम मुआवजा देना होता है, किसी फॉर्म की जरूरत नहीं होती। एयर इंडिया ने इन सभी आरोपों को नकारते हुए कहा है कि ये दावे गलत और आधारहीन हैं। एयरलाइन ने इंडिया टुडे को दिए बयान में कहा कि फार्म का उद्देश्य केवल पारिवारिक संबंधों की पुष्टि करना है। हमने फॉर्म को जितना हो सके सरल बनाने की कोशिश की है, ताकि मुआवजा सही व्यक्ति तक जल्दी और सही तरीके से पहुंचे। एयरलाइन ने दावा किया कि पहले ही कुछ परिजन को अंतरिम मुआवजा देना शुरू कर दिया है। कुछ औपचारिक प्रक्रियाएं जरूरी हैं, लेकिन हम परिवारों को पूरा समय और सहूलियत दे रहे हैं।

# बिना लाटरी के जरिये प्रिंसिपल की नियुक्ति शिक्षा व्यवस्था को घातक

## बिहार सरकार इस पर उचित कदम उठाए: मायावती

**लखनऊ, वार्ता**

बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा कि बिहार के पटना विश्व. विद्यालय से संबद्ध संस्थानों में प्रधानाचार्यो की नियुक्त लाटरी के जरिए किया जाने का प्रयोग शिक्षा व्यवस्था के लिए घातक सिद्ध हो सकता है और इसके लिए केंद्र को उचित कदम उठाने की जरुरत है।

सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- बिहार के प्रसिद्ध पटना विवि के पांच प्रतिष्ठित कालेजों में 'लाटरी' की नई व्यवस्था के तहत प्रिन्सिपलों की नियुक्ति का मामला दिलचस्प होने के कारण शिक्षा जगत में काफी चर्चाओं में है। स्थापित परम्परा से हटकर, 'लाटरी' के ज़रिए नियुक्ति की एक प्रकार से विचित्र व्यवस्था



लागू करने के कारण केवल कला विषयों की पढ़ाई वाले 1863 में स्थापित पटना कालेज में कैमिस्ट्री के प्राध्यापक प्रो. अनिल कुमार प्राचार्य बन गए हैं, जबकि बिहार विवि में गृह विज्ञान की प्राचार्य प्रो. अल्का यादव विज्ञान की उच्च शिक्षा के लिए प्रख्यात पटना साइंस कालेज की नई प्रिंसिपल नियुक्त हुई हैं। मायावती ने कहा कि इसी प्रकार की नियुक्ति वाणिज्य कॉलेज में भी हुई है। यहां पहली बार कला संकाय की प्राध्यापक डा. सुहेली मेहता प्राचार्य बनी हैं, उनके विषय की पढ़ाई इस कालेज में नहीं होती है। साथ ही महिला शिक्षा जगत में प्रसिद्ध मगध महिला कालेज को लम्बे इतिहास में दूसरी बार पुरुष प्रिन्सिपल मिले हैं। प्रो. एनपी वर्मा यहां के नए प्राचार्य होंगे, जबकि प्रो. योगेन्द्र कुमार वर्मा की लाटरी पटना लॉ कालेज के प्रिन्सिपल के रूप में निकली है। इसको लेकर लोगों में उत्सुकता है कि बिहार सरकार व वहां के चांसलर द्वारा इस प्रकार लाटरी के माध्यम से की गई प्रिंसिपल की नियुक्तियों को सही ठहरा कर क्या इस व्यवस्था को भाजपा-शासित अन्य राज्यों में भी लागू किया जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैण्डजॉब पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 5 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 173 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 9 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी ने प्रशिक्षु पीसीएस को दी संवेदनशीलता बरतने की नसीहत पेज 2



जडेजा ने बीसीसीआई का दिशा-निर्देश तोड़ा पर सजा की उम्मीद नहीं खेल टाइम्स



करबला से मिलती है चरित्र निर्माण की शिक्षा संपादकीय



रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को दी मान्यता पेज 12

## त्रिनिदाद में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को ओसीआई कार्ड होंगे जारी: मोदी

**पोर्ट ऑफ स्पेन/ नई दिल्ली, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने त्रिनिदाद- टोबैगो में भारतीय समुदाय के लोगों के अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित और पोषित करने के मजबूत इरादों की सराहना करते हुए कहा है कि इस देश में उनकी यात्रा साहस और परिश्रम की गाथा है।

पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में गुरुवार देर रात घाना से त्रिनिदाद- टोबैगो पहुंचे श्री मोदी ने यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए घोषणा की कि इस देश में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को 'ओवरसीज सिटिजन ऑफ इंडिया' यानी ओसीआई कार्ड जारी किए जाएंगे। कार्यक्रम में श्री मोदी का स्वागत करते हुए त्रिनिदाद-टोबैगो के प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने उन्हें देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एवं टोबैगो' से सम्मानित करने की घोषणा की। श्री मोदी ने इस अवसर पर भारतीय समुदाय के दृढ़ इरादों के लिए उनकी सराहना की तथा उनके साथ संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब त्रिनिदाद - टोबैगो में भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को ओसीआई कार्ड जारी किए जाएंगे।

### मोदी को सर! कह नमन किया त्रिनिदाद-टोबैगो की पीएम ने

**पोर्ट ऑफ स्पेन / नई दिल्ली।** त्रिनिदाद- टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनको आज की दुनिया के सबसे प्रशंसित दूरदर्शी नेताओं में एक बताया। प्रधानमंत्री ने श्री मोदी के स्वागत में उन्हें सर! कह कर नमन किया और उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से विभूषित करने की घोषणा की।

### मोदी ने पीएम कमला प्रसाद को भेंट की राम मंदिर की प्रतिकृति व पावन सरयू-जल

**पोर्ट-ऑफ-स्पेन / नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने अपने सम्मान में यहां मेजबान त्रिनिदाद-टोबैगो की सरकार द्वारा गुरुवार रात आयोजित रात्रि भोज में प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर को कुछ स्मृति चिह्नों के साथ अयोध्या-धाम के राम मंदिर की एक प्रतिकृति और पावन सरयू के जल का एक पात्र भी भेंट किया।

श्री मोदी ने आस्था के इन प्रतीकों को भारत और त्रिनिदाद- टोबैगो के गहरे सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंध का परिचायक बताया।



### सब लेफ्टिनेंट पूनिया बनीं नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट

**नई दिल्ली।** सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया ने नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट होने का गौरव हासिल किया है। नौसेना ने बताया कि विशाखापत्तनम स्थित नौसैनिक एयर बेस पर दूसरे बेसिक हॉक कन्वर्जन कोर्स के पूरा होने के बाद शुक्रवार को उन्हें यह गौरव हासिल हुआ। इस कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए लेफ्टिनेंट अतुल कुमार और सब लेफ्टिनेंट आस्था पूनिया को सहायक नौसेना प्रमुख (वायु) रियर एडमिरल जनक बेवली ने प्रतिष्ठित 'विंग्स ऑफ गोल्ड' पुरस्कार से सम्मानित किया।

### अगले सप्ताह से शुरू होगा हज-2026 के लिए आवेदन: रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि हज -2026 की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और एक सप्ताह बाद से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। श्री रिजिजू ने शुक्रवार को यहां हज समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि हमने आज से आधिकारिक तौर पर हज-2026 की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हज-2025 को हाल के इतिहास में सबसे बेहतरीन तरीके से प्रबंधित और सबसे सफल हज यात्राओं में से एक माना जा सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले साल और उससे पहले हज यात्रा के दौरान कई घटनाएं देखने को मिली।

### हिमाचल: बारिश से अब तक 69 की मौत, केदारनाथ मार्ग बंद

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने 20 जून को एंट्री ली थी। बारिश से जुड़ी घटनाओं में राज्य में अब तक 69 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 26 मौतें एक्सीडेंट के कारण हुईं। एक दिन पहले 6 लोगों की जान गई थी। बीते 15 दिन में राज्य को लगभग 500 करोड़ का नुकसान हो चुका है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लगातार बारिश के कारण अलकनंदा उफान पर है। इसके किनारे बने घर डूब गए हैं। वहीं, केदारनाथ यात्रा के पड़ाव गौरीकुंड में लैंडस्लाइड के बाद रूट ब्लॉक हो गया है। बद्रीनाथ हाईवे पर नंदप्रयाग और भनेरपानी के पास लैंडस्लाइड से रास्ता बंद हो गया था, उसे अब खोल दिया गया है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा बढ़ने लगा है। इसको लेकर प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है।

# चीन की नीच हरकत का सेना ने किया खुलासा

## ऑपरेशन सिंदूर का लाइव डाटा पाक को किया था लीक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- **भारतीय उपसेना प्रमुख का सनसनीखेज रहस्योद्घाटन: चीन, तुर्की व पाकिस्तान का नापाक गठबंधन लगा था अंजाम देने में**
- **चीन-तुर्की और पाकिस्तान के गठबंधन को किया बेनकाब, बोले: हम एक सीमा पर दो विरोधियों या असल में तीन से लड़ रहे थे जंग**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख (क्षमता विकास एवं संधारण) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन पाकिस्तान को भारत की तैयारियों और अग्रिम मोर्चों पर हमारी तैनाती को लेकर इनपुट दे रहा था।

फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी, तो पाकिस्तान को चीन से हमारे महत्वपूर्ण वैक्टरों के लाइव अपडेट मिल रहे थे। ऐसे में यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हमें असल में ज्यादा से ज्यादा और तेजी के साथ काम करने की जरूरत है। अपने संबोधन में उन्होंने चीन-तुर्की और पाकिस्तान के गठबंधन को बेनकाब करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हम एक सीमा पर दो विरोधियों या असल में तीन से जंग लड़ रहे थे। पाकिस्तान अग्रिम मोर्चे पर था और चीन उसे हर संभव सहायता प्रदान कर रहा था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास 81 फीसदी सैन्य हार्डवेयर चीनी हैं। इस अभियान में चीन -शेष पृष्ठ दो पर



### नीट-यूजी 2025 परिणाम को चुनौती, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल के विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट- यूजी) 2025 की अंतिम उत्तर कुंजी और परिणाम को चुनौती देते हुए दाखिले के लिए शुरू होने वाली काउंसलिंग प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगाने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने नीट-यूजी 2025 के अभ्यार्थी शिवम गांधी रैना की याचिका खारिज करते हुए कहा कि वह राष्ट्रीय परीक्षा में किसी व्यक्तिगत मामले के आधार पर हस्तक्षेप नहीं कर सकती। याचिकाकर्ता ने अंतरिम राहत के तौर पर एमबीबीएस एवं नीट-यूजी परिणाम के आधार पर दाखिले के लिए संभावित इस माह आयोजित काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक लगाने की भी मांग की थी।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह विवाद

## हिंदू पक्षकारों को झटका

**प्रयागराज, वार्ता**

- **शाही ईदगाह से जुड़ी संपत्ति को विवादित घोषित करने से इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किया इन्कार**

**मथुरा** स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह से जुड़ी संपत्ति को विवादित घोषित करने से इन्कार कर दिया। कोर्ट के इस फैसले से हिंदू पक्षकारों को झटका लगा है।

न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की अदालत ने वादी महेंद्र प्रताप सिंह की ओर से दाखिल अर्जी खारिज कर दी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। इससे पहले कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका पर मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। साथ ही निर्णय के लिए चार जुलाई की तारीख नियत की थी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में मांग की है कि शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित किया जाए, जैसा कि बाबरी मस्जिद प्रकरण में किया गया था। साथ ही दावा किया था कि मथुरा की शाही मस्जिद भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह को तोड़कर ही बनाई गई है। हालांकि हिंदू पक्ष की इस मांग पर मुस्लिम पक्ष ने विरोध जताया था। साथ ही कोर्ट में लिखित आपत्ति भी दाखिल की थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की कोर्ट ने शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### अहमदाबाद प्लेन हादसा

## मुआवजा देने से बच रही एयर इंडिया

**नई दिल्ली/लंदन, वार्ता**



- **वकील बोले: एयर इंडिया पीड़ित परिजनों से वित्तीय जानकारी मांग रही**

**अहमदाबाद प्लेन** क्रैश में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजनों को एयर इंडिया मुआवजा देने से बचना चाहती है। यह आरोप 40 से ज्यादा पीड़ित परिवारों का केस लड़ने वाली ब्रिटेन की कानूनी फर्म स्टीवर्ट्स ने लगाए हैं। स्टीवर्ट्स 40 से ज्यादा पीड़ित परिवारों का केस लड़ रही है।

फर्म के एडवोकेट पीटर नीनन ने कहा है कि एयर इंडिया ने मुआवजा देने से पहले परिवारों से कानूनी रूप से संवेदनशील वित्तीय जानकारी मांगी, जिससे उनका हक कम हो सकता है। उधर, एयर इंडिया ने आरोपों को इन्कार कर दिया है। नीनन ने कहा कि एयर इंडिया पीड़ित परिवारों के साथ अनैतिक और अपमानजनक व्यवहार कर रही है। एयर इंडिया इस तरह से व्यवहार कर लगभग 1,050 करोड़ रुपये बचाने की कोशिश कर सकती है। उन्होंने मामले की जांच की मांग भी की है। वहीं, उन्होंने अपने क्लाइंट्स को सलाह दी है कि वे फॉर्म न भरें और मुआवजा पाने के लिए कानूनी रास्ता अपनाएं। अहमदाबाद में एयर इंडिया का प्लेन क्रैश 12 जून को हुआ था। उस वक्त विमान में 242 लोग सवार थे। इनमें एक यात्री की जान बच गई थी। इसके अलावा, जिस मेडिकल हॉस्टल पर विमान गिरा था, वहां 29 लोगों की जान गई थी। इस तरह इस हादसे में 270 लोगों की जान गई थी। नीनन ने आरोप लगाया कि न तो किसी परिजन को पहले से कोई सूचना दी गई, न ही -शेष पृष्ठ दो पर



# झूठे आरोपों से तंग आकर युवक ने जान दी
## भाई ने मां-बेटी के विरुद्ध की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** झूठे आरोपों से तंग आकर एक युवक ने जहर खाकर मौत को गले लगा लिया। मृतक युवक के भाई ने आत्महत्या का कारण बनी मां बेटी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बुढाना पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बिराल निवासी अनुज कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह ने बताया कि मेरे भाई राजीव जिसे हेमा पुत्री रामबीर और उसकी मां के द्वारा मानसिक प्रताडित किया जा रहा था। जिससे परेशान होकर राजीव ने बीते 22 जून को जहर खा लिया था। उसका इलाज पहले बडौत फिर मेरठ में चला। जहां बीती 29 जून को इलाज के दौरान उसके भाई की मृत्यु हो गई। हेमा व उसकी मां उसे आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहे थे। बताया जाता है कि हेमा और उसकी मां के द्वारा बार बार फोन करके उसको व परिवार को धमकी दे रहे थे। जिसकी रिकार्डिंग हमारे पास है। राजीव ने साफ मना कर दिया था कि ये कार्य उसने नहीं किया तो हेमा और उसकी मां ने उसे अपने घर बुला उसके साथ मारपीट की गयी और जबरदस्ती माफी मांगने को प्राताडित किया गया। जिससे राजीव पूरी तरह मानसिकता का शिकार हो गया और घटना के 3 दिन बाद राजीव ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहां 6 दिन बाद उसने उपचार के चलते दम तोड दिया। पीडित परिवार ने मां बेटी के खिलाफ कार्यवाही की मांग बुढ़ाना पुलिस से की है। उधर दूसरी और पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

## कांवड़ यात्रा की तैयारियां पूरी, आज 5 घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**बुढ़ाना।** इसी महीने से शुरु हो रही कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर दिखाई पड़ रहा है। वह किसी भी तरह की डील नहीं बरतना चाहता तभी तो कस्बे और बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में कांवड़ यात्रा को लेकर स्थानीय बिजली विभाग पूरी तैयारियों में जुट गया है। इसी के चलते शाहपुर कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में शनिवार की सुबह लगभग 11 बजे से लेकर शाम 04 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी। इस संबंध में एक्सईएन अजीत सिंह यादव ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्ग को सुरक्षित बनाने के लिए यह शटडाउन लिया जा रहा है। लगभग 05 घंटे की अवधि के दौरान बिजली की लाइनों के ऊपर आ रही पेड़ों की टहनियों की छंटाई का कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले जर्जर तारों और ढीले खंभों को भी दुरुस्त किया जाएगा। कांवड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उन्हें अप्रिय घटना से बचाया जा सके इसके लिए विद्युत विभाग एलर्ट है। वहीं विद्युत विभाग ने बुढ़ाना क्षेत्र के निवासियों से इस दौरान सहयोग करने की अपील की है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**बुढ़ाना।** एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गये। कार चालक घटना को अंजाम देकर फरार हो गया और उधर बाइक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर पहुंची फुगाना पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पर भिजवाकर कार चालक की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद शामली के निवास. ीगण सचिन कुमार अपने साथी विकास कुमार के साथ बाइक पर बैठकर शामली जनपद से बुढ़ाना कस्बे के लिए आ रहा था। जब वे बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र में मेरठ वाया करनाल हाइवे पर सराय गांव के पास पहुंचे तो उनकी बाइक एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गई। कार की साइड लगने से वे दोनों बाइक सहित सडक पर गिरकर घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों को चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व परिजन भी मौके पर पहुंच गए। घटना की तहरीर अभी तक पुलिस को नही दी गई। फुगाना पुलिस का कहना है कि अगर उनको तहरीर मिलती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



विनोद मलिक का नंगला में स्वागत करते हुए।

## मदारी को पीटा

**मोरना।** खेल तमाशा दिखाकर भीख मांगने वाले मदारी को दबँगो ने मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं मदारी के साथ सरेआम हुई मारपीट की घटना से रोष व्याप्त हो गया।घटना पर संज्ञान लेकर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र अमित कुमार व उसकी पत्नी प्रियंका हमारे कहने सुनने में नही है मेरे व मेरी पत्नी के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट करते हैं। अमित कुमार शराब पीने व जुआ खेलने का आदी है। दोनों परिवार के कहने सुनने से बाहर है। जिससे समाज में परिवार की बदनामी हो रही है। जिसके चलते मैने अपने पुत्र अमित कुमार व पुत्रवधू प्रियंका को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे सामाजिक व पारिवारिक रिश्ते समाप्त कर लिये हैं। इनके किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**राजेन्द्र पुत्र फुल सिंह**
**निवासी ग्राम भयांगी भंगेला,**
**थाना खतौली**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# खंभों को गलत जगह लगाने से रोकने को सीएम को भेजा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** 33 केवी की विद्युत लाईन के खंभों को गलत जगह से लगाने से रोकने के लिए एक कृषक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। पत्र में कृषक आशु पुत्र शोबीर सिंह निवासी गांव शाहडब्बर ने लिखा है कि उसकी काश्त की भूमि शाहडब्बर में है। उसकी भूमि में विद्युत विभाग की बिना सर्वे 33 केवी की लाईन के लिए जबरदस्ती खंभे लगाने की योजना है। उसने अपनी भूमि का सर्वे दिखाने को कहा तो विद्युत कर्मचारियों ने कहा कि सरकारी कार्य में बाधा डालने व सरकारी कागजात को फाड़ने जैसे झूठे मुकदमों में जेल भिजवा देंगे। इसलिए चुप रहो। तुम्हें फसल का मुआवजा दिलाया जाएगा लेकिन बाधा डालोगे तो इलाज हो जाएगा। कृषक का कहना है कि अगर उसकी भूमि पर विद्युत पोल टावर लगा दिये गये तो उसको फसलों और अन्य प्रकार के नुकसानों से गुजरना पड़ेगा। उसकी भूमि आबादी के नजदीक होने के कारण भी उसको अत्यधिक नुकसान होने की सम्भावना बनी हुई है। वह कर्मचारियों की खुशामद भी कर चुका लेकिन वे उसे तंग कर रहे हैं। कृषक ने कहा है कि जहां पर पूर्व में सर्वे किए गए हैं वहीं पर विद्युत पोल टावर लगाये जाने चाहिएं। इसलिए बिना पूर्व सर्वे ओर बिना उसकी अनुमति के उसकी भूमि पर विद्युत पोल टावर ना लगाया जाये।

# विकास पुरुष विनोद मलिक का नंगला में स्वागत

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव रियावली नंगला में शुक्रवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक पहुंचे। जहां पर सैंकड़ों ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों की थाप पर उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। अपने सम्मान में उमड़ी भीड़ को देख विकास पुरुष के नाम से मशहूर हुए बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने कहा कि आपने यहां पर बुलाकर जो सम्मान मुझे दिया है उसको कभी भी भुलाया नहीं जाएगा। यहां पर सभी ग्रामीणों ने रालोद में आस्था जताते हुए विभिन्न दलों को छोड़ने की घोषणा करते हुए रालोद जिंदाबाद और चौधरी जयंत सिंह जिंदाबाद के नारे गर्मजोशी से लगाए और कहा कि प्रमुख साहब जहां आप हैं वहीं हम हैं। यहां पर स्वागत के बाद गांव के कुछ लोगों ने गांव की समस्याओं को भी पूर्व प्रमुख विनोद मलिक के समक्ष रखा तो उन्होंने भरी जनता के बीच वायदा किया कि आप लोगों की जो भी समस्याएं हैं उन सभी को धीरे धीरे प्राथमिकता के आधार पर इसी वर्ष में पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने यहां पर अपनी और से भी गांव रियावली नंगला के विकास के कुछ कार्यो को करवाने की बात कही तो पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। ग्रामीणों ने यहां पर चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजित सिंह अमर रहे के भी नारे लगाए। यहां संयम पंवार, गुलरेज, आसिफ, अशफाक, लियाकत, शरीफ, जुनैद, साबिर, अब्दुल करीम, वाहिद, डॉक्टर तोसीफ, बाबू आदि मौजूद थे।

## लोहे के रेलवे पुल के नीचे बनी वैकल्पिक सड़क टूटी

**खतौली।** आगामी श्रावण मास में शुरू होने जा रही कांवड़ यात्रा से पहले शासन द्वारा तैयारियों के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से कोसों दूर है। खतौली के कांवड़ पटरी मार्ग पर लोहे के रेलवे पुल के नीचे बनाई गई वैकल्पिक सड़क महज चार सप्ताह में पूरी तरह से टूट चुकी है, जिससे शिवभक्तों की यात्रा में बाधा उत्पन्न होने की आशंका गहरा गई है। यह वैकल्पिक सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया। सड़क को रोड़ी या डामर से बनाने के बजाय ईंट और मिट्टी से तैयार किया गया था, जो बरसात की पहली दस्तक में ही पूरी तरह से टूटकर उखड़ गई।

# धमकी: 50 किलोमीटर के दायरे में दिखा तो तुझे कहीं का नहीं छोड़ेंगे

**बुढ़ाना।** पैतृक संपत्ति के बंटवारे के चलते भाई के खौफ से परेशान युवक गांव से पलायन कर गया। अब जिस गांव में युवक रह रहा है उसका भाई वहीं पहुंचा और धमकी दी कि अगर आज के बाद वो 50 किलोमीटर के दायरे में कहीं दिखाई दिया तो उसे कहीं का नही छोड़ेंगे। पीड़ित युवक ने सीओ से सुरक्षा की मांग की है। नवाब सिंह पुत्र माना निवासी ग्राम गोयला ने सीओ को बताया कि उसके सगे भाई अशोक, जयवीर व राजवीर हैं। जो एक छत के नीचे रहते हैं किंतु कुछ समय पूर्व आपसी मनमुटाव के चलते हम चारों भाई अलग हो गये। बीते 22 जून को भाई अशोक व भतीजे जितेन्द्र ने पैतृक सम्पत्ति के बंटवारे के चलते उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। उसने विरोध किया तो दोनों ने उसे जमीन पर गिराकर लात घूंसो से मारा। जिसमें उसे चोटें आई मगर उसने कोई कार्यवाही नहीं कराई। उसकी 6 बेटियां हैं लड़का नहीं है।

बीते 1 जुलाई को जब वो खेत से घर लोटा तो अशोक आदि ने दारु पीकर उसके संग गाली गलौज की और पैतृक संपत्ति कब्जाने के उद्देश्य से उसे घर छोड़ने को कहा। जब उसने विरोध किया तो अशोक आदि ने उसकी बेटियों संग बदतमीजी की। इस हरकत से तंग आकर उसने गांव से पलायन किया और गांव कितास आ गया तो आरोपी शुक्रवार को वहीं पहुंचे और गाली गलौच कर कहने लगे कि यदि तू 50 किलो मीटर के दायरे में कहीं पर भी नजर आया तो तुझे हम नही छोडेंगे। पीड़ित ने सीओ से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र आबिद मलिक व उसकी पत्नी शाहना गलत संगत में पडकर मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है और जान-पहचान वालों से पैसे लेकर वापस नहीं देते। जिसके चलते मैने अपने पुत्र आबिद मलिक व उसकी पत्नी शाहना को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इनसे सभी पारिवारिक रिश्ते व सम्बन्ध समाप्त कर लिये है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अपने कृत्य व लेन-देन के ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**श्रीमति नफीसा पत्नी स्व. रहीसूद्दीन**
**निवासी- मौ.इस्लामाबाद भूड खतौली,**
**थाना खतौली**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# शाहपुर में मोहर्रम के जुलूस पर चांद कादरी ने की नौहाख्वानी

**शाहपुर।** सिया सोगवारों ने 8 मोहर्रम पर इमाम हुसैन की याद में मातम करते हुए मोहर्रम का जुलूस निकाला। अपने फन के जादू से देश ही नहीं विदेश में भी शाहपुर का नाम रोशन करने वाले मशहूर कव्वाल चांद कादरी और अंतरराष्ट्रीय मशहूर कव्वाल अंजुम ए हाशमी के सदर अफजाल चिस्ती ने नोहाखानी करते हुए कहा कि असगर तुझे मैं झूला झुलाऊं सारी रात। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पुरस्कार पा चुके मशहूर कव्वाल चांद चिश्ती कादरी, नजीर अली कादरी, जमाल हुसैन, नसीर हुसैन आदि ने नोहा खानी की। इमाम हुसैन की शहादत को याद कर सभी सोगवार रो पड़े। छोटे-छोटे बच्चे हाथों में अलम थामें नजर आए। लताफत अली ने अपने अंदाज में पढ़ा शेर मिटी में मिल गये है इरादे यजीद के लहरा रहा है आज भी परचम हुसैन का शेरों कव्वाली के साथ मातमी जुलूस इमामबाड़े से शुरू होकर नगर के मुख्य मुख्य मार्गो से होकर इमामबाड़े पर ही समाप्त हुआ। इस दौरान कस्बे के मेंन बाजार में लोगों ने केवडा एवं गुलाब जल का शोगवारो पर छिड़काव किया तथा ठंडे पानी की सबील लगाई वही युवा समाजसेवी सोनू मलिक, युवा समाजसेवी शाकिर मलिक, युवा समाजसेवी राशिद मलिक, रहीम सैय्यद, नावेद सैय्यद, फाजिल सैय्यद, सेफू सैय्यद ने ठंडे पेय पदार्थो का वितरण किया। वही मोहल्ला कस्यवान में युवा समा.



जसेवी नौशाद कुरैशी, समाजसेवी जफर कुरैशी, शाकिर कुरैशी, अनम कुरैशी, आलम राणा, साबिर कुरैशी ने ठंडे पेय पदार्थो का वितरण किया। प्रमुख समाजसेवी उमेश मित्तल ने अपने आवास पर जलेबी का वितरण किया। इस दौरान आसिफ राणा, हनु मित्तल, अफ़फान सलमानी मौजूद रहे। जुलूस में मुख्य रूप से अली अब्बास, जुम्मा हुसैन, अमानत हुसैन, खुरशेद हुसैन, सरताज हुसैन, लताफत हुसैन, असलम दरबार, असजाउल हुसैन आदि उपस्थित रहे। शाहपुर थाना प्रभारी जय सिंह भाटी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे।

# 'एक वृक्ष मां के नाम' वन विभाग ने किया वृक्षारोपण

**बुढ़ाना।** शुक्रवार के दिन बुढ़ाना क्षेत्र में स्थित सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन में जिला पंचायत सदस्य बाबा मौमीन हसन जौला ओर वन विभाग के स्टाफ के द्वारा एक वृक्ष मां के नाम लगाया गया। वन विभाग के सब इंस्पेक्टर हरीश कुमार द्वारा वृक्षारोपण के बारे में विस्तार से सभी को समझाया गया और बताया गया कि आज पेड़ों की कमी ज्यादा होने के कारण हम लोग आक्सीजन की कमी ज्यादा महसूस कर रहे हैं। कोरोना काल में सबसे ज्यादा मोतें आक्सीजन की कमी की वजह से हुई हैं। पशु और पक्षियां भी कम संख्या मे होते जा रहे हैं। इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि वे ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगायें। जब हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगायेंगे तो फिर हमें आक्सीजन भी



शुद्ध ही मिलेगी और पशु व पक्षियो को भी बढ़ावा मिलेगा। जल स्तर भी बढ़ेगा और हमारे जीवन में भी पूरी खुशहाली आयेगी। इसलिए एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगायें। यहां पर पेड़ लगाओ जीवन बचाओ नारा भी लगाया गया। इस मौके पर यहां उपस्थित कर्मचारियों में मुख्य रूप से वन विभाग के सब इंस्पेक्टर अंशी लाल, वन विभाग के सब इंस्पेक्टर नितिन शर्मा, प्रवेश कुमार, नरेंद्र कुमार, हुसैन अहमद और मनोज कुमार आदि वनकर्मियों की उपस्थिति रही।

**संपत्ति विक्रय संबंधी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति गौरव पुत्र सुधीर निवासी ग्राम रई थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर गलत संगत में पड गए हैं और उनका गलत व्यक्तियो के साथ उठना बैठना है सभी प्रकार के नशे के आदि हैं और अपने होश हवास में नहीं रहते और इनकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है। गौरव विरासत में प्राप्त सम्पत्ति जो मौजा रई मे स्थित है गांव अथवा बाहर के किसी भी व्यक्ति को विक्रय करने की फिराक में है यदि भविष्य में कोई भी मेरे पति से उक्त सम्पत्ति को क्रय करता है तो वह अवैध व शून्य मानी जायेगी। मेरे पति अपने होश हवास मे नही रहते व मानसिक रूप से बीमार रहते है। यदि कोई गौरव पुत्र सुधीर निवासी ग्राम रई की कोई भी चल अचल सम्पत्ति क्रय करता है तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

**शिवानी पत्नि गौरव**
**मकान नम्बर 206 ग्राम रई**
**थाना छपार,**
**जिला मुजफ्फरनगर**
**मो.न.- 7251983566**

# रालोद की बैठक संपन्न, गौरव शर्मा बंटी बने नगर अध्यक्ष

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुआड़ा रोड स्थित एक निजी भवन में राष्ट्रीय लोकदल की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में युवा रालोद के जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य गज्जू पठान मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होंने गौरव शर्मा उर्फ बंटी को खतौली नगर का युवा रालोद अध्यक्ष नियुक्त किया। उन्होंने आशा जताई कि गौरव शर्मा युवाओं की एक बड़ी टीम तैयार कर रालोद की नीतियों का गांव-गांव प्रचार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को मजबूत बनाएंगे।कार्यक्रम का संचालन रालोद के क्षेत्रीय महासचिव धर्मेन्द्र तोमर ने किया। उन्होंने बताया कि पार्टी का सदस्यता अभियान जोरों पर है, जिसके तहत खतौली विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को



जोड़कर सदस्य बनाया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष जगदीश आर्य ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग एकजुट होकर सदस्यता अभियान को गति दें और घर-घर जाकर पार्टी की विचारधारा से लोगों को जोड़ें।बैठक में नगर अध्यक्ष हाजी नोशाद मोनी, प्रधान भूपेन्द्र राठी, पंकज राठी, दानिश सभासद, राजकुमार तेवतिया, अरविंद गुर्जर, पुष्पेंद्र चौधरी, राहुल तोमर, सन्तराम प्रधान, दुष्यंत तिहाई सहित कई पार्टी पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विशेष रूप से दिनेश पचांल, अमित शर्मा, शाहिद अंसारी, साजिद अंसारी, प्रवीण त्यागी, शिवम आचार्य, रोहित आचार्य, सार्थक सैनी, आशुतोष अंकुर, वंश प्रजापति, पवन, सोनू, गौरव चौधरी समेत दर्जनों युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया।

# आठ साल की उम्र से अपने फन का जादू बिखेर रहे चांद कादरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** अपने फन के जादू से देश ही नहीं विदेश में भी शाहपुर का नाम रोशन करने वाले मशहूर कव्वाल चांद कादरी ने शाह टाइम्स को बताया कि भारत देश की जनता भाईचारा अमन पसंद है। लेकिन जनता इतनी भोली है कि राजनीतिक पार्टिया उनके दिमाग पर अपना जादू इस तरह से चलाती हैं कि वह उन राजनीतिक पार्टियों के बहकावे में आ जाती है उन्होंने कहा कि वह देश के किसी भी कोने में हो लेकिन मोहर्रम के त्यौहार पर वह शाहपुर ही आते हैं क्योंकि उन्हें अपनी मातृभूमि से प्यार है और इन मोहर्रम के दिनों में अपने सभी प्रोग्राम कैंसिल करके अपने त्यौहार को मनाते हैं, उन्होंने कहा कि सात आठ साल की उम्र से ही वह मंचों पर अपने फन का जादू करने लगे थे जिसके चलते धीरे-धीरे कामयाबी मिली तो उसके साथ-साथ शोहरत भी इतनी मिली कि वह लंदन, अमेरिका, मॉरीशस, सिंगापुर में जाने कितने विदेश में कई ऐसे कार्यक्रम करके आए हैं कुछ समय पहले दिल्ली मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने भी वह अपनी एक देशभक्त से उत्प्रोत कव्वाली गा चुके हैं जिसको सुनकर प्रधानमंत्री की आंखों में आंसू आ गए थे कि वहां भी अपने मातृभूमि शाहपुर का जिक्र जरूर करके आए हैं।

उन्होंने कहा कि यहां की जनता लड़ाई झगड़ा नहीं चाहती है लेकिन राजनीतिक लोग अपने निजी लाभ के लिए जनता को बहका लेते हैं उन्होंने कहा कि उनकी हर गजल हर कव्वाली प्यार मोहब्बत से रहने की सीख देती है पुलवामा हमले के दौरान उन्होंने डेढ़ घंटे का एक प्रोग्राम दिल्ली में किया था जिसको खूब सराहा गया था जिसमें उनकी चार लाइनों को लोगों ने पसंद किया था। ये वलियो की धरती ये ऋषियों की भूमि ये हिंदू मुसलमान सबका चमन है। मुझे नाज है मातृभूमि पर यारों ये भारत के जो मेरा प्यारा वतन है उन्होंने कहा हम भारत में पैदा हुए हैं हम सब एक हैं हमें आपस में प्यार मोहब्बत के साथ रहना चाहिए है वह किसी भी धर्म और मजहब से परहेज नहीं करते हैं कस्बे के ही घुंघरू वाले के नाम से एहसान भारती और पिक्चरों में गाना देने वाले जावेद अली और सलामत शाहपुर की ऐसी शख्सियत है जिन्होंने शाहपुर का नाम दूर-दूर तक पहुंचा है चांद कादरी ने बताया कि 30 साल पहले जब ना मोबाइल था ना इंटरनेट था तब 3000 किलोमीटर से लेकर 5000 किलोमीटर तक शाहपुर को पहचान दी शाहपुर के लोग बहुत प्यार करते



है इसी लिए वह त्यौहार को अपनी सरजमीं पर मनाकर अपने ऊपर गर्व महसूस करते हैं।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र आकाश उसकी पत्नी अंकिता पत्नी आकाश मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है। आकाश व उसकी पत्नी अंकिता मेरे व पूरे परिवार से लडाई झगडा करते है और परेशान करते है आकाश का गलत लोगों में उठना बैठना हो गया है जो परिवार के लोगों से मारपीट करता है। पति-पत्नी उन्हे झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दे रहे है काफी समझाने के बाद भी आकाश व उसकी पत्नी उनकी बात मानने को तैयार नहीं। इसी के चलते मैने व मेरे परिवार ने आकाश व अंकिता से संबंध विच्छेद कर लिए है और अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। दोनो के द्वारा किए गए गलत कृत्य व लेन-देन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**बिजेन्द्र पुत्र राम सिंह**
**निवासी-ग्राम सहावली**
**थाना नई मंडी**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# उमंग बालियान का कबड्डी स्पोर्टस ट्रेनिंग में चयन

**मुजफ्फरनगर।** एमडीएस विद्या मन्दिर इण्टर कॉलिज, मिल मन्सूरपुर के छात्र उमंग बालियान का साई स्पोटर्स एकेडमी, जयपुर में कबड्डी स्पोर्ट ट्रेनिंग के लिए चयन हो गया है। इस खुशी में विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में उसका अंगवस्त्र, फूल मालाएँ पहनाकर एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

सम्मान समारोह का शुभारंभ सुक्रमपाल, विद्यालय प्रबन्धक सन्दीप कुमार प्रधानाचार्य अनिल कुमार, संच. ालक अनिल शास्त्री एवं कबढी कोच अंकित खेरवाल के द्वारा मां सरस्वती के छविचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बताया कि विद्यालय के छात्र उमंग बालियान ने 20 मार्च को जयपुर में साई ट्रेंनिग सैन्टर में कबढी खेल का ट्रायल दिया था इसके बाद छात्र उमंग बालियान का साई ट्रेंनिग सैन्टर, जयपुर में स्पोर्ट ट्रेनिंग





के लिए क्वालीफाई किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) भारत सरकार के खेल मंत्रालय के अधीन एक प्रमुख संगठन है, जिसका उद्देश्य देश में खेलों को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों को प्रशिक्षण तथा अन्य आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करना है। उन्होने कहा कि विद्यालय आगे भी इस तरह के विद्यार्थी तैयार कर आगे भेजता रहेगा।प्रबन्धक सन्दीप कुमार ने कहा कि निश्चित ही विद्यालय के छात्र उमंग बालियान का साई ट्रेंनिग सैन्टर, जयपुर में स्पोर्ट ट्रेनिंग के लिए क्वालीफाई करना क्षेत्र एवं हम सभी के लिए गौरव की बात है। विद्यालय के संचालक अनिल शास्त्री ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करें और फिर संकल्प शक्ति के साथ उसे प्राप्त करने के लिए जुट जायें।सुक्रमपाल ने कहा कि उमंग बालियान ने अपनी मेहनत और संघर्ष से खेल में यह सफलता प्राप्त की, तो इसके पीछे शिक्षक का लगातार प्रोत्साहना, मार्गदर्शन और समर्थन था।

विद्यालय के स्पोर्ट कोच अंकित खेरवाल ने कहा कि सफलता प्राप्त करने का कोई भी शार्टकट नही होता वह तो केवल अथक एवं निरन्तर परिश्रम चाहती है। इस सफलता के पीछे उत्तर प्रदेश कबढी संघ महासचिव राजेश कुमार सिंह, सह सचिव ओम्पलिक खेल संघ जिला मुजफ्फरनगर रामपाल सिंह, विद्यालय प्रबन्धक संदीप मलिक, प्रधानाचार्य अनिल कुमार, संचालक अनिल शास्त्री और विशेष रूप से कबढी कोच अंकित खैरवाल का मार्गदर्शन तथा विद्यालय के समस्त टीचर्स का आशीर्वाद है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापक अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन अनिल शास्त्री ने किया।

**सूचना**

मेरे पुत्र **मौ0 बुसरान** (जन्म तिथि-09/03/2011) के जन्म प्रमाण पत्र सं. 2588 दिनांक 25.03.2011 मे गलती से पिता का नाम **मुजम्मिल** अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक एवम सभी अभिलेखों में मेरा नाम **मुजम्मील अहमद** है और भविष्य मे भी मुझे इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु सम्बन्धित विभाग मे आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक, मुजम्मील अहमद पुत्र इमामुद्दीन, म0नं0 849, सुजड़ू, मुजफ्फरनगर।

**सूचना**

मेरे पुत्र **सोफीयान** (जन्म तिथि-16/07/2010) के जन्म प्रमाण पत्र सं. 6722 दिनांक 19.08.2010 मे गलती से पिता का नाम **मौ0 साजिद अली** अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक एवम सभी अभिलेखों में मेरा नाम **साजिद अली** है और भविष्य मे भी मुझे इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु सम्बन्धित विभाग मे आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक, साजिद अली पुत्र इमामुद्दीन, म0नं0 849, सुजड़ू, मुजफ्फरनगर।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र **सं. 5232/11.05.2012** में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम **अंशुल** अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगी। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**राजकुमार**
**निवासी: शेखपुरी, शेखपुरी,**
हरिद्वार उत्तराखण्ड-247663

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र **सं. 7997/18.07.2013** में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्री का नाम **प्रियांशी** अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्री का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगी। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**राजकुमार**
**निवासी: शेखपुरी, शेखपुरी,**
हरिद्वार उत्तराखण्ड-247663

**सूचना**

मेरी पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र **सं. 7914/09.09.2010** में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम **विशाल कुमार** अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**राजकुमार**
**निवासी: शेखपुरी, शेखपुरी,**
हरिद्वार उत्तराखण्ड-247663

**Female Staff Required**

**Nawab Azmat Ali Khan Girls Degree College, Muzaffarnagar**

Invites Application for female staff for the post of lecturer in Computer Science And English- Apply with resume and recent passport size photograph with hand written Application.

Eligibility :- According UGC Norms

**Contact**
Azmat Bagh Arya Samaj Road-Muzaffranagar (U.P.)
Mo.No. 0131-2622191, 9012846455
naakgirlscollege@gmail.com

MANAGER
(DR NAWAZ DEOBANDI)
9319155237

# मोहर्रम के जुलूस में गूंजी या हुसैन की सदाएं

## शहर में कड़ी सुरक्षा के बीच निकाला गया आठ मोहर्रम का जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** या हुसैन, या हुसैन की सदाओं के साथ शहर में आठ मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। शिया सोगवारों ने सीनाजनी की। जुलूस में जुलजुना (इमाम का घोडा) बरामद हुआ।

इमाम हुसैन की शहादत का जिक्र सुन शिया समाज के लोग जार-जार रोए। जायरीन जुलूस में आगे-आगे अलम और ताजिया लेकर चले। बल्लन मियां-अच्छन मियां के अजाखाने पर मजलिस हुई। मिम्बर-ए-रसूल से मौलाना गौहर अब्बास जैदी ने अहलेबैत का मर्तबा बयान किया। कहा कि अब से 1400 साल पहले कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन ने अपने नाना के दीन को बचाने के लिए राहे खुदा में शहादत पेश की थी। मर्सियाख्वानी नुसरत जैदी ने की। मजलिस के बाद जुलूस बरामद हुआ। जुलूस मोहल्ला गढी गोरवान होते हुए शहर के मुख्य रास्तों से खालापार में इमामबारगाह आरफीयान पहुंचा। जुलूस के दौरान जुलजनाह की जियारत कर शिया सोगवार जार-जार रोए। समाज के लोग जुलूस में नोहाख्वानी और सीनाजनी करते हुए आगे बढे। इस दौरान शहर के सभी इमामबाड गांव से शिया समाज के लोग शामिल रहे।



## किसान को सांप ने डसा, हालत गंभीर

**मीरांपुर।** कस्बे के मोहल्ला मुस्तर्क निवासी किसान शाहिद खान पुत्र अब्दुल वाहिद को शुक्रवार सुबह खेत में पानी चलाते समय सांप ने डस लिया।

यह घटना उस वक्त हुई जब शाहिद खान ग्राम रसूलपुर के जंगल में स्थित भैरो मंदिर के पास एक तालाब से अपने खेत की नाली साफ कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। सांप के डसते ही शाहिद खान की हालत बिगड़ने लगी और वह शोर मचाने लगे। उनकी आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे अन्य किसान मौके पर पहुंचे और उनके परिजनों को जानकारी दी। परिजन तुरंत उन्हें मुजफ्फरनगर जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताई और उपचार शुरू किया।

परिजनों के अनुसार, समय रहते इलाज मिलने के कारण अब उनकी हालत में सुधार हो रहा है और डॉक्टरों ने जल्द ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी देने की संभावना जताई है। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट

## डीएम-एसएसपी ने शिविर संचालकों के साथ किया मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आगामी कांवड़ यात्रा की तैयारी को लेकर समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने जनपद के सभी कांवड़ सेवा शिविर संचालकों के साथ बैठक की। जिसमे साफ-सफाई, मोबाइल टॉयलेट, बिजली, पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग भी प्रशासन के समक्ष रखी गई।

बैठक में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सभी शिविर संचालकों को आश्वस्त किया कि उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जाएगी। एसएसपी संजय वर्मा ने भी सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर ठोस इंतजाम करने की बात कही। प्रशासन की ओर से कांवड़ शिविरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए गए ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। साथ ही प्लास्टिक के उपयोग से परहेज, गैस सिलेंडर को खुला न छोड़ने, और पानी को बिजली के तारों के पास न रखने जैसे दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।

बैठक में जनपद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के कांवड़ सेवा शिविर संचालकों की भागीदारी रही, जिससे यात्रा को सकुशल और सुरक्षित संपन्न कराने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया।

बैठक में एडीएम प्रशासन संजय कुमार, एडीएम वित्त गजेंद्र सिंह, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एसपी ट्रैफिक अतुल चौबे, सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर सहित जिले के सभी सीओ, एसडीएम, सीएफओ, नगरपालिका अधिकारी एवं गन्ना अधिकारी मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: कांवड़ की तैयारियों की समीक्षा करते डीएम व एसएसपी।

## जौला यूथ क्लब ने किया वृक्षारोपण

**बुढाना।** जोला यूथ क्लब द्वारा बुढाना कस्बे के कांधला रोड पर स्थित वृक्षारोपण अभियान चलाया। राशिद राणा का कहना है कि हम सबको अपनी जिंदगी में कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए। अगर हम सबने यही ठान ली तो प्रदूषण को काबू में किया जा सकता है।

इस दौरान इरफान राणा ने कहा कि पिछली बार हमने कुछ पेड लगाए थे जो आज फिलहाल काफी अच्छी तंदुरुस्ती में हैं और अब की बार भी सैकडो पेड लगाने की हमारी इच्छा है। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से जीशान अहमद, इरफान राणा, राशिद राणा, शाहिद राणा, आमिर अली, और महराज खान आदि लोगों ने बढ चढकर वृक्षारोपण किया।

## ग्राम विकास अधिकारी विजय कुमार को सदर ब्लॉक से हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरनगर प्रकरण में डीडीओ प्रमोद यादव ने ग्राम विकास अधिकारी विजय कुमार के खिलाफ कार्रवाई की है। विजय कुमार को सदर ब्लाक से हटाकर चरथावल ब्लाक में भेजा गया है। शेरनगर में तालाब की सफाई न होने के कारण तीन वर्षीय बच्चे की कवाडे में अटक कर मौत हुई थी। बच्चे का शव कई दिन बाद बरामद हुआ था। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त ग्राम विकास अधिकारी पर कडी कार्रवाई होनी चाहिए। कई दिन पूर्व हुई बारिश में गांव शेरनगर के एक खुले नाले में रोहताश प्रजापति का तीन वर्षीय मासूम पुत्र अवि बहकर गांव के तालाब तक पहुंच गया।

जिसके बाद वह लापता हो गया। यह हादसा इतना दर्दनाक था कि गांव का प्रत्येक व्यक्ति व्याकुल और स्तब्ध हो उठा।

जिला प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से राहत और बचाव कार्यों को सक्रिय किया। मेरठ से विशेष नाविक टीम को बुलाकर तालाब व नाले में बच्चे की तलाश के लिए सघन अभियान चलाया गया। कई दिन बाद उक्त बच्चा का शव तालाब से बरामद किया गया। तालाब के कबाडे में बच्चा अटका रहा। इस तालाब की सफाई न होने के कारण यह हादसा हुआ है। डीडीओ प्रमोद यादव ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी विजय कुमार पर कार्रवाई की गई है। उन्हें सदर ब्लाक से हटाकर चरथावल ब्लाक में भेजा गया है। इसके अलावा अन्य ग्राम विकास अधिकारी व सचिव के भी ट्रांसफर किए गए है।

### संक्षिप्त समाचार

## अन्तर्राज्यीय गिरोह के शातिर भोपा पुलिस के हत्थे चढ़े

**भोपा।** भोपा पुलिस ने अन्तर्राज्ययीय गिरोह को संचालित करने वाले शातिर सरगना सहित उसके पांच साथियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरों से पूछताछ कर क्षेत्र तथा क्षेत्र से बाहर ट्यूबवेल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए चोरी के सामान को बरामद किया गया है।

गिरफ्तार शातिर चोरों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के मोरना- भोपा मार्ग पर चीनी मिल करहेडा राजवाहा पटरी पर छापेमारी की, जहां पुलिस ने संदिग्ध हालत में छः व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्तियों ने अपना नाम सोनू पुत्र गोकल निवासी शुक्रताल, वकील पुत्र नफीस निवासी आजाद चौक, शामली, काला उर्फ सोनू पुत्र राजपाल निवासी कपूरी, थाना नकुड, सहारनपुर, जयकुमार पुत्र रघुवीर निवासी झबीरन, थाना बडगांव, सहारनपुर, रोशन पुत्र सहेला, निवासी लालवाला, थाना चिलकाना, सहारनपुर, युसुफ पुत्र लईक, निवासी माता मंदिर के पास, गौशाला रोड, शामली बताए। पूछताछ के दौरान चोरों ने बताया कि वह सरगना जयकुमार के साथ मिलकर टड्बवैल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। जिनमें जनपद के थाना भोपा सहित ककरौली, फुगाना, बुढाना, भौरा कलां थाना क्षेत्र में चोरी की घटना की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। साथ ही निकटवर्ती राज्य हरियाणा के सोनीपत, पानीपत आदि स्थानों पर भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। थाना भोपा क्षेत्र के गांव जौली के जंगल सहित दो अन्य स्थानों पर टड्बवैल पर चोरी करना स्वीकार किया है। चोरों से पुलिस ने तांबे के तार, क्वायल, टूटी मोटर का सामान, केबल, स्टार्टर आदि सामान बरामद हुआ है। जयकुमार, सोनू, काला, रोशन के साथ मिलकर ट्यूबवैल पर चोरी को अंजाम देते थे तथा वकील व युसुफ को सामान लाकर बेचते थे। बाद में वकील व युसुफ भी चोरी की घटनाओं में शामिल हो गये। थाना प्रभारी निरीक्षक ने आगे बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति क्षेत्र मे चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक मे थे।चोरों से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

## बुढ़ाना में मोहर्रम व कावंड़ यात्रा को लेकर किया फ्लैग मार्च

**बुढ़ाना।** कस्बे और क्षेत्र मे आगामी मोहर्रम एवं कांवड़ यात्रा को पूर्ण रूप से सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से सहारनपुर परिक्षेत्र के डीआईजी अभिषेक सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना पुलिस बल के द्वारा शुक्रवार की देर सायं फ्लैग मार्च किया। जिसमें एसपी देहात आदित्य बंसल ने अपने अधिनस्थ अधिकारियों को इन त्यौहारों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी देहात आदित्य बंसल ने कस्बे के प्रमुख चौराहों, सभी बाजारों, संवेदनशील स्थानों के साथ साथ मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होने फ्लैग मार्च कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को लगातार भ्रमणशील रहकर पेट्रोलिंग करने, ड्रोन के माध्यम से छतों एवं संवेदनशील स्थानों की निगरानी करने और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस बल ने कोतवाली परिसर से फ्लेग मार्च शुरु किया। जो कि कांधला रोड, बड़ौत रोड, डीएवी रोड, पैंठ बाजार, भारत चौक, पारसी बस स्टैंड व पुरानी सब्जी मंडी को निकलकर कस्बा चौकी पर समाप्त किया। यहां सीओ गजेंद्र पाल सिंह, कोतवाल आनंद देव मिश्र, क्राइम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह, एसएसआई ललित कुमार शर्मा, कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार समेत भारी पुलिस बल मौजूद था।

## मीरांपुर में मजलिस में करबला के शहीदों को किया याद

**मीरापुर।** मोहर्रम की 8 तारीख को मीरापुर के मोहल्ला मुस्तर्क स्थित सैयद नजीर हैदर जैदी के आवास पर एक मजलिस का आयोजन किया गया। इस मजलिस को मौलाना आदिल मंजूर जौनपुरी ने खिताब किया। मौलाना ने अपने बयान में कर्बला के शहीदों की कुर्बानियों को याद करते हुए कहा कि हजरत इमाम हसन, इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत इतिहास की वह अमिट कहानी है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि कर्बला का संदेश इंसानियत, सच्चाई और अन्याय के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक है। मजलिस के दौरान मिन्हाल अब्बास द्वारा पुरअसर नोहा खानी की गई, जिससे उपस्थित जनसमूह की आंखें नम हो गईं। वहीं, मर्सिया ख्वानी नजर हसनैन किथोड़ा द्वारा की गई, जिन्होंने अपने कलाम से माहौल को और अधिक गमगीन बना दिया। इस मजलिस में शिया-सुन्नी दोनों समुदायों के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। मजलिस में मुख्य रूप से सैयद हैदर मेहंदी जैदी, सैयद नजीर हैदर जैदी, शौकत रजा, एजाज हैदर, शाहीन राजा, मजहर अब्बास, शब्बीर हैदर, एनुअल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम पूरी श्रद्धा, अनुशासन और भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजकों ने उपस्थित सभी लोगों का आभार जताते हुए कर्बला के पैगाम को समाज में फैलाने की अपील की।

# गंगा का जलस्तर बढ़ा, सतर्क हुए ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** शिवालिक पहाड़ियों पर हो रही मूसलाधार बारिश के चलते गंगा नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका प्रभाव मीरापुर स्थित गंगा बैराज पर भी देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को बैराज से 65,944 क्यूसेक पानी का निस्तारण किया गया। हालांकि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन प्रशासन ने एहतियात के तौर पर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

गंगा बैराज के वरिष्ठ अधिक. ारी बृजेश मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि गंगा का खतरे का निशान 221.5 मीटर निर्धारित है, जबकि शुक्रवार को गंगा का जलस्तर 219.6 मीटर दर्ज किया गया। यह खतरे के निशान से नीचे है, परंतु बारिश का सिलसिला जारी रहने के कारण जलस्तर में और वृद्धि की संभावना बनी हुई है।

उन्होंने बताया कि शिवालिक क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही है, जिससे नदियों में पानी का बहाव तेज हो गया है। इस कारण गंगा के किनारे बसे गांवों को बाढ़ की संभावना को लेकर सतर्क किया गया है। गांवों में प्रशासन द्वारा मुनादी कराकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की जा रही है। प्रशासन और जल विभाग की टीमें लगातार जलस्तर पर निगरानी बनाए हुए हैं। साथ ही संभावित बाढ़ से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ग्रामीणों ने भी एहतियातन आवश्यक सामान ऊंचाई वाले स्थानों पर रखना शुरू कर दिया है।

## पिछड़ा व वंचित समाज सेवा समिति की बैठक सम्पन्न

**खतौली।** पिछड़ा व वंचित समाज सेवा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक खतौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चंदपुरी में समिति के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट दिनेश कुमार सैनी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्यों ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की और समाज के अंतिम पायदान तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी ग्राम पंचायत चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए समिति का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट कर समाज की समस्याओं एवं सुझावों को प्रस्तुत करेगा। बैठक की अध्यक्षता राकेश सैनी पुत्र स्वर्गीय रामपाल सिंह सैनी (विधायक) ने की। बैठक में प्रमुख रूप से अशोक सैनी, एडवोकेट रोहित सैनी, एडवोकेट राजेंद्र सैनी, अरुण कुमार, मोनू, बीरसिंह, आशीष, सोहनबीर, प्रीति, सुशीला देवी, स्वीटी व सोहनबबीरी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में समाज को एकजुट करने, युवाओं को राजनीति व सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने तथा शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में पिछड़े वर्ग को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक का संचालन करते हुए दिनेश कुमार सैनी एडवोकेट ने सभी का आभार जताया।

## बुढ़ाना के सपा नगर अध्यक्ष बने ताज नम्बरदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी ने बुढ़ाना नगर अध्यक्ष पद पर ताज़ नंबरदार की नियुक्ति की है। इस मौके पर पार्टी ज़िलाध्यक्ष ज़िया चौधरी ने औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि ताज़ नंबरदार एक जुझारू, कर्मठ व ज़मीनी कार्यकर्ता हैं। जिनका समाज में मजबूत जनाधार है।

पार्टी को बिश्वास है कि उनकी नियुक्ति से नगर में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। पार्टी की नीतियों और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में ताज़ नंबरदार की अहम भूमिका रहेगी। पार्टी ऐसे युवाओं को आगे लाना चाहती है जो समाज में भाईचारा, विकास और संविधानिक मूल्यों की रक्षा को लेकर गंभीर हैं। नव नियुक्त नगर अध्यक्ष ताज़ नंबरदार ने जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि वे संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने, सभी वर्गों को जोड़ने तथा युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी ही एकमात्र विकल्प है जो हर वर्ग की आवाज़ बन सकती है।

यहां वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान ज़िलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे एकजुट होकर आने वाले चुनावों की तैयारी करें और समाजवादी आंदोलन को मजबूती दें।

## बीएड परीक्षा में बीआईटी के अमित रहे टॉपर

■ भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ने इस बार भी मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** भगवन्त ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित 'भगवन्त कॉलेज ऑफ एजुकेशन' के बी.एड. द्वितीय वर्ष के छात्रों का परीक्षा परिणाम मां शाकंभरी विश्व. विद्यालय द्वारा घोषित कर दिया गया है। इस वर्ष के परिणाम में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। अमित कुमार ने 80.78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं प्रियांशी ने 79.78 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा रिद्धिमा चौधरी ने 78.28 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।



अमित कुमार ने पाई फस्ट पॉजीशन 80.78 प्रतिशत

सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपने कठिन परिश्रम को दिया। इस उपलब्धि पर संस्थान में हर्ष का माहौल है।

निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, सह निदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा, जनरल मैनेजर सीए दुष्यंत कुमार, डीन डॉ. अजय सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ. कावेन्द्र यादव, कपिल शर्मा, तनुष देओल, दिव्य सिंह सहित समस्त शिक्षकों ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं दीं। डॉ. कावेन्द्र यादव ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि बिना साधना के कोई भी लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता।

ज्ञान का सर्वोत्तम स्थान शिक्षण संस्थान होते हैं, जहां से दूर रहकर पूर्ण ज्ञान की कल्पना नहीं की जा सकती।

# डीएम ने अफसरों के साथ घूम कर देखा मोहर्रम जुलूस मार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मोहर्रम पर निकलने वाले जुलूस को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्था के बीच निकलवाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। शुक्रवार को प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की टीम ने शहर के विभिन्न जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया और तैयारी का जायजा लिया। एडीएम, सीओ सिटी, नगर पालिका ईओ पुलिस बल और संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ डीएम उमेश मिश्रा ने मिलकर उस मार्ग पर पैदल चलकर निरीक्षण किया, जहां से मोहर्रम को मुख्य जुलूस गुजरता है। अधिकारियों ने सडध्क की जल निकाली व्यवस्था, साफ-सफाई, ट्रैफिक और सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थानों की गहन समीक्षा की। मोहम से पहले सड़क मरम्मत कार्य, नालियों की सफाई और जगह-जगह लटकते बिजली के तारों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि जुलूस मार्ग पर किसी प्रकार अवरोधक हो तो उसे हटा दिया जाए। पुलिस को भीड नियंत्रण के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स और सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि



आपसी भाईचारे और शांति प्रतीक है। इसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। ड्रोन कमरों की जांच और संवेदनशील स्थानो पर विशेष फोर्स की तैनाती की जाए। अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों और जुलूस आयोजकों से अपील की कि से प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना प्रशासन को दें। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका, विद्युत विभाग की अभियंता, जल निगम, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में जैनो पर हो रहा अत्याचार: गौरव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** गौरतलब है कि गुजरात के जूनागढ़ में जैन तीर्थ गिरनार स्थित है जहाँ की पांच टोंक जैन आस्था,तपस्या व मोक्ष का प्रतीक हैं जहां अनेको तपस्वीयों को केवल ज्ञान व मोक्ष प्राप्त हुआ वहीं जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान की तपस्या व निर्वाण स्थली भी इसी पर्वतराज की पांचवी टोंक है हाल ही में 2 जुलाई को तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का निर्वाण दिवस था जिस अवसर पर हजारों जैन श्रद्धालु गिरनार यात्रा पर गये थे जहां पूरी यात्रा लगभग 10000 सीढियां होती है व रास्ते में चार टोंको पर दर्शन कर धर्म लाभ लेते हुए श्रद्धालु 5वी टोंक पर पहुंचते हैं व निर्वाण लडू व अन्य पूजा सामग्री चढ़ा कर पूजा करते हैं लेकिन 2016 के बाद से असामाजिक तत्वों की अराजकता के चलते वहां यह लाडू व पूजा सामग्री नही चढ़ पा रही है जिस कारण जैन समाज इस मुद्दे पर लगातार आंदोलनरत है।

सपा नेता व जैन एकता मंच युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव जैन ने गिरनार मुद्दे पर जैनो की आवाज उठाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का धन्यवाद करते हुए बताया कि निर्वाण लाडू चढ़ाने गिरनार पहुँचे जैन श्रद्धालुओं से जब उनकी बात हुई तो पता लगता कि जो भाजपा आज तक कब्जाधारी असामाजिक तत्वों को पर्दे के पीछे से मदद करती प्रतीत होती थी।

इस बार वह भाजपा सरकार जैनो के साथ खुला धोखा करते हुए खुल कर उन असामाजिक तत्वों की मदद करने लगी है जिसका प्रतीक यात्रा से पहले सरकार के निर्देश पर लगा वह नोटिस बोर्ड है जिसे प्रशासन ने लगाया था व चेतवानी दी थी कि यात्रा के दौरान प्रथम टोंक के बाद यदि किसी जैन ने धार्मिक नारे लगाए अथवा किसी से पूजा सामग्री या लाडू बरामद हुआ तो उस पर प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी और इस नोटिस की आड़ में अनेको यात्रियों से अभद्रता भी की गयी।

हमारी मांग है कि जैन तीर्थ गिरनार पर 17 फरवरी 2005 को न्यायालय द्वारा दिये गए आदेशो का अनुपालन हो जिसके तहत जैन अपनी पद्धति के अनुसार पूजा अर्चना कर सकते हैं व वहां से अवैध रूप से स्थापित वस्तुओँ का हटाया जाना है और ऐसा न होने पर जैन समाज अपने आंदोलन को और तेज करेगा।

## हरिद्वार के लिए बीस अतिरिक्त बसों का होगा संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कांवड यात्रा के मद्देनजर परिवहन निगम मुजफ्फरनगर ने रोडवेज बसों के संचालन की सभी तैयारी पूर्ण कर ली है।

हरिद्वार के लिए रोडवेज द्वारा वर्तमान में 57 बसों का संचालन किया जा रहा है, वही कांवड यात्रा के दौरान 20 अतिरिक्त रोडवेज बसों का संच. ालन हरिद्वार के लिए किया जाएगा। इस दौरान रोडवेज में कार्यरत चालक-परिचालकों की छुटी पर भी रोक लगाई जाएगी। वहीं हरिद्वार रूट पर बसों के अतिरिक्त फेरे बढघने की तैयारी भी रोडवेज द्वारा की जा रही है। आगामी 11 जुलाई से कांवड यात्रा शुरू होने जा रही है। जिसके चलते परिवहन विभाग ने भी तैयारी शुरू कर दी है। मुजफ्फरनगर परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबन्धक प्रभात कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया की मुजफ्फरनगर परिवहन विभाग द्वारा कांवड यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए 20 अतिरिक्त रोडवेज बसों का संचालन किया जाएगा। वर्तमान में हरिद्वार के लिए 50 निगम व 7 अनुबंधित बसों का संचालन किया जा रहा है।

वहीं सभी बसों की नियमित तकनीकी जांच की जा रही है। साथ ही सफाई और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यात्रा के दौरान हर स्तर पर निगरानी रखी जाएगी। श्रद्धालुओं को किसी तरह की असु. विधा न हो, इसका पूरा ध्यान परिवहन विभाग द्वारा रखा जाएगा। उन्होने बताया की हर साल लाखों शिवभक्त गंगाजल लेने हरिद्वार और ऋषिकेश के लिए जाते हैं, आवश्यकता पडने पर परिवहन विभाग द्वारा बसों के फेरे भी बढाए जाने की तैयारी की जा रही है।

## जुआ खेलते पकड़े गए पांच शातिर आरोपी

**मीरापुर।** पुलिस द्वारा शातिर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के अंतर्गत गुरूवार की देर रात ग्राम गढ़ी रसूलपुर में बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में शानू पुत्र इसरार एवं वसीम पुत्र याकूब, दोनों निवासी मोहल्ला मुश्तर्क, थाना मीरापुर, किरणपाल पुत्र रामस्वरूप, मोहम्मद परवेज पुत्र इब्राहीम तथा आसिफ पुत्र मनव्वर, तीनों निवासी गढ़ी रसूलपुर थाना मीरापुर को भी मौके से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों को ग्राम गढ़ी रसूलपुर स्थित आसिफ पुत्र मनव्वर के मकान से ताश की गढी व जुए में लगाए गए कुल 2740 रूपये नकद के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कांवड़ मार्ग के निरीक्षण को कैराना पहुंचे डीआईजी सहारनपुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** डीआईजी सहारनपुर अभिषेक सिंह ने कैराना पहुंचकर यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर स्थित यमुना ब्रिज तक कांवड़ मार्ग का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मातहतों को रुट डायवर्जन, ट्रैफिक कंट्रोल एवं दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



शुक्रवार को सहारनपुर क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह कैराना पहुंचे। जहां पर उन्होंने यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना ब्रिज तक कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आगामी श्रावण मास में शुरू होने जा रही कांवड़ यात्रा को लेकर स्थानीय पुलिस-प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में उनके द्वारा सहारनपुर परिक्षेत्र में पड़ने वाले कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया जा रहा है। एक दिन पूर्व मुजफ्फरनगर क्षेत्र में स्थित कांवड़ रुट का निरीक्षण किया गया था, जबकि शुक्रवार को जनपद शामली के कांवड़ मार्ग पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान कांवड़ मार्ग पर पुलिस की ओर से कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं को परखा जा रहा है। साथ ही, जहां किसी भी प्रकार की कमी नजर आ रही है, सम्बंधित अधिकारियों को उसे अविलंब दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया गया है। कांवड़ मार्ग पर होने वाले पुलिस डिप्लॉयमेंट, ट्रैफिक कंट्रोल व रुट डायवर्जन आदि विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जा रहा है। कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी जनहानि को रोकना पुलिस की प्राथमिकता में रहेगा। कांवड़ मार्ग पर लगने वाले सेवा शिविरों, स्वयं सेवी संस्थाओं के जिम्मदार लोगो से भी संवाद स्थापित किया जा रहा है। डीआईजी ने अधिकारियों को कांवड़ यात्रा के दौरान यमुना में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को कहा है। एसपी शामली रामसेवक गौतम, एएसपी संतोष कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## दुष्कर्म करने का वांछित आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ईंट भट्टे से किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने एवं दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

28 जून को कैराना कोतवाली पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर कर ले जाने एवं दुष्कर्म करने के मामले में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। शुक्रवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम द्वारा महिला अपराधों में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने एवं दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी दिनेश कुमार निवासी ग्राम सिहावली थाना कैला देवी जनपद संभल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी दिनेश कुमार कैराना क्षेत्र में स्थित एक ईंट भठे पर कार्य करता था।

# ट्रक की टक्कर से बुलेट सवार पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे वेदखेड़ी तिराहे पर तेज रफ्तार ट्रक ने बुलट सवार बाप बेटे को कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पीएम के लिए भेजा, वहीं बाप बेटे की मौत से परिजन गमजादा हैं। मृतक बीडीसी सदस्य था,जो अपने 6 वर्षीय बेटे के साथ झिंझाना से अपने गांव तिसंग वापिस जा रहा था। शुक्रवार की देर शाम को क्षेत्र के गांव तिसंग निवासी बीडीसी सदस्य कौसर उम्र 40 वर्ष पुत्र बासा अपने पुत्र फरहान उम्र 6 वर्ष के साथ बुलेट पर झिंझाना किसी काम से आया था। जब बाप बेटा झिंझाना से वापिस अपने गांव लौट रहे थे तभी मेरठ करनाल हाईवे वैदखेडी मौड पर





शामली की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बुलेट में टक्कर मार दी, जिसमें बाप बेटे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया है, वहीं बाप बेटे की दर्दनाक मौत से गांव में शौक की लहर दौड़ गई। कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया घटना की सूचना मिली थी। कौसर व उसके पुत्र फरहान की दर्दनाक मौत हो गई। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जिलेभर में हुआ पौधारोपण



थानाभवन



चौसाना



शामली




ऊन।

**शाह टाइम्स टीम**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए वृक्षारोपण अभियान 2025 की भव्य शुरुआत की गई। एक पेड़ मां के नाम थीम के अंतर्गत शुक्रवार, दिनांक 04 जुलाई 2025 को कृष्णा नदी के किनारे स्थित नगर पंचायत की लगभग 3 बीघा रिक्त भूमि पर ह्अटल वनह् की स्थापना की गई।

इस मौके पर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा एवं अध्यक्षा मुशयदा के नेतृत्व में करीब 600 पौधों का रोपण किया गया। इस अटल वन में पीपल, नीम, जामुन, अर्जुन, सहजन, गुलमोहर, अमलतास जैसे विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं औषधीय वृक्षों को शामिल किया गया है। इस वन का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाना है, बल्कि भावनात्मक रूप से हर नागरिक को एक वृक्ष से जोड़ना भी है। कार्यक्रम में नगर पंचायत के सभी सभासदगण, कर्मचारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और वृक्षारोपण कर अभियान को सफल बनाया। मौके पर उपस्थित लोगों ने इस मुहिम को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और अपने-अपने स्तर से संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली।हएक पेड़ मां के नामह अभियान के तहत नगरवासियों से अपील की जा रही है कि वे अपने माता-पिता या प्रियजनों के नाम से कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं और उसकी देखभाल को अपना दायित्व समझें।यह वृक्षारोपण न केवल आने वाली पीढ़ियों के लिए शुद्ध वायु और हरियाली का आधार बनेगा, बल्कि थानाभवन में एक हरित धरोहर अटल वन के रूप में अपनी विशेष पहचान भी बनाएगा।नगर पंचायत थानाभवन की यह पहल निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक मिसाल बनेगी।

**चौसाना।** गांव को हराभरा बनाने और बढ़ते तापमान से लड़ने के लिए खिदमत-ए-खल्क चौरिटेबल ट्रस्ट ने बुधवार को चौसाना में पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम चौसाना चौकी परिसर में हुआ, जिसमें ग्रामीणों को मुफ्त में सैकड़ों पौधे बांटे गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और पौधे लेने के लिए उत्सुक दिखे। ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने बताया कि आज हर व्यक्ति को पेड़ लगाना चाहिए, क्योंकि प्रकृति को बचाना अब सबसे बड़ी जरूरत बन गई है। खास बात यह रही कि चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने भी पौध वितरण के बाद खुद पौधे लेकर चौकी परिसर में रोपण किया। पुलिस का यह कदम आम लोगों के लिए प्रेरणा बन गया।

पौध वितरण कार्यक्रम में गांव के कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी तनवीर आलम, अफजल कुरैशी, मश्कूर हाश्मी ॡसदस्य ग्राम पंचायतॠ, डा। इस्तिकार अली, एडवोकेट अबरार चौहान, आशिफ अली, जैद कुरैशी, शारूक कुरैशी और साजिद राणा समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे। गांव के लोगों ने ट्रस्ट के इस कार्य की खुलकर सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि गांव की जलवायु बदल रही है, गर्मी का स्तर पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अगर अब भी हम सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एक-एक पौधा लेकर अपने खेतों और घरों में लगाने का वादा किया। ट्रस्ट ने बताया कि इस अभियान को और गांवों में भी चलाया जाएगा, जिससे हर कोना हराभरा हो सके। ग्रामीणों ने अपील की कि हर व्यक्ति साल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाए।

**शामली।** कस्बा बनत के गौशाला में पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। शुक्रवार को रतन एकता ट्रस्ट द्वारा वन महोत्सव के अन्तर्गत पौधारोपण किया। उन्होने एक पेड मां के नाम लगाकर दूसरे को भी ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया साथ ही लगाए गए पौधे की सुरक्षा का संकल्प दिलाया। इस दौरान गौशाला में गौवंशों को हरी घास भी खिलाई गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश कुमार व दीपेन्द्र कुमार ने 250 पौधे लगाने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर दिनेश, दीपेंद्र, मिंटू, सन्नी विर्शाल, मटकी,सुमन, रूबी, मोसीना आदि मौजूद रहे।

**ऊन।** ऊन रेंज द्वारा गंदेवड़ा संगम घाट पर 1000 पौधों का वृहत वृक्षारोपण एवं भंडारा कार्यक्रम आयोजित। पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता एवं सेवा कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऊन रेंज, शामली द्वारा आज दिनांक मनहारखेड़ा प्रखंड के गंदेवड़ा संगम घाट पर वृहद पौधरोपण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नहर के किनारे 1000 पौधों का रोपण किया गया तथा उपस्थित लोगों को पौधों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर ऊन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी कृष्णकांत वन दरोगा सतेंद्र सिंह वन दरोगा, रोहित कुमार संदीप राणा, जोगेंद्र कुमार एवं सुमित कुमार सर्वर सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ऊन रेंज के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी अतिथि के रूप में शामिल हुए जिनमें प्रमुख रूप से संजीव जी (मनहारखेड़ा) बिन्नी राणा (जिला सेवा प्रमुख, कार्यक्रम संयोजक) प्रदीप पुंडीर ॡजिला अध्यक्षॠ शालू राणा (जिला मंत्री) नीरज पांचाल (प्रखंड अध्यक्ष) अंकित कश्यप (प्रखंड मंत्री) उपस्थित रहे। अतिथियों ने भंडारे में प्रसाद वितरण की व्यवस्था की तथा पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं, अत: प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि लगाए गए पौधों की देखरेख कर उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखें।क्षेत्रीय वन अधिकारी कृष्णकांत ने विभाग की ओर से सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षा ऋतु में अधिकाधिक पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया है।

## पॉलीथीन के खिलाफ चला अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को नगर पालिका द्वारा शहर की दुकानों पर पॉलीथीन के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान ठेली चालकों व दुकानदारों को कांवड मार्ग पर प्लास्टिक की पॉलीथीन का प्रयोग न करने के प्रति जागरूक किया। शुक्रवार को जन जागरूकता अभियान चलाया गया। नगर पालिका सफाई इंस्पेटर अनिल कुमार द्वारा अभियान चलाकर नागरिकों, व्यापारियों से गई अपील कि सड़क किनारे, नालियों के ऊपर और कपड़े के थेल का ही प्रयोग करें। कहा कि पॉलिथीन का प्रयोग न करें। शामली में हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर नगर क्षेत्र शामली से होकर गुजरना शुरू हो गया है। कावड़ यात्रा को ध्यानपूर्वक रखते हुए कांवड़ियों की यात्रा सफल बनाने के लिए कावड़ मार्ग पर हो रहा अतिक्रमण मुख्य कारण सड़क पर लगे वाले सब्जी, फल के ठेले एवं नालियों के ऊपर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए व्यापारियों दिशा निर्देश दिए गए। सफाई इंस्पेटर अनिल कुमार ने प्रतिबंधित पॉलीथीन अभियान एवं कचरा प्रबंधन नियमों के उल्लंघन के अंतर्गत चांद खान परियोजना विश्लेषक को साथ लेकर पॉलिथीन डिस्पोजल चेकिंग की। इस दौरान ठेलों पर मिली पॉलोथीन को कब्ज किया गया। इस अवसर पर शशिकांत पाहिवाल, दीपक चंद्रा, विनोद कंडेरा, वसीम मलिक आदि मौजूद रहे।

# ट्रक ने कार में मारी टक्कर, कई लोग घायल









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार देर रात्रि शहर के बलवा चौराहे पर एक अनियंत्रित ट्रक चालक ने रेड लाईट पर खडी कार में भीषण टक्कर मारकर एक ही परिवार के करीब एक दर्जन लोगों को घायल कर दिया। हादसे में एक मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

जनपद सहारनपुर क्षेत्र के गंगोह के गांव संगाठेडा निवासी अकरम पुत्र इसलाम अपने परिवार के ही अययूब पुत्र अलीहसन, दिलशाद, और शबनम, दिलशाना, समरियाना, समरीन, शाहनुमा, मुरशीदा को लेकर अपनी रिश्तेदारी में कैराना क्षेत्र के गांव जहानपुरा में कार में सवार होकर आए थे। बताया जाता है कि रात्रि करीब साढे 8 बजे वह जहानपुरा से गंगोह के लिए निकते थे। जब वह बलवा चौराहे पर पहुंचे तो इसी दौरान रेड लाईट हो गई, जिसके बाद चालक अकरम ने कार को रोक दी। आरोप है कि इसी दौरान पीछे से करनाल की ओर से आ रही एक ट्रक चालक ने अपना संतुलन खोते हुए रेड लाईट पर खडी कार में टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि करीब 100 मीटर तक कार घिसटते हुए चली गई और आगे हाईवे पर रखे डिवाईडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार के परखच्चे उड गए और कार में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों को मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस और ग्रामीणों ने कार में फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला। हादसे में एक ढाई वर्ष की मासूम बच्ची महक पुत्री मसरूफ की मौत हो गई, जबकि सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें दिलशाद व शाहनुमा की हालत गंभीर होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने देर रात्रि ही आरोपी चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को कब्जे में ले लिया था।

# कांग्रेस हाईकमान से की पुनर्विचार की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांग्रेस कैम्प कार्यालय निकट बलभद्र मन्दिर पर कांग्रेस की एक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता हापुड़ विधानसभा से पूर्व विधायक गजराज सिंह व संचालन ओमबीर उपाध्याय द्वारा किया गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व सहारनपुर शहर के कोर्डिनेटर ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जनपद शामली के कांग्रेस संगठन के मौजूदा हालात से अवगत कराते हुए पूर्व विधायक के समक्ष जिले के कार्यकर्ताओं की पीड़ा और सांगठनिक हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि पिछले अर्द्धदशक से कांग्रेस संगठन में ऐसे लोगो का कब्जा रहा है जिनकी विचारधारा और कार्यशैली कांग्रेस से मेल नहीं खाती है और ऐसे लोग केवल



अवसरवादिता ओर पद के दुरुपयोग के लिए ही संगठन पर काबिज है जिस कारण मूल कांग्रेसी ओर समर्पित कार्यकर्ता का मनोबल गिरा है और जिले का कांग्रेस संगठन निरतंर पतन की ओर गया है। उन्होंने पार्टी हाईकमान से अपने फैसले पर पुनर्विचार की मांग सभा के माध्यम से की। सभा को अनेक वक्ताओं द्वारा सम्बोधित करते हुए प्रदेश हाईकमान के फैसले को अनुचित व गैर कांग्रेसी विचारधारा वाले लोगो से प्रभावित करार देते हुए पुनर्विचार की मांग की ।। सभा को सुनते हुए मुख्य अतिथि गजराज जी द्वारा आश्वासन देते हुए कहा गया कि जिला शामली से मेरा नाता घर और अति नजदीकियों का रहा है और यहां के सच्चे समर्पित कार्यकर्ताओ ने पार्टी को आगे बढ़ाने का काम किया है आप सभी की पीड़ा को पार्टी हाईकमान के समक्ष रखते हुए आपका पक्ष मजबूती के साथ रखा जाएगा और सभी की एकराय से ही पार्टी हित को ध्यान में रखते हुए संगठन में उचित स्थान की प्रबल पैरवी की जाएगी। सभा मे ज्योति प्रशाद शर्मा, बाबू खान ,प्रवीण तरार, सुरेश पाल सैनी, ओमपाल, ठा. लाखन सिंह ,शेखर चन्द पाल,रविन्द्र आर्य,योगेश भारद्वाज,विनोद अत्रि, बिजेंद्र पाल वर्मा, अमित शर्मा ,सुरेंद्र सरोहा साजिद सैफी आदि कांग्रेसजन उपस्तिथ रहे ।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद शामली ( जनपद-शामली )**

पत्रांक मीमो दिनांक 4.7.25

**आवश्यक सूचना**

नीलामी दिनांक 08.07.2025 समय प्रात: 11:00 बजे की जाएगी।

विवरण- कुडाना रोड स्थित प्रथम तल पर दुकान सं0- 3, 4, 5, 6 (कुल 04 दुकान) जिसमें दुकान सं0-4 अनुसूचित जाति व दुकान सं0-6 पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित रहेगी।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त विवरण के अनुसार उपरोक्त दुकानों के प्रीमियम की नीलामी सार्वजनिक बोली द्वारा की जानी है। जिसके लिए बोलीदाता को अंकन 100000/-रू. प्रति दुकान प्रत्येक बोलीदाता को बोली से पूर्व बोली शुल्क के रूप में जमा कराना अनिवार्य होगा। उच्चतम बोलीदाता को उच्चतम बोली का 1/4 माग धनराशि मौके पर जमा करानी होगी। शेष धनराशि बोली स्वीकृत होने के एक सप्ताह में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। उच्चतम बोली में जमानत के रूप में जमा धनराशि का समायोजन अन्तिम जमा धनराशि में किया जाएगा। किसी भी बोली को या समस्त बोली को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष महोदय / अधिशासी अधिकारी महोदय में निहित होगा। शेष शर्तें किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद शामली के कर विभाग में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद शामली**

## एक नजर

### समस्याओं का जल्द होगा निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला टैक्स बार एसोसिएशन रजिस्टर्ड शामली द्वारा दिनांक 3 जुलाई दिन बृहस्पतिवार को केंद्रीय सेवा एवं वस्तुकार विभाग शामली में पदाशीन हुए अधिकारियों का स्वागत किया गया व साथ ही साथ पंजीयन व पंजीयन के निरस्तीकरण से संबंधित आ रही समस्याओं को अधिकारियों के सम्मुख रखा जिसका अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर विकास शर्मा अध्यक्ष, अनुज कुमार महासचिव, देशपाल सिंह उपाध्यक्ष, दिव्य मित्तल, अनुराग गॉड, सनूज शर्मा, सदाकत अली, मनव्वर हसन, सावेज, शाहनवाज सिद्दीकी, सुरेंद्र सैनी, दीपक कुमार, अमित मित्तल, सचिन गोयल, मोहित गुप्ता, गुफरान सलमानी, मोहनलाल, नीरज शर्मा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### दस लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारीध्बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त को अवैध 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त धर्मवीर पुत्र लक्ष्मीचन्द निवासी ग्राम चढाव थाना कांधला जनपद शामली है।

### अपहरण के षड्यंत्र के मामले में एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत पीड़िता के परिजन द्वारा 25.6.2025 को थाना कैराना पर नामजद लिखित तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा युवती के अपहरण के षडयंत्र के मामले में 01 अभियुक्ता को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा अभियुक्त बोबी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गिरफ्तार अभियुक्ता सोमति पत्नी छोटा उर्फ जोरसिंह निवासी मोई पुल के पास वष्णो धाबा ग्राम पंजीठ थाना कैराना जनपद शामली है।

### कोर्ट ने सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वर्ष 2004 में अभियुक्त प्रदीप पुत्र धर्मवीर निवासी दौराला थाना दौराला जनपद मेरठ के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय एसीजेएम कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधी व 3,000/- रूपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 6 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

### पुलिस लाइन का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस लाईन शामली का निरीक्षण कर, सम्बन्धित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश हैं। पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम द्वारा शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस लाईन शामली का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम पुलिस लाईन में परेड़ की सलामी ली गई। परेड में शामिल अधिकारी कर्मचारियों के टर्नआउट व ड्रिल का मुआयना किया गया। पुलिस लाइन में कर्मचारियों के मैस में भोजन की गुणवत्ता, आवासीय बैरक, शौचालय आदि का भ्रमण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया । इस निरीक्षण में पुलिस लाईन की परिवहन शाखा व यूपी-112 शाखा के वाहनों की स्थिति की जानकारी भी की गई व डॉग स्क्वायड की टीम भी मौजूद रही । परेड के दौरान पुलिस लाइन में जे.टी.सी. प्रशिक्षण अभ्यार्थी भी मौजूद रहे । इसके बाद महोदय द्वारा अर्दली रूम में रजिस्टर चौक किए गए एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय के अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अमरदीप मौर्य व प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह व विभिन्न थानों शाखाओं के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### तमंचे में किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस ने एक अभियुक्त मनोज उर्फ चिन्टन पुत्र सीरीया निवासी ग्राम खानपुर कला थाना झिंझाना जनपद शामली को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा एक कारतूस बरामद किया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# यूरिया खाद वितरण के दौरान आपस में भिड़े किसान, कई चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ब्लॉक क्षेत्र में स्थित बहुद्देश्ईय प्राथमिक ग्रामीण सहक. ारी समितिद्धबी–पैक्सत्र्ञ शेखूपुरा में यूरिया खाद वितरण के दौरान किसानों के दो गुट आपस में भिड़ गए। इस दौरान हुए झगड़े में कई किसान चोटिल हो गए। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए व्यवस्था बनाकर किसानों को यूरिया खाद वितरित कराया।

विगत गुरुवार को ब्लॉक क्षेत्र के गांव शेखूपुरा में स्थित बहुद्देश्ईय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितिद्धबी–पैक्सत्र्ञ में यूरिया वितरण का कार्य चल रहा था। समिति के कर्मचारी किसानों को लाइन में लगवाकर यूरिया वितरित कर रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान पहले यूरिया हासिल करने को लेकर किसानों के दो गुटों में विवाद हो गया। मौके पर मौजूद अन्य लोगो ने उस वक्त तो आपस में उलझ रहे किसानों को समझा–बुझाकर शांत कर दिया। परन्तु, समिति परिसर से बाहर निकलते ही किसानों में फिर से विवाद हो गया। कुछ ही देर में विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी–डंडे व लात–घूसे चले, जिसमें दोनों गुटों के कई लोग चोटिल हो गए। मामला बिगड़ता देख समिति के कर्मचारियों से डायल–112 पर कॉल करके घटना की सूचना दी। इसके बाद, क्षेत्र में तैनात पुलिस रिस्पांस व्हीकलद्धपीआरवीत्र्ञ पर कार्यरत पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने पूरे मामले की जानकारी हासिल की। इसके बाद, समिति कर्मचारियों ने पुलिस की मौजूदगी में यूरिया खाद का वितरण किया। वहीं, समिति सचिव विपिन कुमार का कहना है कि परिवार में महिला की तेरहवीं होने के कारण वह गुरुवार को अवकाश पर थे। समिति कर्मचारियों ने यूरिया वितरण के दौरान कुछ किसानों के आपस में झगड़ने की सूचना उन्हें दी थी। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में यूरिया खाद का वितरण कराया गया।

### यूरिया खाद की किल्लत से जूझ रहा जिले का किसान

ज्यादातर जगहों पर किसानों को यूरिया खाद की कमी के चलते परेशानियों से रूबरू होना पड़ रहा है। शामली जनपद में स्थिति कुछ ज्यादा ही खराब बताई गई है। यहां पर खपत के सापेक्ष यूरिया खाद की आपूर्ति करा पाना विभाग एवं प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। इस वक्त किसानों को ज्वार, ईंख, धान आदि फसलों में डालने के लिए यूरिया खाद की भारी आवश्यकता पड़ रही है। पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न हो पाना मायूस कर रहा है। शेखूपुरा समिति में भी पिछले करीब एक माह से यूरिया खत्म हो रखा था।

# शिशु भारती की अध्यक्ष बनी अंशिका चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में शिशु भारती के पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलश्रेष्ठ सैनी तथा विशिष्ट अतिथि डा। विजय प्रताप, नेत्र चिकित्सक रूपेश कुमार रहे। शिशु भारती की अध्यक्ष अंशिका चौधरी को विशिष्ट अतिथि डा। विजय प्रताप ने पद पद तथा गोपनीयता की शपथ ग्रहण दिलाई। शिशु भारती के शेष छात्र–छात्राओं को अध्यक्ष अंशिका चौधरी ने शपथ ग्रहण कराई। वंदना विभाग प्रमुख जसमीत, चिकित्सा विभाग प्रमुख प्रियांशी, शारीरिक विभाग प्रमुख दीपांशु गौतम, विद्युत विभाग प्रमुख सक्षम, स्वामी पुस्तकालय विभाग प्रमुख शिवांगी, घोष विभाग प्रमुख केशव शर्मा, विज्ञप्ति विभाग प्रमुख दक्ष पाराशर तथा इशा सैफी, कंप्यूटर विभाग प्रमुख एंजल, सज्जा विभाग प्रमुख अंशिका गोयल रहे। विशिष्ट अतिथि विजय प्रताप ने बताया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करें तथा अपने बड़ों का सम्मान करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा की एक सच्चा विद्यार्थी वही है जो अनुशासन में रहकर अध्ययन करें। उसको सफलता अवश्य प्राप्त होती है। प्रधानाचार्य संजय सैनी तथा पल्लवी ऐरन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रवि कुमार ने किया। इस अवसर पर रविंद्र कुमार, संजीव बालियान, आशीष जैन, सुधीर कुमार, प्रवेश शर्मा, मंगाराम शर्मा, मोहित कुमार, संदीप कुमार, शिवानी शर्मा, सविता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल का कार्यक्रम जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापर मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग का 10 जुलाई से 14 सितंबर तक प्रदेश का दौरा करेगी। उन्होने बताया कि उनके द्वारा प्रदेश के सभी जिलों व उनकी नगर इकाइयों का वार्षिक प्रदेश दौरा कार्यक्रम 10 जुलाई से शामली जनपद से शुरू होकर 5 सितंबर को लखनऊ में पूरा होगा। फिर 14 सितंबर को गाजियाबाद में चुनावी महासम्मेलन होगा।

जहां प्रदेश के प्रांतीय कार्यकारिणी के यानी प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, प्रदेश कोषाध्यक्ष, व प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से पहले से नियुक्त किए गए।

चुनाव अधिकारियों की देखरेख में कराया जाएगा। चुनाव दौरे का कार्यक्रम 6 चरणों में होगा। पहले तीन चरणों में 10 जुलाई से 5 अगस्त तक शामली जनपद, मुजफ्फरनगर जनपद, सहारनपुर जनपद के 45 नगर इकाइयों में समीक्षा बैठक होगी। फिर चौथे चरण में 10 अगस्त से 14 अगस्त तक गाजियाबाद, हापुड़, नोएडा ग्रेटर ,नोएडा, दादरी, खुर्जा, अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी तक लगभग 14 जिलों का कार्यक्रम होगा।

# टीएसआर की अध्यक्ष को बदलने की मांग



**शामली।** स्वयं सहायता समूह एओपी की पदाधिकारी महिलाओं ने शुक्रवार को डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर टीएसआर प्लाट की एओपी का गठन का कार्याकाल पूरा होने पर टीएसआर की अध्यक्ष को बदलने की मांग की है।

शुक्रवार को दिए शिकायती पत्र में उन्होने कहा कि सीएलएफ आजाद महिला के अन्तर्गत गांव गंगेरू में जीवन ज्योति प्रेरणा महिला लघु उद्योग इकाइ स्थापित की गई थी। जिसमें 300 समूह की महिला पदा. धिकारियों द्वारा 30 हजार रूपये की धनराशि देकर एओपी का गठन किया था। टीएचआर प्लाट की गाईडलाइन के अनुसार एओपी के पदाधिकारियों को बदलने एवं कार्यकारणी बदलने का दो वर्ष का समय है। जबकि टीएचआर प्लाट की एओपी का गठन हुए दो वर्ष का समय पूरा हो गया है। आरोप है कि टीएसआर प्लाट की अध्यक्ष सविता ने कारोडों रूपये की गडबडी की हुई है। जिसकी जांच जिले के उच्चधिकारियों द्वारा गठित की गई समिति द्वारा प्रामाणित की गई है। जिसकी जानकारी होने पर एओपी की महिलाओं द्वारा लेखा जोखा प्रस्तुत करने की मांग की गई तो उन्होने हिसाब देने से इंकार कर दिया। महिलाओं ने मामले में जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। इस अवसर पर मिथलेश, ममता, रूबी, सुनीता, पारूल, आरती, गुलिस्ता आदि मौजूद रही।

# नाराज शिक्षक पहुंचे सपा विधायक के पास

**नगीना।** प्राथमिक विद्यालयों को एक दूसरे में विलय करने के उत्तर प्रदेश सरकार के निर्णय से असंतुष्ट शिक्षक नगीना विधायक मनोज पारस के पास पहुंचे। उधर विधायक ने भी शिक्षकों को भरपूर मदद का आश्वासन दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र नगीना के ग्रामीण क्षेत्रों से उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षा संघ ब्लॉक कोतवाली जनपद बिजनौर के जिला मंत्री विवेक कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक संगठन के पदाधिकारी एवं शिक्षक विधायक नगीना मनोज पारस से मिलने उनके कैंप कार्यालय पहुंचे और उनसे अपनी समस्या बताते हुए कहा कि बड़ी संख्या में प्राथमिक विद्यालयों को एक दूसरे में विलय किया जा रहा है, जिससे शिक्षकों के पद समाप्त हो रहे हैं और स्कूल भी बंद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा संबंधित प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम प्रधान/विद्यालय प्रबंधन समितियों से विद्यालय बंद करने के बारे में प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं।

इस संबंध में शिक्षकों ने विधायक को ज्ञापन सौंप कर अनुरोध किया कि उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए हजारों प्रधानाध्यापकों को सरप्लस घोषित करने के संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के आदेश को वापस लेने हेतु मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पुनः विचार करने के लिए अवगत करायें, जिससे निर्णय पर पुनर्विचार केएडीएम से निर्णय में परिवर्तन का मार्ग खुले।



# भाजपा मंडल की कार्यकारिणी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** भाजपा मंडल की कार्यकारिणी की एक बैठक नगर के परी गार्डन बैंकट हाल में आयोजित हुई। जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल व संचालन महामंत्री वीरप्रकाश सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री नरेश भाटी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ छह जुलाई को होने वाली गोष्ठी व आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूप रेखा तैयार की। उन्होंने कहा कि आने वाले पंचायत विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता अपनी कमर कस लें। क्योंकि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। भाजपा कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर पार्टी की नीतियों के बारे में बताये। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार मोदी योगी के नेतृत्व में देश व प्रदेश तरक्की कर रहा है। भाजपा सरकार में किसान से लेकर हर वर्ग खुशहाल हैं। अपराधी गुंडे माफिया जेलों की सलाखों के पीछे है। बेखौफ होकर कही पर भी जा सकता है। किसी को कोई डर नहीं है। इस मौके पर बैठक में महामंत्री सुधीर चौहान, उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र जोशी, जीतू भुइयार, गुरविंदर सिंह, प्रदीप चौधरी, प्रमोहन चौहान, मंडल मंत्री सुरेंद्र पाल, राजेश चौहान, राहुल यादव, विनोद वाल्मीकि सतीश कुमार, भावना जोशी, विजेन्द्र सिंह, अंकीत जोशी आदी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तेरहवी में पहुंचे नरेश टिकैत



**बिजनौर।** आज भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री होशियार सिंह की तेरहवीं में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत और प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा, होशियार सिंह के निज निवास कुतु. बपुर नांगली पहुंचे और शोकसभा में शामिल हुए। उन्होंने होशियार सिंह के निधन को संगठन के लिए अपूर्ण क्षति बताया और कहा कि उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। वह किसानों के लिए अनेक आंदोलनों में शामिल हुए। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। उनके पुत्र अमित की पगड़ी की रस्म अदा की। नरेश टिकैत के साथ अशोक सहित अन्य जनपदों से भी लोग होशियार की तेरहवीं में शामिल हुए। बिजनौर जिले से समस्त पदाधिकारी शामिल हुए। सोमपाल सिंह आदि रहे।

# मोहर्रम पर निकाला मातमी जुलूस

**चौसाना।** मोहर्रम के अवसर पर चौसाना में शहीद–ए–आजम हजरत सैयदना इमाम हुसैन व उनके साथियों की शहादत को याद करते ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ जहां शहीदाने कर्बला को खिराज–ए–अकीदत पेश करने के लिए ताजिए निकाले गए। शुक्रवार को चौसाना में इमाम हुसैन व उनके जांनिसारों के इसाले सवाब के लिए इमाम चौकों व घरों में कुरआन ख्वानी, फातिहा ख्वानी व दुआ ख्वानी हुई। ताजिया जुलूस इमाम बारगाह से शुरू होकर अन्नू लाला वाली गली से होकर पूर्व विधायक जगत सिंह के आवास से गुजरते हुए वापस बारगाह में पहुँचा। देर शाम निकले ताजिया का जुलूस गांव में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। अकीद. तमंदों में लंगर बांटा गया। शाम को जिन्होंने मोहर्रम का रोजा रखा था, उन्होंने मगरिब की अजान पर रोजा खोला। आगामी शनिवार को ताजिए दफन किए जाएगे। आगामीइस दौरान मुख्य इमाम मंजर जैदी, सैय्यद राजा, बशारत, दानिश, गुडडू आदि शामिल रहे।



# अनशन पर बैठे ग्रामीणों के बीच पहुंचे नायब तहसीलदार के आश्वासन पर धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ग्राम सींगरा के पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को गाव में ही कांग्रेस के बैनर तले धरने पर बैठ गए। धरने में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकेत के जिला अध्यक्ष सोनू शर्मा भी कार्यकर्ताओं के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। दोपहर बाद नायाब तहसीलदार सतीश यादव अपनी टीम के साथ धरना स्थल पर पहुंचे तथा जल्द ही कोई रास्ता निकाल कर समाधान कराने का आश्वासन दिया।

शनिवार को अवैध कब्जे के बारे में सुनवाई न होने से परेशान पांच व्यक्ति भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के जिला अध्यक्ष सोनू शर्मा एवं कांग्रेस नेता नासिर चौधरी के नेतृत्व में भूख हड़ताल पर बैठ गए। कांग्रेस के जिला सचिव रिजवान मंसूरी एवं अशोक तोमर के प्लॉट पर गांव के ही होमगार्ड आदि के द्वारा कब्जा किया हुआ है। पीड़ित पक्ष गुरुवार को जिलाधिकारी से भी मिला था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अनशन की सूचना पर नायाब तहसीलदार सतीश यादव, कानूनगो विनोद कुमार, लेखपाल लवकेश, लेखपाल पूजा आदि के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने जल्द ही कोई रास्ता निकाल कर समाधान कराने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराते हुए आसान तुड़वाया।

बीच बचाव कराने के उद्देश्य से कांग्रेस के युवा प्रदेश महासचिव अश्वनी शर्मा ने धरनारत लोगों को समझाने का प्रयास किया तथा देश की न्यायपालिका के ऊपर विश्वास रखने का आग्रह किया। भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकेत के जिला अध्यक्ष सोनू शर्मा ने कहा कि समाधान का आश्वासन दिया गया है। जरूरत पडी तो तहसील स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस के युवा जिला महासचिव नासिर चौधरी ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी दबाव में आकर एक पक्षीय कार्यवाही कर रहे हैं।

कांग्रेस के युवा जिला सचिव रिजवान मंसूरी ने कहा कि अधिक. ारी निष्पक्ष कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। आश्वासन मिला है समाधान नहीं हुआ तो पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से बात की जाएगी। जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन भी सौपा गया। इस मौके पर अशोक तोमर, अंशुल शर्मा, विशु शर्मा एरटी , सचिन तोमर, राजन तोमर, कपिल तोमर, गौरव कुमार, इंतजार चौहान, मंगल कोहली आदि सहित महिलाएं मौजूद रही।



## एक नजर

### ओ लेवल कोर्स की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, शामली सुधीर कुमार ने अवगत कराया कि निदेशक, पिछडा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु पिछडा वर्ग के बेरोजगार युवक–युवतियों के लिए ओ लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अधिक से अधिक ऑनलाइन आवेदन करने की निर्धारित तिथि निम्नवत है, जिस हेतु प्रक्रियात्मक कार्यवाही–प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ओ लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन आवेदन हेतु विभागीय वेबसाइट www.backwardwelfare.up.nic.in एवं obccomputertraining.Aupsdc.gov.in पर दिए गए लिंक पर शैक्षिक व अन्य अभिलेखों को अपलोड किया जाना तथा आवेदन की प्रति डाउनलोड कर समस्त अभिलेखों सहित निर्धारित तिथि तक जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में हार्ड कापी जमा किया जाना।जिसकी, समयावधि–दिनांक 14.7.2025 तक है।

### कम्बाईन हार्वेस्टर मैकेनिकों का होगा चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद– शामली में कम्बाईन हार्वेस्टर मैकेनिकों को अवगत कराना है कि राज्य कृषि विकास योजना वर्ष–2024–25 में स्वीकृत कम्बाईन हार्वेस्टर मैकेनिकों का तकनीकी प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत जनपद के प्रत्एक विकास खण्ड से 1–1 अभ्यर्थी का प्रशिक्षण हेतु चयन किया जाना है। प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षणार्थियों के चयन हेतु पात्रता निम्नवत है। 1। अभ्यर्थी आई.टी.आई. (मैकेनिकल / फिटर ट्रेड) अथवा कृषि अभियंत्रण में डिप्लोमा योग्यताधारी होना चाहिए, 2.कृषि इंजीनियरिंग में डिप्लोमाधारी को प्रथामिकता दी जाएगी, 3. प्रशिक्षण हेतु आयु 20 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए, 4. प्रत्येक विकास खण्ड से 1 ही मैकेनिक / प्रशिक्षणार्थी का चयन किया जाएगा। उक्त के संबंध में उप कृषि निदेशक, शामली प्रमोद कुमार द्वारा जनपद में स्वीकृत कम्बाईन हार्वेस्टर मैकेनिकों को सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त पात्रता रखने वाले इच्छुक मैकेनिक ध्प्रशिक्षणार्थी, उप कृषि निदेशक कार्यालय, शामली में उपयुक्त अभिलेखों के साथ सम्पर्क कर अपना आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय में सम्पर्क करें। आवेदन के लिए अन्तिम तिथि–10.7.2025 है।

### 350 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान हरियाणा निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 350 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है। शुक्रवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से पुलिस ने 350 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद होने का दावा किया गया है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता रंजीत निवासी भावना चौक देवी मंदिर रोड, थाना सदर बाजार पानीपत हरियाणा बताया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की सम्बंधित धारा में अभियोग पंजीकृत करके उसका चालान कर दिया है।

### अवैध चाकू बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। शुक्रवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चाकू बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता इंतजार निवासी ग्राम मोहम्मदपुर राई बताया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी के विरुद्ध सम्बंधित धारा में अभियोग पंजीकृत करके उसे जेल भेज दिया है।

### युवती के अपहरण में षड्यंत्रकारी महिला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस ने युवती के अपहरण में शामिल षडड्ंत्रकारी महिला आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। विगत 25 जून को क्षेत्र निवासी व्यक्ति द्वारा कोतवाली कैराना पर युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया था। शुक्रवार को महिला अपराधों में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने युवती के अपहरण के षडड्ंत्र में शामिल महिला आरोपी सोमती निवासी मोई पुल के पास वैष्णो ढाबा ग्राम पंजीठ को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। युवती ने बरामदगी के पश्चात अपने बयानों में महिला आरोपी को उसके अपहरण के षडड्ंत्र में शामिल होने की बात कही थी।

### गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित एक गैंगस्टर ताबिश पुत्र मेहरवान निवासी मौहल्ला कुरैशियान थाना गढीपुख्ता जनपद शामली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता तथा पशु वध अधिनियम के एक एक मुकदमे के अलावा दो गैंगस्टर एक्ट के दो मुकदमे झिंझाना तथा गढ़ीपुख्ता में दर्ज हैं। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की है।

### छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला समाज कल्याण अधिकारी, शामली रीतू रस्तोगी ने बताया कि मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन समाज कल्याण अनुभाग–3 के शासनादेश द्वारा वित्तीय वर्ष शैक्षणिक सत्र 2025–26 में अनुसूचित जाति/जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं के लिए आनलाइन आवेदन से लेकर वितरण हेतु समय–सारणी निर्गत की गई है। जिसके अनुसार छात्र स्तर, विद्यालय स्तर एंव जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर द्वारा निम्नानुसार कार्यवाही की जानी है। प्रक्रियात्मक कार्यवाही: 1. प्रदेश में स्थित मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए आनलाइन आवेदन करने की कार्यवाही किया जाना।,प्रस्तावित समयावधि–7 जुलाई 2025 से 25 नवम्बर 2025 तक, 2–छात्रों द्वारा छात्रवृत्ति वेबसाईट Scholarship.up.gov.in पर आनलाइन आवेदन करने की तिथि–10 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 तक, 3–छात्र–छात्राओं द्वारा हार्ड कापी वांछित सलंग्नको सहित विद्यालय में जमा किया जाना।

# सड़क हादसों में चार युवक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** तेज रफ्तार बुलेट डिवाइडर से टकरा जाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेन्टर रेफर कर दिया गया।

स्टेट हाइवे 59 पर देवबंद आबादी क्षेत्र में बनाए गए फ्लाईओवर के निकट राणा गैस एजेंसी के नजदीक तेज रफ्तार बुलट अनियंतित्र होकर डिवाईडर से टकराते हुए सडक पर पलट गई। दुर्घटना में बाइक सवार संदीप पुत्र प्रमोद निवासी संगम विहार दिल्ली घायल हो गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना 112 पर दी। तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को देवबंद सीएचसी में भर्ती कराया। संदीप के हाथ, पैर और मुंह पर चोट आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घायल संदीप के मुताबिक वह बुलेट पर सवार होकर किसी काम से दिल्ली से ऋषिकेश जा रहा था।





**उधार**, भायला मार्ग पर दो बाइ. कों की आमने सामने की हुई जबरदस्त टक्कर में बाइकों पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलो को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेन्टर रेफर कर दिया।

शुक्रवार शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव लबकरी निवासी 45 वर्षीय कल्लू उर्फ बुद्ध सिंह और 40 वर्षीय जनेश्वर गांव जड़ौदा पांडा में रिश्तेदारी में हुए विवाह समारोह से वापिस आ रहे थे। अभी वह गांव भायला में घुसे ही थे कि सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक टकरा गई। जिसमे दूसरी बाइक सवार गांव भायला निवासी गोविंद (35) भी घायल हो गया। राहगिरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने तीनों घायलो को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर केयर सेंटर रेफर कर दिया गया। हालांकि परिजन कल्लू और जनेश्वर को गंभीर चोटों के चलते अपने साथ मेरठ ले गए। जबकि गोविंद को देवबंद स्थित प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया।

# पालिका प्रशासन ने चलाया कांवड़ मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर पालिका प्रशासन ने पुलिस को साथ लेकर देवबंद-मंगलौर कांवड मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। साथ ही जुर्माना वसूलते हुए अतिक्रमणकारियों को भविष्य में अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

शुक्रवार को नगर पालिका प्रशासन ने एसडीएम कार्यालय से देवबंद-मंगलौर कांवड़ मार्ग और सांपला मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। पालिका की टीम ने कई स्थानों पर सड़क के दोनों और किए गए अतिक्रमण को हटवाया। कई जगह से सामान भी जब्त किया और 8200 रुपये का जुर्माना भी वसूला। इस दौरान अतिक्रमणकारियों को कड़ी



चेतावनी दी गई अगर वह दोबारा से सड़क अवरुद्ध करेंगे तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर विकास चौधरी, पोपिन कुमार, बिरला सूद, साजिद हसन, ऋषभ गर्ग समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

# हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत की याद में अकीदत के साथ निकाला मातमी जुलूस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत के बाद अकीदत एवं गमगीन माहोल में मातमी जुलूस निकाला गया। जिसमें अजादारो ने काले वस्त्र पहनकर मातम किया।

तहसील के गांव थीतकी में हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी मातमी जुलूस अकीदत एवं गमगीन माहौल में निकाला गया। जुलूस थीतकी गांव की गलियों में घुमकर समाप्त हुआ। जुलूस में शामिल लोगो ने हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत को याद करते हुए मातम किया। जुलूस के दौरान पुलिस कर्मियों ने पूरे रास्ते पर कड़ी निगरानी रखी और स्थानीय पुलिस ने ट्रैफिक व भीड़ नियंत्रण के लिए पुखता इंतजाम किए थे।



# पहचान छुपा कर काम करना भी अपराध हैः त्यागी

**देवबन्द।** बजरंग दल के पूर्व प्रदेश संयोजक विकास त्यागी ने कहा कि पहलगाम में हिंदूओं की पहचान कर हत्या करना जहां जेहाद है वहीं अपनी पहचान छुपाकर होटल, ढ़ाबे और रेस्टोरेंट व दुकानों का संचालन करना भी जेहाद ही है। उन्होंने कांवड मार्ग पर अपनी पहचान उजागर कराने के सीएम योगी आदित्यनाथ के उक्त निर्णय का स्वागत किया।

शुक्रवार को मीडिया में जारी बयान में विकास त्यागी ने कहा कि इस आदेश का कड़ाई के साथ पालन होना चाहिए क्योंकि पहचान छुपा कर काम धंधा कर दुसरों को गुमराह करना भी अपराध की श्रेणी में आता है। कहा कि कांवड पर पहचान उजागर करने को लेकर लोग राजनी.



तिक रोटियां सेंक रहे हैं, क्योंकि किसी भी धार्मिक या सामाजिक संगठन ने ऐसा कोई आह्वान नहीं किया कि किसी मुस्लिम दुकानदार से सामान नहींखरीदना। उन्होंने कहा कि जब इस्लाम धर्म में मूर्ति या देवी देवताओ की पूजा करना पाप है तब क्यों हिंदू देवी देवताओं का सहारा लिया जा रहा है।

# सपा जिलाध्यक्ष जाकिर अपनी सदस्यता साबित करें : समद

**बिजनौर।** सपा के वरिष्ठ नेता अब्दुल समद उर्फ चमन त्यागी ने अपनी सदस्यता पर जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सबसे पहले उन्हें अपनी सपा के प्रति वफादारी और सदस्यता साबित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी के समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान को ठेस न पहुंचाई जाए।

उन्होंने कहा कि सपा की सदस्यता ग्रहण करने की उनके पास रसीद मौजूद है। जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन को भी अपनी सदस्यता की रसीद दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन यह भी बताये कि उन्होंने कितनी पार्टियों की यात्राएं की है। पिछले लोकसभा चुनाव में वह सपा के प्रत्याशी दीपक सैनी के चुनाव प्रभारी थे और उनका चुनाव दिल से लड़ा रहे थे। जबकि शेख जाकिर हुसैन ने बिजनौर में बसपा प्रत्याशी चौधरी विजेन्द्र सिंह का चुनाव लड़ाया था। जबकि नगीना में आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर का चुनाव लड़ाया था। अब्दुल समद ने हमला बोलते हुए कहा कि वह कपड़ों की तरह पार्टी बदलते है।

उन्होंने कहा कि वह स्वयं दो लोकसभा चुनावों में सपा के प्रत्याशियों के चुनाव प्रभारी रह चुके है। चुनाव प्रभारी पार्टी के वफादारों को ही बनाया जाता है। गद्दारों को यह जिम्मेदारी नहीं दी जाती है। उन्होंने कहा कि वह सपा के नेता नहीं, बल्कि वफादार कार्यकर्ता है। नेता का खिताब तो देश में सिर्फ सुभाषचंद बोस एवं पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव को ही मिला है। उन्होंने कहा कि जब सपा में कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान को चोट पहुंचा कर मौका परस्तों एवं दबे-कुचले समाज के लोगों को शामिल किया जाएगा और उनके महलों में दावतों का दौर चलेगा, तो तकलीफ होना लाजमी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला शव

## पत्नी की शिकायत करने आया था ससुराल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लटका एक व्यक्ति का शव मिला। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में ससुराल में ही घर के बाहर खड़े पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम औरंगाबाद शकूरपुर उर्फ गिदड़पुरा निवासी गोपाल पुत्र पुरन सिंह कल गुरुवार को अपनी ससुराल किरतपुर, थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर गया था। जिसमें शुक्रवार की सुबह सवेरे ससुराल के घर के बाहर ही एक पेड़ पर रस्सी पर झुलता हुआ उसका शव मिला। जिसमें ससुराल पक्ष के लोगों ने इसकी जानकारी किरतपुर पुलिस को दी। जिसमें मौके पर पहुंची पुलिस ने गोपाल के परिजनों को सूचित करते हुए पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। वहीं पर गोपाल के भाई नरेन्द्र पुत्र पुरन सिंह निवासी औरंगाबाद शकूरपुर, थाना मंडावर ने थाना किरतपुर चौकी मौजमपुर में आज शुक्रवार को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई गोपाल पुत्र पुरन सिंह और उसकी पत्नी किरन देवी में विवाद चल रहा था। जिसमें कल उसकी पत्नी ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसका एक हाथ तोड़ दिया था। जिसमें उसका भाई अपने ससुर को बताने के लिए अपनी ससुराल रायपुर चला गया। जिसमें ससुर ओमकार सिंह व रवि कुमार, मौसम, छोटू पुत्रगण ओमकार ने साजिश के द्वारा मेरे भाई गोपाल को अपने घर के बाहर ही फांसी पर लटका दिया और हमें इसकी सूचना भी नहीं दी और उसका ससुर रात में ही अपनी बेटी किरन देवी को ग्राम औरंगाबाद शकूरपुर उर्फ गिदडपुरा से अपने घर ले गया। जब हमें इसकी सूचना मिली, तो हम वहां पहुंचे, तो गोपाल को हमसे पहले ही फांसी से नीचे उतार लिया था।



वहीं किरतपुर पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

# शादी समारोह में जमकर मारपीट

**नहटौर।** गांव कासमपुर लेखराज में शादी समारोह में खाने के दौरान महिला को अपशब्द कहने को लेकर हुई कहासुनी होने पर बारात चढ़त के दौरान बरातियों व घरातियों के बीच मारपीट होने पर दूल्हे ने नाराज होकर शादी से इंकार कर दिया। समझाने के बाद दूल्हे के राजी होने पर फेरो की रस्म की अदायगी हुई।

नहटौर क्षेत्र के गांव तालमपुर निवासी एक युवक की बारात नहटौर क्षेत्र के गांव कासमपुर लेखराज में आई थी। बताया जाता है कि खाने के दौरान बारात में आए दो युवकों द्वारा एक महिला को अपशब्द कहने पर विवाद हो गया। महिला के पति के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। कुछ लोगों ने विवाद का निपटारा कर दिया। उसके बाद बारात चढ़त के दौरान इसी बात को लेकर दोबारा से विवाद हो गया। बारातियों और घरातियों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान दूल्हा भी बग्गी से उतरकर बरातियों व घरातियों बीच में पहुंच गया। मारपीट होने से नाराज होकर दुल्हे ने शादी करने से इंकार कर दिया, जिसको लेकर हड़कंप मच गया। घंटों तक दूल्हे को समझाया गया, जिसके बाद दूल्हा राजी हो गया और शादी की बाकी रस्मो की अदायगी की गई।

# अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

## 35 लीटर कच्ची शराब व उपकरण किए बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर 35 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद कर 500 लीटर लाहन को मौके पर ही नष्ट किया है। जबकि एक भट्टी संचालक पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

उच्चाधिकारियों के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने गांव मदपुरी के जंगल में चलाई जा रही भट्टी पर आरोपी श्याम सिंह पुत्र दयाल सिंह निवासी मदपुरी थाना बढ़ापुर घने जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। जबकि पुलिस ने मौके से एक प्लास्टिक की केन में लगभग 35 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण एक लोहे का ड्रम, एक एल्मुनियम पाइप, एक रबड़ पाइप, बाल्टी व मग बरामद किया है। वही मौके पर लगभग 500 लीटर लाहन को नष्ट किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि आरोपी श्याम सिंह के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है और गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजो मे मेरा नाम SANDEEP KUMAR GANDHI दर्ज है जबकि मेरी पुत्री **तिशा गांधी** के हाईस्कूल मार्कशीट व अन्य दस्तावेजो मे मेरा नाम SANDEEP GANDHI दर्ज है। SANDEEP KUMAR GANDHI व SANDEEP GANDHI दोनों नाम मेरे ही है। दोनों नामों का व्यक्ति एक ही है।

**सन्दीप कुमार गांधी**
**पुत्र सत्यपाल गांधी**
निवासीः सी0-2 मिशन कम्पाउण्ड जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश।


# मॉडर्न एरा के तीन छात्रों ने उत्तीर्ण की जेईई ( मेन ) परीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर के आयुष चौहान, सक्षम कौशिक और आयुष पाल ने जेईई (मेन) परीक्षा 2025 को उत्तीर्ण किया है।

भारत सरकार द्वारा आयोजित जेईई (मेन) परीक्षा 2025 का परीक्षाफल घोषित किया जा चुका है। इस परीक्षा में संपूर्ण भारत से लाखों की संख्या में विद्यार्थी परीक्षा देते हैं परंतु पास वही होता है जो कड़ी मेहनत और लगन से तैयारी करके परीक्षा देता है। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर के लिए यह बहुत गौरव की बात है कि विद्यालय का नाम रोशन करते हुए विद्यालय के आयुष चौहान, सक्षम कौशिक और आयुष पाल ने अच्छे अंकों से जेईई (मेन) की परीक्षा को उत्तीर्ण किया है।

विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने तीनों बच्चों की सफलता को देखते हुए उनको ढेरों बधाइयां दी, उनके आने वाले उज्जवल भविष्य की कामना की, साथ ही अपने शुभ वचनों द्वारा जीवन में आगे बढ़ते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति की प्रेरणा देकर प्रोत्साहित किया।

# कंपोजिट स्कूल में वन महोत्सव मनाया

## वृक्ष जीवन के लिए अति आवश्यकः करुणा सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** कंपोजिट स्कूल नारायणवाला में शिक्षकों एवं स्थानीय वनकर्मियों ने संयुक्त रूप से वन महोत्सव मनाया।

इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आई छात्राओं में खुशी, संध्या व श्रीसागर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने संबोधन में वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने अधिक से अधिक पेड़ लगाने व उनका संरक्षण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रीमती करुणा सिंह चौहान ने उपस्थित जन समूह को जीवन में वृक्षों के महत्व के संबंध में विस्तृत रूप से बताते हुए इस सप्ताह चलने वाले वन महोत्सव में प्रत्येक व्यक्ति से पेड़ लगाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर श्यामलाल यादव, वन दरोगा रवि कुमार, ग्राम प्रधान बेगराज सिंह, संगीता सागर, महेंद्र सिंह, स्कूल की शिक्षिका मीना कुमारी, शिक्षक मौहम्मद ताहिर व शिक्षामित्र राजपाल सिंह समेत छात्र-छात्राएं एवं अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।




# पेदी सादात पहुंचा जुलूस-ए-अलम

**बिजनौर।** आठवीं मोहर्रम पर अन्जुमन सरकारे हुसैनी बुखारा बिजनौर का कदीमी जुलूसे अलम शुक्रवार दिन में दो बजे इमाम बाड़ा से आरम्भ होकर तीन बजे ग्राम पेदी सादात पहुंचा। जहां पर अन्जुमन अब्बासिया के सोगवारों ने नम आंखों से जुलूस का खैरमकदम किया। उसके बाद पेदी सादात में क्रमशः तीन मजलिस बरपा की गई। जिन्हें मौलाना रोशन अब्बास ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि कर्बला की दास्तान अपने अन्दर दुख और कर्ब समेटे है। यजीद ने इमाम हुसैन पर पानी बदे कर दिया है। छोटे-छोटे बच्चे प्यास से बेहाता है। हजरत अब्बास से ये मंजर नहीं देखा गया। उन्होंने इनाम हुसैन से जंग को इजाजत मांगी मगर इजाजत नहीं लेकिन बच्चों के लिए फरात से पानी लाने की इजाजत मिल गई।

# जेसीबी से बंद रास्ता खुलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम सीरवासुचंद में वर्षों से किसानों की परेशानी बना एकमात्र संपर्क मार्ग आखिरकार खुल गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्रधान जुबैदा के प्रतिनिधि शकील अहमद पुत्र रियाज अहमद ने वो कर दिखाया, जो अब तक कोई नहीं कर पाया था। जिस रास्ते से ग्राम के 24 किसान अपने खेतों तक जाते थे, वह लंबे समय से गंदगी, कूड़े और बदबू से पूरी तरह जाम पड़ा था। न आवागमन की सुविधा थी, न ही सफाई की सुध लेने वाला। ग्राम में बीमारियों के खतरे और किसानों की बढ़ती नाराजगी को देखते हुए शकील अहमद ने जेसीबी मशीनें, डंपर और सफाई कर्मियों की टीम लगाकर पूरे रास्ते की सफाई कराई। ट्रकों में भरकर कचरा निस्तारण केंद्र तक पहुंचाया गया और रास्ता पूरी तरह सुचारु कर दिया गया। ग्राम वालों ने कहा कि यह रास्ता सिर्फ खेतों का नहीं, बल्कि उनके जीवन का सहारा है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवबन्द जनपद सहारनपुर।**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द में निम्नलिखित सूची में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर उनके सामने अंकित संपत्ति संख्या पर अपना बतौर स्वामी दर्ज करने हेतू प्रार्थना पत्र दिये हैं। उक्त के नामांतरण की कार्यवाही हेतू सूचना जारी की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के तीस दिन (30 दिन) के अंदर कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 स0 | नाम दाखिल कराने वाले का नाम | कर पंजिका में दर्ज नाम | मौहल्ला/सम्पत्ति सं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | अजय कुमार जैन पुत्र कृषण चन्द जैन | राजकुमार रस्तौगी | चाहपारस-280/ |
| 2. | मोहनलाल पुत्र ओमप्रकाश | ओमप्रकाश पुत्र रेवती प्रसाद | नेचलगड़-477 |
| 3. | मोहनलाल पुत्र ओमप्रकाश | ओमप्रकाश पुत्र रेवती प्रसाद | बाज़ार कलां-86 |
| 4. | उजमा सिद्दीकी पत्नी शमशाद | हर्ष सबहरवाल पुत्र हरबंसलाल | बाज़ार कलां-63 |
| 5. | ओमबीरी पत्नी जयप्रकाश | संजय कुमार रणजीत सिंह | कायस्थवाडा-क-400 |
| 6. | फरहत प्रवीन पत्नी मौ. सलीम | सलीम पुत्र अजीमुद्दीन | किला-186 |
| 7. | गोविन्द प्रसाद गुप्ता | देवेन्द्र कुमार पुत्र कामेशवर प्रसाद | कायस्थवाडा-क-19 |
| 8. | ब्रिजेश त्यागी पुत्र कृष्णलाल | कृष्णा कुमार पुत्र बारूमल | पठानपुरा-क-161 |
| 9. | नूर जहां पत्नी अ0 अजीज | नौशाद अली पुत्र मौ. इनाम, शबनम प्रवीन पत्नी मौ. नौशाद अली | पठानपुरा-क-82 |
| 10. | मौ. अजीज पुत्र मौ. इनाम | मतीन पुत्र सद्दकी | किला-462 |
| 11. | नौशाद अली पुत्र मौ. इनाम, शबनम पत्नी इरशाद | इनाम पुत्र बुन्दू | सड़क रेल-716, 716/4 |
| 12. | शमशाद, दिलशाद अली पुत्रगण मौ. इनाम | इनाम पुत्र बुन्दू | सड़क रेल-759 |
| 13. | राजसिंह पुत्र ओमसिंह | राहुल सिंह पुत्र सुरेन्द्रपाल सिंह विक्रेता | शिक्षक नगर-नया |
| 14. | उजेर पुत्र इसरार | मोनिस पुत्र मौ. यामीन | पठानपुरा-क-2392/1 |
| 15. | गुलशाना पत्नी सत्तार | मोनिस पुत्र मौ. यामीन | पठानपुरा-क-2392/2 |
| 16. | सय्यद हसन पुत्र खुरशेद | वारसान अनवरी पत्नी | पठानपुरा-क- 621 |
| 17. | सुधीर कुमार गर्ग, राकेश गर्ग पुत्रगण हंसराज गर्ग | खुशनसीब खां पुत्र दाऊद खां, उमर दराज पुत्र मुर्तजा | लहसवाडा-1385/1 |
| 18. | सुनिता पत्नी स्व. आनन्द, राहुल कुमार गौरव कुमार पुत्रगण स्व. आनन्द | आनन्द पुत्र त्रिलोक | गुज्जरवाडा-257, 259 |
| 19. | विरेन्द्र पाल सिंह पुत्र स्व. अर्जुन सिंह | गुरमीत कौर पत्नी अर्जुन सिंह | सड़क रेल-1189 |
| 20. | शहजादउल्लाह पुत्र अहतेशामउल्लाह | महफूज पुत्र महबूब | दुध्धा-290 |
| 21. | सुशील कुमार पुत्र कलीराम, रीना सैनी पत्नी सुशील कुमार | सुशील कुमार पुत्र प्रीतम सिंह | पठानपुरा-क-276 |
| 22. | गीता पत्नी रामसिंह | पराग बंसल पुत्र प्रदीप कुमार | पठानपुरा-क |
| 23. | नितिन कुमार पुत्र घसीटू राम | मनीष कुमार पुत्र राम कुमार | पठानपुरा-क-39 |
| 24. | मौ. फिरोज, मौ. सलीम पुत्र मौ. शमीम | शाहरूम अली पुत्र अब्दुल शकूर | पठानपुरा-ख-नया |
| 25. | मौ. साजिद, मौ. शाहिद पुत्र मौ. शमीम | मौ. शमीम उर्फ भूरा पुत्र हाजी जहूर | सरायपीरजादगान-378,378/1 |
| 26. | दीपा पत्नी प्रमोद कुमार | चन्द्रवति पत्नी भगवानदास | लहसवाडा-688 |
| 27. | महजबी पत्नी शकील अहमद | दीपक राणा पुत्र विजयपाल सिंह व राजीव कुमार पुत्र सुरेश | लहसवाडा-नया |
| 28. | फरहा जबी पत्नी गाजी | गाजी पुत्र अब्दुल रउफ | खानकाह-861/1 |
| 29. | दरकशा पत्नी मौ. अफहम | फातिमा पत्नी अ0 रहमाने | कायस्थवाडा-ख-219 |
| 30. | अमजद खान पुत्र मुर्तजा खान | मौ. नवाज खां (नवाज देवबन्दी) पुत्र अब्दुल सुभान खां | किला-250 |
| 31. | मौ. हसीन पुत्र मौ. यामीन | अंजुम आरा पत्नी अ0 सत्तार | पठानपुरा-क-679 |
| 32. | सतीश कुमार पुत्र धर्मसिंह | तेजपाल पुत्र करतार सिंह | कायस्थवाडा-क-702 |
| 33. | मौ. आरिफ पुत्र मौ. शमीम | महबूब आलम पुत्र गुलजार | बैरून कोटला-297/1 |

दैनिक शाह टाइम्स
समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 9837487334

# गिल की पारी ने तोड़े कई रिकॉर्ड

## गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबस्टन टेस्ट में 269 रन बनाए




**बर्मिंघम, वार्ता।** शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबस्टन टेस्ट में 269 रन बनाए, जो टेस्ट में भारतीय कप्तान का सर्वाधिक स्कोर है, उन्होंने विराट कोहली के 2019 में पुणे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाए नाबाद 254 रन को पछाड़ा। गिल के 269 रन एशिया के बाहर किसी भारतीय का सर्वोच्च स्कोर भी है, उन्होंने सचिन तेंदुलकर के नाबाद 241 रनों को पछाड़ा जो उन्होंने 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में बनाए थे। यह घर के बाहर टेस्ट में किसी भारतीय का तीसरा सर्वोच्च स्कोर भी है। उनसे आगे वीरेंद्र सहवाग के मुल्तान में 309 और राहुल द्रविड़ के 2004 में रावलपिंडी में 270 रन हैं। उनसे पहले केवल दो भारतीयों ने इंग्लैंड में दोहरे शतक लगाए थे।

उनसे पहले 1979 में सुनील गावस्कर ने 221 और 2002 में राहुल द्रविड़ ने 217 रन बनाए थे, दोनों ही दोहरे शतक द ओवल में आए थे। कुल मिलाकर गिल के 269 रन टेस्ट में भारत के लिए सातवां सर्वोच्च स्कोर है। मेहमान बल्लेबाजों ने इससे पहले एजबस्टन में शतक लगाए थे। ग्रीम स्मिथ ने 2003 में 277, जबकि जहीर अब्बास ने 1971 में 274 रन बनाए थे। गिल के 269 रन किसी विदेशी बल्लेबाज का इंग्लैंड में बनाया आठवां सर्वोच्च स्कोर है। गिल समेत सात बल्लेबाजों ने बतौर कप्तान अपने पहले दो टेस्ट में शतक लगाए हैं। पिछले छह में से तीन भारतीय थे, जिसमें विजय हजारे, सुनील गावस्कर और विराट कोहली शामिल हैं। इसके अलावा जैकी मकग्लू, एलिस्टेयर कुक और स्टीवन स्मिथ शामिल हैं। पांच बल्लेबाजों के टेस्ट और वनडे दोनों में दोहरे शतक हैं। गिल के अलावा ऐसा सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, रोहित शर्मा और क्रिस गेल ने किया है। नीतीश रेड्डी के आउट होने के बाद एजबस्टन में भारत ने 376 रन जोड़े, ये टेस्ट पारी में आखिरी पांच विकेट के लिए जोड़े उनके सबसे अधिक रन हैं। टेस्ट में छठे विकेट या उससे कम के लिए तीन 200 से अधिक साझेदारियों में रवींद्र जडेजा शामिल रहे। केवल एडम गिलक्रिस्ट (6), बीजे वाटलिंग (5) और एमएस धोनी (4) ही इससे अधिक साझेदारियों में हिस्सा रहे हैं।




# जडेजा ने बीसीसीआई दिशा निर्देश तोड़ा, पर सजा की उम्मीद नहीं

● **ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद बीसीसीआई ने आदेश दिया था कि कोई भी खिलाड़ी अकेले मैदान पर जाएगा और न ही मैदान से आएगा**

**बर्मिंघम, वार्ता।** बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन रवींद्र जडेजा ने बीसीसीआई की नई मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का उल्लंघन किया। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद बीसीसीआई ने आदेश दिया था कि कोई भी खिलाड़ी अकेले मैदान पर नहीं जाएगा और न ही मैदान से आएगा, बल्कि वे सभी टीम बस में एक साथ आएंगे। जडेजा ने ऐसा नहीं किया। लेकिन किसी सजा की उम्मीद नहीं है क्योंकि जडेजा ने एसओपी तोड़कर जल्दी आने का फैसला किया ताकि वह अपनी पारी को फिर से शुरू करने से पहले कुछ अतिरिक्त गेंदें खेल सकें। उन्हें पता था कि भारत लीड्स में दो बार ढह चुका है और इस बार उन्होंने सपाट पिच पर भारत को 211/5 से बचाने का आधा काम कर दिया था।

भारत के लिए फिर से कम स्कोर पर आउट होना कोई जोखिम नहीं था। जडेजा 41 रन दोबारा अपनी पारी की शुरुआत की, शुभमन गिल के साथ उनकी साझेदारी 99 रन की थी, लेकिन नई गेंद का खतरा बना हुआ था। जडेजा ने कहा कि कहीं न कहीं मुझे लगा कि मुझे अतिरिक्त बल्लेबाजी करनी चाहिए क्योंकि गेंद अभी भी नई थी। मुझे लगा कि अगर मैं नई गेंद को देख पाऊं, तो बाकी की पारी आसान हो जाएगी। सौभाग्य से मैं लंच तक बल्लेबाजी कर सका, और फिर वॉशिंगटन सुंदर ने भी शुभमन के साथ अच्छी बल्लेबाजी की। इंग्लैंड में आप जितनी अधिक बल्लेबाजी करते हैं, उतना ही बेहतर होता है क्योंकि आपको कभी नहीं लगता कि आप इंग्लैंड में सेट हैं। किसी भी समय गेंद लस्वग हो सकती है और आपका किनारा ले सकती है या आपको बोल्ड कर सकती है। जडेजा तेज गेंदबाज जोश टंग की एक बाउंसर पर 89 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने गिल के साथ 203 रन जोड़कर भारत को 500 के पार पहुंचाने में मदद की। जडेजा ने कहा कि जब आप टीम के लिए बल्ले से योगदान देते हैं, तो बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब आप भारत से बाहर खेल रहे होते हैं और टीम को आपकी ज्यादा जरूरत होती है, तो अच्छा लगता है। 210 रन पर 5 विकेट गंवाने के बाद टीम को आगे ले जाने के लिए बड़ी साझेदारी करना एक चुनौती है।

मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया। अगर आप कप्तान के साथ बने रहते हैं और बड़ी साझेदारी करते हैं, तो यह आपको एक क्रिकेटर और बल्लेबाज के रूप में आत्मविश्वास देता है कि आने वाले मैचों में भी आप योगदान दे सकते हैं। जडेजा इंग्लैंड को परेशान करने में कभी पीछे नहीं रहते। फ्रंटफुट शॉट खेलने और सीधे पिच पर दौड़ने की उनकी आदत से इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स नाराज हो गए, जो जडेजा के खतरे वाले क्षेत्र से दूर रहने के बाद भी अंपायरों से बहस करते रहे। जडेजा ने कहा कि उन्हें लगा कि मैं अपने लिए रफ बना रहा हूं। तेज़ गेंदबाज वैसे भी ऐसा कर रहे थे। मुझे ऐसा करने की जरूरत नहीं है। वह बार-बार अंपायर से कह रहे थे कि मैं विकेट पर दौड़ रहा हूं। मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं था। हो सकता है कि गलती से एक या दो बार ऐसा हुआ हो, लेकिन मेरा ऐसा करने का कोई इरादा नहीं था। भले ही भारत ने नई गेंद से तीन विकेट लिए हों, लेकिन यह पिच कुछ खुरदरी लग रही है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मुर्मु ने किया डूरंड कप टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में डूरंड कप टूर्नामेंट 2025 की ट्रॉफियों का अनावरण किया। यहां इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने कहा कि खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी शक्ति है। भारत में यह राष्ट्रीय एकीकरण का एक शक्तिशाली साधन रहा है। ओलंपिक या किसी भी अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में जब तिरंगा फहराया जाता है तो सभी साथी नागरिक रोमांचित हो जाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि फुटबॉल का लाखों लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान है। यह सिर्फ एक खेल नहीं है, एक जुनून है। फुटबॉल का खेल रणनीति, धीरज और एक समान लक्ष्य की ओर मिलकर काम करने के बारे में है। डूरंड कप जैसे आयोजन न केवल खेल की भावना को बढ़ावा देते हैं बल्कि फुटबॉल खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को विकसित करने में भी मदद करते हैं।

### गुकेश ने कार्लसन को फिर हराया

**जागरेब, वार्ता।** शतरंज के क्लासिकल प्रारूप में मौजूदा विश्व नंबर 1 भारत के डी-गुकेश ने गुरूवार को जागरेब में सुपर यूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज क्रोएशिया 2025 में मैग्नस कार्लसन को हरा दिया। नॉर्वे के दिग्गज के खिलाफ गुकेश की हालिया जीत नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के कुछ ही सप्ताह बाद आई है। नॉर्वे शतरंज के विपरीत जहां जीत क्लासिकल प्रारूप में हुई थी, हालिया जीत रैपिड प्रारूप में आई है। कार्लसन ने 49 चालों के बाद हार मान ली, इसके बाद हाथ मिलाया और फिर वे मंच से चले गए।

# भारतीय महिला टीम की निगाहें ऐतिहासिक टी-20 सीरीज जीत पर

● **भारत ने इंग्लैंड में इससे पहले कभी भी टी-20 सीरीज नहीं जीती है**




**लंदन, वार्ता।** भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-0 की बढ़त के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के करीब है, जबकि अभी तीन मैच और खेलने हैं। भारत ने इंग्लैंड में इससे पहले कभी भी टी-20 सीरीज नहीं जीती है।

अब उनके पास शुक्रवार को ओवल में मेजबान टीम का सामना करते हुए समय रहते सीरीज अपने नाम करने का मौका है। भारत ने अब तक बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावित किया है। स्मृति मंधाना के पहले टी-20 शतक की बदौलत टीम ने पहले मैच में 97 रनों से जीत दर्ज की और इसके बाद दूसरे मैच में ब्रिस्टल के किले को भेदकर जीत दर्ज की।

इसमें जेमिमाह रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर का अहम योगदान रहा। दूसरी ओर, इंग्लैंड की कप्तान नैट सीवर-ब्रंट शुक्रवार के टी-20 मैच से बाहर हो गई हैं और मंगलवार को ब्रिस्टल में टीम की 24 रन से हार के दौरान कमर में खिंचाव के कारण वह पांच मैचों की सीरीज के शेष मैचों से भी बाहर हो सकती हैं। टैमी बोमॉन्ट्ट अपने 247 मैचों के अंतर्राष्ट्रीय करियर में पहली बार कप्तान के रूप में कदम रखेंगी, जबकि सीवर-ब्रंट को चोट की गंभीरता का आकलन करने के लिए आगे स्कैन से गुजरना होगा।

मंगलवार के मुकाबले के अधिकांश समय के लिए उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा, उनकी अनुपस्थिति में उनकी आधिका. रिक उप-कप्तान सोफिया डंकली ने कमान संभाली। हालांकि, इंग्लैंड के तीन मैच शेष रहते 2-0 से सीरीज़ में पिछड़ने के बाद टीम को बोमॉन्ट के अनुभव की अधिक जरूरत पड़ेगी। बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरणी भी शामिल हैं, जिन्होंने इस दौरे पर पदार्पण किया और दो मैचों में छह विकेट लिए।

# अंडर-15 वर्ग में युवराज सिंह ने जीता पहला स्वर्ण पदक

● **युवराज ने पहला गोल्ड मेडल 8:54:42 का समय निकालकर जीता**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 59वीं दिल्ली राज्य जूनियर और सब जूनियर तैराकी चैंपियनशिप का आज यहां तालकटोरा स्विमिंग पूल में उद्घाटन एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष सीताराम साहू और पंजाब स्विमिंग एसोसिएशन के सीईओ बलराज शर्मा ने किया। चैंपियनशिप का आयोजन 7 जुलाई तक चलेगा।

ँपियनशिप में 410 से अधिक लड़के और लड़कियां भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप के पहले दिन 800 मी फी स्टाइल अंडर 17 में युवराज सिंह ने पहला गोल्ड मेडल 8 मिनट 54-42 का समय निकालकर अपना नाम किया जबकि वंश ने दूसरा और धनुष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह लड़िकयों में अन्य रावत ने 9 मिनट 56-59 का समय निकाल. कर पहला स्थान पाया। तितिक्षा रावत ने दूसरा और प्रकृति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 लड़कों में रक्षित टोकस ने 9 मिनट 48 ,55 का समय निकाल. कर पहला स्थान प्राप्त किया जबकि विशु मौर्य ने दूसरा और मानव लाकर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में अमीरा सिंगल ने 10 मिनट 55-47 का समय निकालकर पहला स्थान पाया। यादवी नेगी ने दूसरा और प्रांजल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों के अंडर 12 वर्ग में 400 मीटर फी स्टाइल में विराट ने पहला , नियमित ने दूसरा और तेजस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में मारिया ने पहला, स्नेहा ने दूसरा और रमैया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों के अंडर 17 वर्ग में 200 मी ब्रैस्ट स्ट्रोक में ध्रुव ने पहला, वीर चावला ने दूसरा और तनुष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# गेंदबाजों की फिटनेस से संबंधी चिंताएं इंग्लैंड के लिए 'अशुभ' संकेत: वॉन



● **ब्राइडन को पैर की समस्या से जूझना पड़ा जबकि क्रिस-बेन ने अपने पहले स्पैल के बाद गेंदबाजी नही की**

**बर्मिंघम, वार्ता।** पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि गेंदबाजों की फिटनेस संबंधी चिंताएं इंग्लैंड के लिए 'अशुभ' संकेत हैं।

वॉन ने कहा कि बेन स्टोक्स की टीम ने टेस्ट मैच के दूसरे दिन पूरी मेहनत की, हालांकि भारत ने 587 रन बनाए और मेजबान टीम ने 77 के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिये। ब्राइडन कार्स को पैर की समस्या से जूझना पड़ा, जबकि बेन स्टोक्स और क्रिस वोक्स ने अपने पहले स्पैल के बाद गेंदबाजी नहीं की। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि ब्रायडन कार्स के साथ समस्या है और हम इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज में दूसरा टेस्ट मैच खेल रहे हैं और उसमें ज्यादा समय नहीं बीता है। इसके बाद हमें ऑस्ट्रेलिया में पांच मैच खेलने होंगे, जहां बहुत गर्मी होगी। इस साल की शुरुआत में कार्स को पैर की उंगलियों पर गंभीर कट और छाले के कारण टीम से तीन महीने के लिए बाहर कर दिया गया था।

यह समस्या क्रिसमस से पहले पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के दौरे पर पहली बार सामने आई थी। हालांकि वह बर्मिंघम में मैदान पर रहे, लेकिन उन्हें क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी के दौरान कई बार लंगड़ाते हुए देखा गया। इस बीच, स्टोक्स हैमस्ट्रिंग सर्जरी के बाद इस साल गेंदबाजी में वापस आ गए हैं।

पहले दिन उनमें कमर में खिंचाव की समस्या को देखा गया और खेल से पहले लंबे अभ्यास के बाद दूसरे दिन गेंदबा. जी की शुरुआत की। इसी तरह वोक्स ने दिन की शुरुआत में चार ओवर में 22 रन देने के बाद नहीं खेले। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर ने 45 ओवर फेंके और तीन विकेट लेकर 167 रन दिए। जॉश टंग ने संघर्ष करते हुए 119 रन देकर दो विकेट लिए। 28 ओवरों में और यहां तक कि हैरी ब्रूक ने उनकी अनुपस्थिति में अपने पार्ट-टाइम सीम के पांच ओवर फेंके।

# चीन की वांग शिनयू विंबलडन में महिला एकल के दूसरे दौर में बाहर

● **चीन की खिलाड़ी को तुर्किए की जेनेप से 7-5, 7-5 से मिली हार**

**लंदन, वार्ता।** चीन की वांग शिनयू विंबलडन में महिला एकल के दूसरे दौर में तुर्किये की जेनेप सोनमेज से 7-5, 7-5 से हार कर बाहर हो गईं।

पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे पर हमला किया, जब तक कि सोनमेज ने जीत हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में 5-5 से बराबरी के बाद, सोनमेज ने जीत सुनिश्चित करने के लिए अधिक आक्रामक खेल दिखाया।

वांग ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगता है कि उसने आज असाधारण रूप से अच्छा खेला, खासकर अपने सर्विस रिटर्न और बेसलाइन गेम में। मुझे कोई आसान अंक नहीं मिला। वांग ने कहा कि '4-1 से, शायद उसने खुद को और अधिक स्वतंत्र रूप से खेला।

वह कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सफल रही, और फिर वह शायद अधिक आराम से खेली। मुझे लगता है कि उस पल से, उसने निश्चित रूप से अपना स्तर बढ़ाया। बेशक, मुझे लगता है कि यह बहुत दुखद है। भले ही मेरे प्रतिद्वंद्वी ने वास्तव में अच्छा खेला, हमारा मैच बहुत करीबी था, और कुछ ऐसे क्षेत्र थे जहां मुझे लगता है कि मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। लेकिन मुझे लगता है, आज, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# किदांबी श्रीकांत कनाडा ओपन के क्वार्टरफाइनल में



**कनाडा, वार्ता।** पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने वांग पो-वेई के खिलाफ शानदार जीत दर्ज कर कनाडा ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

मार्कहम पैन एम सेंटर में खेले गये प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में किदांबी ने चीनी पाइपे के वांग पो-वेई के खिलाफ 21-19, 21-14 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई। 41 मिनट तक चले मुकाबले में एक समय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी 18-13 से पीछे चल रहे थे, फिर उन्होंने वापसी करते हुए पहला गेम जीत लिया। श्रीकांत दूसरे गेम में भी 13-10 से पीछे थे, लेकिन फिर उन्होंने वापसी की और गेम और मुकाबला जीत लिया। श्रीकांत क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त और ओलंपियन चोउ टिएन-चेन से भिड़ेंगे। श्रीकांत के हमवतन और विश्व में 57वें नंबर के खिलाड़ी शंकर सुब्रमण्यम भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये। उन्होंने चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को 21-19, 21-14 से हराया। शंकर सुब्रमण्यम अगले दौर में ओलंपियन और विश्व में 12वें नंबर के खिलाड़ी जापान के केंटा निशिमोटो से मुकाबला होगा। इस बीच बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में महिला एकल में भारतीय खिलाड़ी श्रीयांशी वलीशेट्टी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं।

● **दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ घरपर** ●

# मुकाबला करने को बहुत उत्साहित हूं: नीरज

## सभी एथलीट्स ने एक वर्ल्ड क्लास कंपीटीशन देने और जैवलिन को बढ़ावा देने की बात कही



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत का पहला इंटरनेशनल जैवलिन कंपटीशन कि नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025', शनिवार यानी 5 जुलाई 2025 को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होने जा रहा है। यह इवेंट वर्ल्ड एथलेटिक्स द्वारा गोल्ड-लेवल मीट के तौर पर अप्रूव किया गया है और इसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) का भी सपोर्ट मिला है। यह भारत को ग्लोबल एथलेटिक्स मैप पर एक खास जगह दिलाएगा।

इवेंट से पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा, भारत के युवा जैवलिन थ्रोअर सचिन यादव, जर्मनी के थॉमस रोहलर, और केन्या के जूलियस येगो मौजूद थे। सभी एथलीट्स ने एक वर्ल्ड-क्लास कंपटीशन देने और भारत में जैवलिन को बढ़ावा देने की बात कही। नीरज चोपड़ा ने इस इवेंट की अहमियत बताते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि ऐसा इवेंट भारत में हो रहा है और इतने अच्छे एथलीट्स यहां कंपीट करने आए हैं। मैं इस इवेंट को लेकर बहुत उत्साहित हूं। एक साथ ऑर्गेनाइज करना और खेलना मुश्किल है। मैंने हमेशा खेलने पर ध्यान दिया है, लेकिन अब मुझे सब कुछ देखना होगा। एक आयोजक के तौर पर मुझे इन छोटी-छोटी चीजों के बारे में सोचना होगा। मुझे यह पसंद है। कर्नाटक सरकार और हमें सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। जेएसडब्ल्यू टीम को उनके सपोर्ट के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद - वे हमारे साथ बहुत मेहनत कर रहे हैं। जर्मन जैवलिन स्टार थॉमस रोहलर ने कहा कि हम यहां आकर बहुत शुक्रगुजार हैं। हम जैसे इंटरनेशनल एथलीट्स के लिए, मुझे लगता है कि एक ऐसे देश में आना खुशी की बात है जो जैवलिन में सच में आगे बढ़ रहा है। तो, यह हम सभी के लिए एक खास पल भी है। 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' में खेलने का फैसला करना बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। हमने सीजन की शुरुआत में ही इस मीट के बारे में बात की थी। मैंने सोचा कि हां, मैं इसे करूंगा।' क्योंकि मेरे लिए यह काफी खास साल है, कई सालों की परेशानियों और चोटों के बाद बड़े स्टेज पर वापसी कर रहा हूं। इसलिए मैंने सोचा कि हां, मैं इस मौके को भुनाऊंगा'। इस अनुभव से सीखने और आगे बढ़ने के मौके पर सचिन यादव ने कहा कि सबसे पहले, मैं नीरज भैया को इस कंपटीशन में इनवाइट करने के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा।

# खेत में करंट लगने से वृद्ध किसान की मौत

## बिजली का तार टूटकर गिरने से हुआ हादसा

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** शुक्रवार सुबह खेत में काम कर रहे एक वृद्ध किसान की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना पाल गांव की है, जहां 70 वर्षीय हरि सिंह पुत्र गंगा साहय खेत से चारा लेने गए थे। खेत में पहले से टूटा हुआ बिजली का तार गिरा हुआ था, जिसकी चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

परिजनों ने आरोप लगाया कि टूटे हुए तार की सूचना पहले ही विद्युत विभाग को दी गई थी, लेकिन विभाग की लापरवाही के चलते न तो तार हटाया गया और न ही बिजली आपूर्ति रोकी गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते बिजली बंद कर दी जाती, तो हादसा टल सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण कोतवाली पहुंचे और विद्युत विभाग के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की। साथ ही उन्होंने मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की भी मांग उठाई।

ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि विभाग की लापरवाही लगातार लोगों की जान पर बन रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्यवाही होगी।

## मुठभेड़ में अपहृत पूर्व प्रधान को मुक्त कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए मुठभेड के दौरान अपहृत किए गए पूर्व प्रधान को बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने मुठभेड में दो बदमाशों को घायल होना भी बताया है जबकि चार लोगों को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पुलिस ने पकडे गए आरोपियों के कब्जे से अपहरण व प्रयुक्त की गई कार बरामद करते हुए बताया कि अपहरण की घटना कई करोड के प्लोट को लेकर की गई थी और इसमें एक लाख की फिरौती भी वसूली गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि मसूंरपुर क्षेत्र के गांव निजामपुर के पूर्व प्रधान कुलदीप को बदमाशों ने अगवाह कर लिया था। यह घटना बुधवार की रात आठ बजे की है उन्होने बताया कि परिजनों की सूचना पर पुलिस ने अगवाह किए गए पूर्व प्रधान कुलदीप की बरामदगी और बदमाशों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए थे। इस मामले में एसओजी टीम को भी लगाया गया था एसएसपी ने बताया कि गुरूवार की रात नावला मोड के निकट पुलिस की बदमाशों से मुठभेड हो गए जहां बदमाशों की फायरिंग के बाद जवाबी फायरिंग में जोनी निवासी नंगली अजमाबाद व आदित्य उर्फ लाला घायल हो गए। पुलिस ने इस दौरान उनके साथी मिलन उर्फ मासूम निवासी इंचौली, हर्ष मेहरा निवासी इंचौली, जनेश्वर निवासी सिढकुल जनपद हरिद्वार व दिनेश पण्डित को गिरफ्तार किया गया। एसएसपी ने यह भी जानकारी दी कि अपहृत किए गए कुलदीप का हरिद्वार में 900 गज का प्लाट है और प्रोपर्टी डीलर जनेश्वर आदि ने कुलदीप से प्लाट का सौदा कर कुछ पैशगी भी दी थी, लेकिन बैनामा नहीं कराया गया था। इसी के चलते इचौली के बदमाश दस लाख में तय किए गए जिन्होने इस घटना को अंजाम दिया। अपहरण कर्ताओं ने पूर्व प्रधान के परिजनों से छोडने के बदले में एक लाख की फिरौती भी वसूली थी। उन्होने बताया कि बदमाशों के कब्जे से बारह हजार की नगदी और अपहरण में प्रयुक्त की गई कार भी बरामद की गई है।

# नवजात शिशु के शव को फेंकने के आरोपी जीजा-साली को जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली पुलिस ने नवजात शिशु का शव फेंकने के आरोप में पूछताछ में हिरासत में लिए जीजा-साली को जेल भेज दिया है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 24 जून को रूडकी चुंगी के पास कूडे में एक नवजात भ्रूण बरामद हुआ था। सीओ सिटी राजीव कुमार साव के निर्देशन में शहर कोतवाली प्रभारी उमेश रोरिया ने इस मामले में करीब 120 से अधिक सीसीटीवी कैमरे चैक कर आरोपी जीजा-साली को हिरासत में लिया और खुलासा हुआ कि जीजा ने जबरन उससे अवैध संबंध बनाए थे और दोनो ने मिलकर नवजात शीशु को कूडे में फेंका था। आरोपी युवती अपनी बडी बहन की देखभाल करने उसकी ससुराल आई थी। इस दौरान जीजा ने उससे संबंध बना लिए थे कुल मिलाकर पुलिस ने दोनो को लिखापढ़ी के बाद जेल भेज दिया है।




## ट्रेन में बैठे यात्री का मोबाईल छीना, दी तहरीर

**मुजफ्फरनगर।** ट्रेन में बैठे यात्री से अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल छीन लिया। पीड़ित ने जीआरपी थाने में शिकायती पत्र देकर मोबाइल बरामदगी की मांग की है। यमुनानगर निवासी सौरभ महेन्द्रा पुत्र अनिल कुमार ने जीआरपी थाने में एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि एक जुलाई की शाम साढ़े छह बजे वह ट्रेनगाडी संख्या 14681 में सफर कर रहा था मुजफ्फरनगर से यमुनानगर जा रहा था यह गाडी प्लेटनम्बर 6 पर खडी थी मैं खिडकी की साइड पर बैठकर फोन से बाते कर रहा था।


इसी वक्त अज्ञात व्यक्ति ने मेरे कंधे पर हाथ मारा और उसका मोबाइल छीन लिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह आरोपी के पीछे वह काफी दूर तक भागा, लेकिन गाडी का सिंगनल होने के कारण वह काफी देर तक उसको तलाश करता है और कुछ देर बाद मोबाइल को बंद कर दिया गया।

सौरभ महेन्द्रा ने अपने मोबाइल की बरामदगी की मांग की है। अब देखना जीआरपी थाने की पुलिस क्या बदमाश को पकड पाती है।















# बेमतलब की रार

देश के कई राज्यों में हिन्दी भाषा को लेकर टकराव की बातें समय-समय पर सामने आती रहती हैं। महाराष्ट्र और दक्षिण के राज्य विशेषकर तमिलनाडु हिन्दी विरोध के लिए जाने जाते हैं। ताजा मामले में भी महाराष्ट्र के ठाणे से ऐसी खबर आई है, जो बेहद चिंता पैदा करती है। वहां पर एक दुकानदार से मन से कार्यकर्ताओं ने केवल इसलिए मारपीट कर दी, क्योंकि वह हिन्दी नहीं जानता था। मनसे के कार्यकर्ताओं ने एक गुजराती दुकानदार से मराठी में बात करने को कहा था और ऐसा न करने पर उसे थप्पड़ मारे थे। यह घटना 30 जून की बताई जाती है। दिलचस्प बात यह है कि गुरुवार को 7 मनसे कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन कुछ ही देर बात उन्हें जमानत भी दे दी गई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को कहा कि मनसे कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और कार्रवाई की जाएगी। उनका यह भी कहना था कि मराठी भाषा का सम्मान होना चाहिए पर मराठी के नाम पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि आरोपियों पर जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। इन धाराओं में सीधे गिरफ्तारी नहीं की जा सकती, जिस वजह से उन्हें छोड़ दिया गया। सीधी सी बात है कि यह दोहरा आचरण ही कहा जाएगा कि मारपीट का मामला भी इस तरह का नहीं बनता जिस पर गिरफ्तारियां हो सकें। फिर मुख्यमंत्री फडणवीस किस आधार पर सख्ती की बात कर रहे हैं और कैसे कह रहे हैं कि गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे। जैसाकि हमने पहले ही कहा कि कई राज्यों में इस तरह की बातें सामने आती हैं। तमिलनाडु से भी समय-समय पर इस तरह के समाचार मिलते रहते हैं। देखने वाली बात यह है कि यह विरोध कई बार इतना उग्र हो जाता है कि हिंसा का रूप लेने लगता है। अपने ही देश में हिन्दी भाषा के साथ इस तरह की बातें बेहद चिंता पैदा करने वाली हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत विभिन्न वाला देश है। जहां के राज्यों की वेशभूषा, खानपान, भाषाएं अलग हैं। हर कोई राज्य अपनी भाषा का तरजीह देना पसंद करता है। इसमें कोई बुराई भी नहीं है, क्योंकि सारी भाषाएं हमारी अपनी हैं। किसी भी भाषा से दुराग्रह नहीं रखा जा सकता, लेकनि समस्या तब आती है जब भाषा के नाम पर शत्रुता जैसा व्यवहार किया जाता है। भाषा किसी की शत्रु नहीं हो सकती और भाषा का मतलब भी यही होता है कि एक-दूसरे को एक-दूसरे के साथ जुड़ाव पैदा किया जाए। आखिर जब हमारा अंग्रेजी से कोई विरोध नहीं है, यह तो अपने देश की भाषा भी नहीं है, तो फिर अपनी ही भाषा से इतना सौतेला रवैया क्यों अपनाया जाता है। मनसे के नेता राज ठाकरे इस बात के लिए जाने ही जाते हैं कि वह हिन्दी के साथ दुश्मनी की हद तक पहुंच जाते हैं। इस तरह की बातों को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन यह काम बलपूर्वक भी नहीं होना चाहिए। लोगों को इस बात के लिए जागरूक किया जाना चाहिए कि प्रत्येक देश की एक भाषा होती है और यह भाषा ही देश को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जहां तक बात राज्यों की भाषा की है, उनका भी सम्मान किया जाना चाहिए।

## चिंता सार्वजनिक रूप से सामने आई



सेना के उप-प्रमुख (क्षमता विकास और स्थायित्व) लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने आज सार्वजनिक रूप से वह बात कही है, जो ऑपरेशन सिंदूर के अचानक खत्म होने के बाद से आमतौर पर मानी जा रही थी, यह वही ऑपरेशन है, जिसे अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के दखल के चलते 10 मई को रोक दिया गया था, लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने जो कहा, वह उसी चिंता को सार्वजनिक रूप से सामने लाता है कि हम वास्तव में पाकिस्तान से नहीं, बल्कि चीन से लड़ रहे थे, चीन, पाकिस्तान की वायु सेना को असाधारण स्तर तक नियंत्रित कर रहा था, यह खुलासा उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की ओर से सिंगापुर में किया गया था।

**-जयराम रमेश, कांग्रेस सांसद**

# कर्बला से मिलती है चरित्र निर्माण की शिक्षा





नासिर हैदर ज़ैदी

कर्बला की दुखद घटना से अवगत कराने से पहले मैं कर्बला के उसे अजीम किरदार का परिचय करना चाहूंगा जिसका नाम है हजरत इमाम हुसैन (अ.) वालिद का नाम हजरत अली अली (अ.) वाल्दा का नाम हजरत फातिमा ज़हरा, नाना हजरत मुहम्मद मुसतुफा (स.अ.व.) और दादा हजरत अबूतालिब हैं। कर्बला खुली हुई आयत की तरह मोहर्रम की 10 तारीख सन 61 हिजरी को ईराक सरजमीन कर्बला नहर फुरात के किनारे खुले मैदान में दोपहर को होने वाला एक ऐसा वाक्या है जिसका ना ग्राउंड उलझा हुआ है ना बैकग्राउंड तारीख की निगाहों ने उन खंजरों को भी देखा है जो चल रहे थे और उन गलों को भी देखा है जो कट रहे थे वक्त पूरी तरह से उन तीरों को भी पहचान रहा था जो सजदा करने वाली परेशानियों में चुभ रहे थे और उस खून के कतरों को भी देख रहा था, जो गर्म रहती पर टपक रहे थे तारीख उन सूखे होंटों को भी पहचानती है जो अल्लाह की बड़ाई का ऐलान कर रहे थे और उन सूखी हुई जुबानो को भी जानती है जो अल्लाह के जिक्र से तर हो रहीं थीं वक्त उन मांओं को भी देख रहा था जो अपने नोनिहालों को अपनी गोद में उठाकर मौत के हवाले कर रहीं थीं और उन लाशों से भी बा खबर था जो घोड़ों की टापों से रोंदी की जा रहीं थीं कातिल भी सामने खड़े थे और कत्ल होने वाले भी।

हम तो बस इतना जानते हैं कि नबी का नवासा भूख प्यास अपने खानदान और अपने कुछ साथियों के साथ इंतेहाई बेदर्दी से शहीद कर दिया गया, उसके घर के समान को लूट लिया। लाशों को बे गोरोकफन तपती हुई जमीन पर छोड़कर उनके अहलेबैत को कैदी बना लिया गया। यूं तो दुनिया में हजारों इंकलाब आए लाखों जंगें हुईं और जमीन ने करोड़ों बेगोरो कफन लाशें देखीं और यतीम बेवाओं को व लावारिसों की आवाजें सुनी जो दुनिया में इंसानियत और इंसाफ की फरियाद करते पाए गए, लेकिन इराक की सर जमीन पर कर्बला में जो दर्दनाक घटना हुई यह जंग किसी तखतो ताज के लिए नहीं बल्कि दो इरादों की जंग थी एक तरफ यजीद पुत्र माविया पुत्र अबु सूफियान का इरादा था, जो अपने बुजुर्गों की शरीयत को स्थापित कर इस्लाम की असल शरीयत को मिटा देना चाहता था और हजरत इमाम हुसैन से तलवार के जुल्मों सितम के बल पर अपनी शरीयत को स्वीकार, मनवाना करना चाहता था यानि बैयत लेना चाहता था, लेकिन दूसरा इरादा इमाम हुसैन का था जो अपने नाना हजरत मुहम्मद (स.अ.व.) यानी इस्लाम की शरीयत को खत्म होते नहीं देखना चाहते थे हजरत इमाम हुसैन पैगंबर हजरत मुहम्मद मुस्तफा (स.अ.व.) के सगे नाती थे और यजीद इस्लाम धर्म को तबाह वह बर्बाद कर रहा था परंतु इमाम हुसैन अपने व अपने परिवार व अपने साथियों पर भयंकर अत्याचार तो सहन कर सकते थे, लेकिन वास्तविक इस्लाम धर्म को तबाह व बर्बाद होते नहीं देख सकते थे यजीद का उद्देश्य हजरत इमाम हुसैन से अपनी शरीयत जिसमें समाज की हर बुराई जुल्म सितम शामिल था स्वीकार करने का था कि इस्लाम धर्म के पैगंबर के घराने की मोहर उसकी अपनी शरीयत पर लग जाए और उसकी शरीयत ही इस्लाम धर्म की शरीयत मानी जाए, जबकि हजरत इमाम हुसैन जंग करने नहीं गए थे अगर जंग के लिए जाते तो अपने परिवार के छोटे छोटे बच्चों और औरतों को साथ ना ले जाते इमाम तो कूफे के रहने वालों के इस्लाम की इसलाह के सैकड़ों खतों के जरिए बुलाने पर जा रहे थे रास्ते में कूफे गवर्नर इब्ने जियाद यजीद के आदेश पर कि या तो इमाम हुसैन से बैयत लो वरना उनका सिर कलम करके उसके सामने पेश करें और इबने जियाद के इमाम को यजीद के आदेश बैयत के लिए इमाम को कहा, लेकिन इमाम ने बैयत करने से साफ इंकार करते हुए कहा कि मुझ जैसा यजीद जैसे की बैयत नहीं कर सकता है यह आदेश इब्ने जियाद ने मदीने में ही इमाम हुसैन के चलने से पहले सुनाया था। इस प्रकार कर्बला संग्राम अच्छाई व बुराई सच और झूठ के बीच था। उल्लेखनीय है मनुष्य के चरित्र निर्माण में वीरता, साहस, सच्चाई, ईमानदारी, सत्य, प्रियता, धर्म पालन, कर्तव्य, बलिदान, निष्ठा, उपासना, इबादत, माता-पिता तथा बड़ों का आदर व सम्मान भाई बहन का प्यार माता-पिता की आज्ञा का अनुपालन, सेवा भाव स्नेह , वफादारी अत्याचार व अन्याय से हटकर धैर्य व सहनशीलता ये ऐसी विशेषताएं हैं जो कि मनुष्य के चरित्र निर्माण में सहायक होती हैं और उनके योग से ही मनुष्य का चरित्र बनता वह संवरता है। उनके उदाहरण विश्व के समस्त धर्मों में मिलते हैं और हर धर्म में ऐसे लोग मिल जाते हैं, जिनमें यह विशेषताएं पाई जाएं परंतु यह एक वास्तविकता है जो संसार की सृष्टि से अब तक के इतिहास में हमें ऐसी कोई घटना नहीं मिलती, जिसमें इन समस्त विशेषताओं के प्रत्यक्ष उदाहरण एक ही दिन में एक साथ मिल जाते हैं यदि कोई घटना है तो वो कर्बला संग्राम की एकमात्र घटना है यदि यह घटना ना होती तो इस्लाम भी ऐसा कोई उदाहरण पेश नहीं कर पाता। कर्बला इमाम हुसैन का इस्लाम धर्म पर उपकार है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

हजरत इमाम हुसैन का यह महान बलिदान कर्बला की दिल हिला देने वाली घटनाओं से जुड़ा हुआ है जो विश्व के इतिहास में और ना इससे पूर्व घटीं और ना ही भविष्य में घटने की संभावना है, कर्बला की इस दर्दनाक घटना में हजरत इमाम हुसैन के भाई, भतीजे, दोस्तों और परिवार की औरतों ने व चाहने वाले साथियों ने जिस तरह बढ़ चढ़कर अपनी कुर्बानियां पेश की हैं उससे कर्बला में समस्त उच्च कोटि की विशेषताएं सिमट कर आ गई हैं जो की गागर में सागर भरने वाली कहावत चरितार्थ सत्य होती है।

**वीरता**- यदि वीरता को देखना हो तो कर्बला का प्रत्येक शहीद अपनी मिसाल स्वयं है। हर जांबाज सच्चाई पर अपने प्राण न्यौछावर करने के लिए एक दूसरे से आगे निकलना चाहता है मैदान-ए- कर्बला की और बढ़ते समय रास्ते में हजरत इमाम हुसैन अपने जवान बेटे हजरत अली अकबर से कहते हैं कि बेटा हम आगे-आगे जा रहे हैं और मौत हमारे पीछे-पीछे आ रही है तो अली अकबर कहते हैं अब्बा जान क्या हम हक पर नहीं हैं तो इमाम कहते हैं कि बेटा हम हक पर ना होंगे तो कौन होगा। यह सुनकर अली अकबर कहते हैं कि फिर हमें मौत की क्या चिंता, मौत हम पर आ पड़े या हम मौत पर जा पड़ें।

**वफादारी**- शब-ए-आशूर यानी 10 मोहरम युद्ध के दिन की पूर्व रात्रि इमाम हुसैन शहीदों के नाम की सूची सुनकर इमाम के भतीजे जनाबे कासिम पुत्र हजरत इमाम हसन पूछते हैं कि चाचा जान क्या इस सूची में उनका नाम नहीं है तो इमाम प्रश्न करते हैं कि बेटा कल के दिन मृत्यु तुम्हारी दृष्टि में कैसी है जनाबे कासिम उत्तर देते हैं कि कल आप पर प्राण नयोछावर करना मेरे लिए शहद से भी ज्यादा मीठा है। साहस का प्रदर्शन भी कर्बला के अंदाज का नहीं मिलता 6 महीने की आयु वाले हजरत अली असगर से लेकर 80 साल के योद्धा और हबीब इब्ने मजाहिर सब हिम्मत व साहसी हैं।

यजीद की ओर से लाखों की सेना और इमाम की ओर से कुल 72 हैं परंतु कोई मौत से डरने वाला नहीं है एक-एक करके हर योद्धा रण क्षेत्र में जाता है और लाखों से अकेले धर्म युद्ध करके वीरगति को प्राप्त होता है और उत्साह का यह हाल है कि हर मुजाहिद प्रातः काल से ही जान देने पर कमर बंधे हैं और बार-बार इमाम से रण क्षेत्र में जाने की आज्ञा मांगता है खुशामद करता है और इमाम समझ कर रोक रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दलाई लामा के चयन पर चीन का साजिशपूर्ण हस्तक्षेप

**चीन की विस्तारवादी नीति और आक्रामक कूटनीति को देखते हुए भारत को अपनी रणनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करनी होगी। चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर वैश्विक राजनीति का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है।**



ललित गर्ग

तिब्बत के आध्यात्मिक नेता एवं वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो की उत्तराधिकार प्रक्रिया न केवल बौद्ध धर्म और तिब्बत की संस्कृति से जुड़ा विषय है, बल्कि यह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति, मानवाधिकार और भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। चीन द्वारा इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह वैश्विक जनमत की भी अवहेलना है।

इन स्थितियों में उत्तराधिकार के मसले पर भारत की भूमिका एक निर्णायक मार्गदर्शक के रूप में उभरती है और इसे दृष्टि में रखते हुए भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। ऐसा करने में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं हैं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी। चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, स्वर्ण कलश प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे स्वर्ण कलश प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है।

इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है। दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था।

रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन ने इस मसले में साजिशपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। चीन दलाई लामा की उत्तराधिकार प्रक्रिया पर नियंत्रण चाहता है ताकि तिब्बती जनता को अपने ही धार्मिक नेता से अलग किया जा सके। 2007 में चीनी सरकार ने एक धार्मिक मामलों पर नियंत्रण कानून लागू किया जिसके अंतर्गत दलाई लामा जैसे धार्मिक नेताओं की नियुक्ति भी राज्य की अनुमति से ही संभव बताई गई। यह न केवल बौद्ध धर्म के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि यह तिब्बती जनता की आस्था और पहचान का गला घोंटने जैसा है।

1959 में जब दलाई लामा को कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं- चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन की योजना यह है कि जब वर्तमान दलाई लामा का देहांत हो, तो वह अपनी पसंद का एक दलाई लामा घोषित करे, जिसे वैश्विक समुदाय भले ही स्वीकार न करे, लेकिन चीन उसकी पहचान को जबरन वैधता प्रदान करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाकिस्तान की सुरक्षा परिषद अध्यक्षताः कूटनीति का चेहरा



वीरेश तरार

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान की जुलाई महीने के लिए अध्यक्षता ने देश के कुछ राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। कई जगहों पर इसे भारत की रणनीतिक पराजय की संज्ञा दी जा रही है और यह प्रचा. रित किया जा रहा है कि भारत ने पाकिस्तान को वैश्विक मंच पर एक बड़ी कूटनीतिक जीत सौंप दी है, लेकिन जब इस घटनाक्रम को तथ्यों और प्रक्रिया की कसौटी पर कसा जाता है, तो स्थिति पूरी तरह उलट दिखती है। वास्तव में पाकिस्तान की यह अध्यक्षता न किसी चुनाव का परिणाम है, न किसी अंतर्राष्ट्रीय बहस या मतद्वंद्व की उपज। यह केवल एक रोटेशन प्रणाली का भाग है, जो सुरक्षा परिषद के संचालन का नियमित नियम है, न कि कोई असाधारण या आश्चर्यजनक घटना।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कुल 15 सदस्य होते हैं, जिनमें पांच स्थाई सदस्य- अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन तथा दस अस्थाई सदस्य होते हैं। इन दस अस्थाई सदस्यों का चयन यूएन महासभा द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए किया जाता है, जिसमें हर वर्ष पांच नए सदस्य चुने जाते हैं। प्रत्येक सदस्य को एक-एक महीने के लिए परिषद की अध्यक्षता दी जाती है और यह क्रम पूरी तरह से अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार चलता है। जुलाई में पाकिस्तान की बारी आई, तो वह राष्ट्रपति बन गया। न तो कोई वोटिंग हुई, न ही किसी देश ने इसके खिलाफ खड़ा होकर मुकाबला किया। यह चुनाव नहीं, बल्कि प्रशासनिक क्रम है, जिसकी रूपरेखा पहले से तैयार रहती है। अब सवाल




**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कुल 15 सदस्य होते हैं, जिनमें पांच स्थाई सदस्य- अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन तथा दस अस्थाई सदस्य होते हैं। इन दस अस्थाई सदस्यों का चयन यूएन महासभा द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिए किया जाता है, जिसमें हर वर्ष पांच नए सदस्य चुने जाते हैं। प्रत्येक सदस्य को एक-एक महीने के लिए परिषद की अध्यक्षता दी जाती है।**

उठाताची है कि पाकिस्तान को अस्थाई सदस्यता कैसे मिली? इसके लिए हमें पीछे लौटकर वर्ष 2024 की ओर देखना होगा, जब संयुक्त राष्ट्र महासभा में एशिया-प्रशांत क्षेत्र से एक सीट के लिए नामांकन हुआ। पाकिस्तान एकमात्र प्रत्याशी था और उसके खिलाफ किसी भी देश ने नामांकन नहीं किया। भारत, जो कि हाल ही में वर्ष 2021-22 में इस परिषद का अस्थाई सदस्य रह चुका था, परंपरा के अनुसार उस समय नामांकन का पात्र ही नहीं था। यूएन की रीति है कि कोई भी देश दो कार्यकाल लगातार सदस्य नहीं बन सकता। इसलिए भारत की अनुपस्थिति न तो चौंकाने वाली है, न ही रणनीतिक चूक। भारत ने न केवल नियम का पालन किया, बल्कि स्वयं को भविष्य की सदस्यता 2028-29 के लिए योग्य और भरोसेमंद बनाए रखने का मार्ग प्रशस्त किया।

पाकिस्तान को महासभा में 182 वोट मिले, जो इस बात को रेखांकित करते हैं कि उसका नामांकन बिना मुकाबले के हुआ था। चीन, तुर्की, मलेशिया, इंडोनेशिया जैसे देश पाकिस्तान के समर्थन में थे और बाकी देशों ने औपचारिकता पूरी करते हुए अपना मत दिया। यहां यह भी गौरतलब है कि पाकिस्तान की यह सफलता प्रतीकात्मक मात्र है, इसका कोई नीतिगत अथवा निर्णयात्मक प्रभाव नहीं है। परिषद का अध्यक्ष केवल बैठकों की अध्यक्षता करता है, एजेंडा को प्रस्तुत करता है और तकनीकी समन्वय करता है। उसे कोई प्रस्ताव लाने, पास कराने या सुरक्षा परिषद की दिशा बदलने का अधिकार नहीं होता। कई लोग यह आशंका जता रहे हैं कि पाकिस्तान इस दौरान जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठा सकता है और भारत के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर माहौल बना सकता है, लेकिन यह आशंका न केवल अतिश्योक्ति है, बल्कि कूटनीतिक अज्ञानता भी दर्शाती है। सुरक्षा परिषद में कोई भी देश यहां तक कि अध्यक्ष भी तब तक कोई मुद्दा नहीं उठा सकता, जब तक किसी स्थाई सदस्य द्वारा प्रस्ताव न रखा जाए और अन्य सदस्य उसका समर्थन न करें। पाकिस्तान, जो स्वयं स्थाई सदस्य नहीं है, इस स्थिति में केवल संयोजक की भूमिका निभा सकता है, न कि निर्णायक की। यदि वह अध्यक्षता का दुरुपयोग करता है, तो न केवल उसकी प्रतिष्ठा पर आंच आएगी, बल्कि परिषद की मर्यादा भी भंग होगी, जिसका विरोध भारत सहित अन्य राष्ट्र निश्चित ही करेंगे।

भारत ने इस मुद्दे पर जो चुप्पी साधी है, वह कोई कमजोरी नहीं, बल्कि दूरदृष्टि का प्रमाण है। भारत जानता है कि यदि वह पाकिस्तान की उम्मीदवारी का विरोध करता, तो उसे व्यापक स्तर पर समर्थन जुटाना पड़ता। साथ ही, वह कुछ ऐसे देशों की नाराजगी मोल लेता, जिनका समर्थन भविष्य में उसकी आवश्यकता बन सकता है। भारत फिलहाल अपनी कूटनीतिक ऊर्जा उन मंचों पर केंद्रित कर रहा है जहां दीर्घकालीन लाभ की संभावना है जैसे ब्रिक्स, क्वाड, जी-20 और सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता। ऐसे में एक महीने की अध्यक्षता के लिए अपने संसाधनों और संबंधों को दांव पर लगाना बुद्धिमत्ता नहीं होती। भारत की यह नीति एक प्रकार से नैतिक धरातल को भी सुरक्षित रखती है। विरोध न करके भारत ने यह भी सिद्ध किया कि वह अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं की प्रक्रिया और नियमों का सम्मान करता है। यह व्यवहार उस समय की स्थिति के लिए लाभकारी होगा जब भारत स्वयं सदस्यता की दौड़ में होगा। भारत की नजर लंबे रास्ते पर है, और वह अपने कूटनीतिक सफर को राजनीतिक आक्रोश के बजाय विवेक और संतुलन से संचालित करता है। इस पूरी प्रक्रिया को यदि कोई जीत कहता है, तो वह केवल प्रतीकों की दुनिया में रह रहा है। पाकिस्तान को जो जिम्मेदारी मिली है, वह सीमित और औपचारिक है। इसके माध्यम से वह कोई अंतर्राष्ट्रीय एजेंडा स्थापित नहीं कर सकता, और न ही भारत को घेरने की उसकी कोई कोशिश वास्तविकता में परिणत हो सकती है। भारत इस पूरे घटनाक्रम में शांत रहा, पर उसका मौन दूरदर्शिता की परतों में लिपटा हुआ था। इस लेख का उद्देश्य न किसी पक्ष की वाहवाही करना है, न किसी को दोषी ठहराना बल्कि केवल सच्चाई का वस्तुनिष्ठ और प्रमाणित रूप प्रस्तुत करना है। पत्रकारिता का धर्म है कि वह अपने पाठकों को भ्रम से मुक्त कर यथार्थ से जोड़ सके और यह लेख उसी दिशा में एक विनम्र प्रयास है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दुनिया हैरानः रूस ने तालिबान सरकार को दी मान्यता

## तालिबान बोलाः बहादुरी भरा है कदम



**मान्यता प्रदान करने वाला दुनिया का पहला देश, रूस बोला: मान्यता देने से द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा**

**तालिबान सरकार ने रूस के कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया, फैसला दूसरों के लिए मिसाल बनेगा**

**काबुल/मॉस्को।** अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को रूस ने आधिका. रिक मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बन गया है। यह घोषणा काबुल में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के बीच हुई बैठक के बाद की गई। तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया है। मुत्ताकी ने बैठक के बाद जारी एक वीडियो बयान में कहा यह साहसी फैसला दूसरों के लिए एक मिसाल बनेगा।

अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रूस सबसे आगे रहा। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद तकाल ने भी एएफपी को पुष्टि करते हुए कहा कि रूस पहला देश है जिसने इस्लामिक अमीरात को आधिकारिक मान्यता दी है। तालिबान खुद को इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान कहता है। रूस के अफगानिस्तान मामलों के विशेष प्रतिनिधि जामिर काबुलोव ने रिया नोवोस्ती ने तालिबान सरकार को मान्यता देने की पुष्टि की। रूसी विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी कर कहा कि इस्लामिक अमीरात की सरकार को मान्यता देने से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा। चीन, पाकिस्तान और ईरान जैसे कई देशों ने अपने-अपने यहां तालिबान राजनयिकों को तैनात कर रखा है, लेकिन अभी तक किसी ने भी तालिबान शासन को आधिकारिक मान्यता नहीं दी थी। जब एक देश दूसरे देश को आधिकारिक मान्यता देता है, तो वह उसे एक स्वतंत्र राष्ट्र मानता है। यानी उस देश की अपनी सरकार है, अपनी सीमा है और वह दुनिया के दूसरे देशों से रिश्ते बना सकता है। यह मान्यता 1933 की मोंटेवीडियो संधि जैसे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित होती है। इसके लिए चार शर्तें होती हैं, स्थाई आबादी, सीमा, सरकार और विदेशों से संबंध बनाने की क्षमता। मान्यता मिलने से किसी देश को वैधता, अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में जगह और दूसरे देशों से व्यापार व रिश्ते बनाने का मौका मिलता है। तालिबान ने 15 अगस्त 2021 को काबुल के साथ ही पूरे अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। अमेरिका और भारत समेत अब तक कई देशों ने तालिबान को अफगानिस्तान की सरकार के तौर पर मान्यता नहीं दी है। अफगानिस्तान लगातार दुनिया से उसे मान्यता देने की मांग करता रहा है। तालिबान के कार्यकारी रक्षा मंत्री मुल्लाह मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने एक इंटरव्यू में कहा था कि सरकार ने मान्यता हासिल करने के लिए सारी जरूरतों को पूरा किया है। इसके बावजूद अमेरिका के दबाव में आकर दूसरे देश हमें मान्यता नहीं दे रहे हैं। तालिबान की स्थापना 1994 में अफगानिस्तान के कंधार शहर में हुई थी। यह संगठन उन गुटों में शामिल था, जो 1989 में सोवियत सेना की वापसी के बाद अफगानिस्तान में सत्ता के लिए चल रहे गृहयुद्ध में शामिल थे। तालिबान के ज्यादातर सदस्य वही मुजाहिदीन थे, जिन्होंने अमेरिका की मदद से नौ साल तक सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध लड़ा और उसे पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। इस सहयोग की वजह से तालिबान को शुरुआत में अमेरिका का समर्थन भी मिला। हालांकि, 1990 के दशक के अंत तक तालिबान की छवि बदलने लगी। 1999 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें कहा गया कि तालिबान दुनियाभर के आतंकी संगठनों को शरण और प्रशिक्षण दे रहा है। इसी के कुछ महीनों बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूएन के इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए तालिबान पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। 2003 में रूस की सुप्रीम कोर्ट ने तालिबान को आधिकारिक रूप से एक आतंकी संगठन घोषित कर दिया था। रूस ने आरोप लगाया कि तालिबान के चेचन्या में सक्रिय अवैध संगठनों से संबंध हैं।



रुद्रप्रयाग। प्राकृतिक आपदाओं के कारण केदारनाथ धाम जाने वाले मार्ग के अवरुद्ध होने के बाद बचाव व राहत अभियान चलाकर लोगों को सुरक्षित जगह ले जाते बचावकर्मी।

## हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स में पास हुआ 'बिग ब्यूटीफुल बिल'

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कांग्रेस (संसद) के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स ने गुरुवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और खर्च में कटौती करने वाले 'बिग ब्यूटीफुल बिल' को पास कर दिया। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स में विधेयक के समर्थन में 218, जबकि विरोध में 214 लोगों ने वोट डाला। इस तरह के यह विधेयक चार मतों के अंतर से कांग्रेस के निचलने सदन में पास हो गया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प की ही पार्टी के दो सांसद थॉमस मैसी और ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने इस विधेय के खिलाफ मतदान किया। गौरतलब है कि इसी विधेयक को लेकर ट्रम्प और प्रसिद्ध उद्योगपति एलन मस्क ने एक-दूसरे के खिलाफ तीखी बयानबाजी की थी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि ट्रम्प शुक्रवार शाम पांच बजे अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस (चार जुलाई) पर एक बड़े और शानदार समारोह में इस विधेयक पर हस्ताक्षर करेंगे। यह बिल दो दिन पहले ही अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में 50-51 के मामूली अंतर से पास हुआ था।

## इजरायल की ईरान को दो टूकः अबकी बार परमाणु हरकत पर होगा बुरा हश्र



**हमारे पास उनकी गतिविधियों का पता लगाने की पूरी क्षमता हैः इजरायल**

**यरूशलम।** इजरायल ने ईरान को परमाणु कार्यक्रमों को आगे नहीं बढ़ाने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह ऐसा करता है, उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा है कि ईरानी कार्यक्रम पर इजरायल की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है।

उन्होंने कहा कि हमारे पास उनकी गतिविधियों का पता लगाने की पूरी क्षमता हैं और यदि हमने पाया कि वे उसी रास्ते पर वापस जा रहे हैं,तो हमें निर्णय लेना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि वे समझ गए होंगे और इजरायल तथा अमेरिका भी उनकी गतिविधियों पर उस पर बारीकी से नज़र रखेगा। हमारा रूख रणनीतिक निगरानी का है और पहले भी हमने कई सालों तक ऐसा किया है और उसके बाद हमने कार्रवाई की। अब हम बारीकी से देख रहे हैं कि वहां क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में नहीं बताऊंगा कि हम भविष्य में क्या कर सकते हैं, लेकिन मैं अंतिम परिणाम को देखता हूं। ईरान के पास परमाणु क्षमता नहीं होगी। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। जब हमने ईरान को अस्पतालों और नागरिक क्षेत्रों पर मिसाइलों से हमला करते देखा, तो हम समझ गए कि वे हमारे खिलाफ जो कुछ भी है उसका उपयोग करेंगे।

## उत्तरी नाइजरिया में जिहादियों ने की 28 लोगों की हत्या

**अबुजा।** उत्तरी नाइजीरिया में जिहादी समूहों ने दो अलग-अलग घटनाओं में 28 लोगों की हत्या कर दी है। मीडिया रिपोर्टों में सेना और स्थानीय निवासियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह जानक. ारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार जिहादी समूह लकुरावा के आतंकवादियों ने बुधवार को नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी सोकोतो राज्य के एक गांव पर हमला किया और 17 लोगों की हत्या कर दी। हमलावरों ने गांव में घुसकर 'अंधाधुंध गोलीबारी' की। स्थानीय लोगों का मानना है कि कुछ दिन पहले सुरक्षा बलों द्वारा तीन जिहादियों की हत्या का प्रतिशोध लिया गया है।

## भारत-अमेरिका में मिनी ट्रेड डील के आसार

### भारत कृषि सेक्टर में नो एंट्री पर कायम, ट्रम्प की तरफ से ट्रेड डील की डेडलाइन का काउंटडाउन शुरू

- माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच कई बिन्दुओं पर सहमति बनी
- वॉशिंगटन में व्यापार वार्ता में भारत ने अमेरिका को एग्री सेक्टर में एंट्री देने से इंकार कर दिया है
- चीन और ब्रिटेन के साथ भी ट्रम्प ने डील की लेकिन इसके प्रावधान नहीं बताए

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से सभी देशों के लिए ट्रेड डील की डेडलाइन का काउंटडाउन शुरू हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक 9 जुलाई की डेडलाइन से पहले भारत और अमेरिका के बीच 'मिनी ट्रेड डील' होने के आसार हैं।

माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच कई बिन्दुओं पर सहमति बन गई है। अगले दो-तीन दिन में डील हो सकती है। इसे मिनी ट्रेड डील इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि भारत और अमेरिका सितम्बर-अक्टूबर में होने वाले 43 लाख करोड़ रुपये के द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर फोकस कर रहे हैं। वॉशिंगटन में व्यापार वार्ता में भारत ने अमेरिका को एग्री सेक्टर में एंट्री देने से इनकार कर दिया है। जबकि अमेरिका जेनेटिकली मॉडिफाइड फसली उत्पादों को भारत में बाजार मुहैया कराने की मांग करता रहा है। भारत के रवैए को देखते हुए अमेरिका ने फिलहाल कृषि सेक्टर में एंट्री के लिए दबाव नहीं डालने का निर्णय किया है। जबकि भारत लेबर इन्टेंसिव सेक्टर गारमेंट, जेम्स-जूलरी और लेदर प्रोडक्ट पर कम अमे. रिकी टैरिफ पर कायम है। भारत की ओर से कहा गया है कि बीटीए के बाद के तीन सालों में द्विपक्षीय व्यापार के असल आंकड़े सामने आने लगेंगे। भारत-अमेरिका ट्रेड डील जल्द होगी। लेकिन 9 जुलाई से पहले डील के सभी प्रावधान सामने आना मुश्किल हैं। क्योंकि डील के कई प्रावधानों पर सहमति होना जरूरी है।

चीन और ब्रिटेन के साथ भी ट्रम्प ने डील की लेकिन इसके प्रावधान नहीं बताए। भारत से पहले स्टेज में सिर्फ डील घोषित होगी। भारत खेती का सेक्टर नहीं खोलेगा क्योंकि हमारी 60 प्रतिशत आबादी इस पर निर्भर है। अमेरिका की 1 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर है। भारत, अमेरिका से एनर्जी और डिफेंस की बड़ी खरीद कर इसकी भरपाई करेगा। खरीद शुरू भी हो चुकी। साथ ही भारत कई अमेरिकी प्रोडक्ट्स के लिए बजट में ही डयूटी कम करने का ऐलान कर चुका है। इसमें अमेरिकी मोटरसाइकिल और व्हिस्की शामिल हैं।

## SCO देशों में मित्रता को बढ़ावा देने के लिए पहल

**शंघाई।** 2025 जन मैत्री के लिए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) फोरम' और 'फ्रेंडशिप सिटीज फोरम' दोनों की शुक्रवार से शुरुआत हो गई। चीन के पूर्वोत्तर भाग में स्थित लियाओनिंग प्रांत की राजधानी शेनयांग में आयोजित एक कार्यक्रम में चीन की पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस की राष्ट्रीय समिति की उपाध्यक्ष और एससीओ के अच्छे पड़ोसी, मैत्री एवं सहयोग आयोग की अध्यक्ष शेन यूयुए ने इस दौरान मुख्य भाषण दिया। शेन ने कहा कि चीन बारी बारी से मिलने वाले इस मंच के वर्तमान अध्यक्ष के तौर पर एससीओ के लोगों के बीच मैत्रीपूर्ण सहयोग को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से दोबारा से इन मंचों की मेजबानी कर रहा है।

## हवा से भी दिल के दौरे का खतरा

### यह नुकसान स्वस्थ व्यक्तियों व हृदय रोग से पीड़ित दोनों लोगों में देखा गया



**न्यूयॉर्क।** प्रदूषण के सुरक्षित स्तर पर माने जानी वाली हवा (लो ग्रेड) भी धीरे-धीरे दिल की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचा सकती है जो बाद में दिल के दौरे का कारण बन सकता है। पहले इस हवा को तक 'सुरक्षित श्रेणी' में रखा गया था। वैज्ञानिकों ने उन्नत एमआरआई स्कैन की रिपोर्ट में आधार पर किए गए नए शोध में कहा है कि इस स्तर के वायु प्रदूषण के संपर्क में देर तक रहने वाले लोगों की दिल की मांसपेशियों में निशान पड़ने के शुरुआती लक्षण दिखाई दिए। अध्ययन के अनुसार कि प्रदूषित हवा-भले ही वह 'सुरक्षित' मानी जाने वाली मात्रा में हो, दिल को चुपचाप नुकसान पहुंचा सकती है और यह समय के साथ दिल के दौरे का कारण बन सकती है।

यह नुकसान स्वस्थ व्यक्तियों और हृदय रोग से पीड़ित दोनों लोगों में देखा गया। विशेष रूप से महिलाओं, धूम्रपान करने वालों और उच्च रक्तचाप वाले लोगों में इसे देखा गया। रेडियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ नॉर्थ अमेरिका (आरएसएनए) की पत्रिका 'रेडियोलॉजी' में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार कार्डिएक एमआरआई का उपयोग करने वाले शोधकर्ताओं ने पाया है कि इस स्तर के वायु प्रदूषण के संपर्क में लंबे समय तक रहना भी दिल के लिए नुकसानदायक है। इससे दिल की मांसपेशियों को नुकसान होता है जिससे आगे चलकर हृदयाघात हो सकता है। शोध से पता चलता है कि हवा में महीन कण हृदय की मांसपेशियों में विसरित मायोकार्डियल फाइब्रोसिस उत्पन्न करते हैं। इससे दिल की मांसपेशियां जख्मी हो जाती हैं और उनमें कड़ापन आकर वे सिकुड़ने लगती है। टोरंटो विश्वविद्यालय और टोरंटो में यूनिवर्सिटी हेल्थ नेटवर्क के टेमर्टी फैकल्टी ऑफ मेडिसिन के मेडिकल इमेजिग विभाग की इस अध्ययन की वरिष्ठ लेखिका केट हैनिमन (एमडी, एमपीएच) ने कहा कि हम जानना चाहते थे कि ऊतक स्तर पर इस बढ़े हुए जोखिम को क्या प्रेरित करता है। डा. हैनिमन और सहयोगियों ने हृदय एमआरआई, इमेजिग तकनीक का उपयोग करके मायोकार्डियल फाइब्रोसिस को मापने और पीएम 2-5 कणों के लंबे समय तक संपर्क में रहने के साथ इसके संबंधों का आकलन करने के लिए किया।

## कैलिफोर्निया में जंगल की आग 50000 एकड़ क्षेत्र में फैली

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के जंगल में लगी भीषण आग ने एक ही रात में 50 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल को चपेट में ले लिया, जिसके कारण जंगल के आसपास बसे लोगों को इलाके छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा और राजमार्ग को आंशिक रूप से बंद कर दिया गया। कैलिफोर्निया वन एवं अग्नि सुरक्षा विभाग (कैल फायर) द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सैन लुइस ओबिस्पो काउंटी में बुधवार अपराह्न में लगी आग गुरुवार शाम तक 52593 एकड़ (212. 8 वर्ग किमी) तक फैल गई थी, जिस पर केवल पांच प्रतिशत क्षेत्रफल पर नियंत्रण किया जा सका था।

## रूस का यूक्रेन पर 500 मिसाइल और ड्रोन से हमला

**23 घायल, जेलेंस्की का दावा, 270 मिसाइलें मार गिराईं, 200 से ज्यादा ड्रोन जाम किए**

**मास्को/कीव।** रूस ने यूक्रेन पर शुक्रवार सुबह 500 मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि इनमें से 270 मिसा. इलों को हवा में मार गिरा गया।

इनके अलावा 330 शाहेद ड्रोन भी थे। इनमें से 208 ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के जरिए जाम कर दिया गया। ये ड्रोन ईरान में बने हैं। इस हमले का सबसे बड़ा निशाना राजधानी कीव ही था। कीव के अलावा दिनप्रो, सुमी, खार्किव, चेर्निहिव और आसपास के इलाकों को भी नुकसान पहुंचाया। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि इस हमले में कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं और उनमें से 14 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। अपार्टमेंट बिल्डिंग, दुकानों, एक स्कूल, एक अस्पताल, रेलवे लाइन और दूसरे जरूरी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक धमाकों की आवाजें 3 जुलाई को रात 10 बजे से ही सुनाई देने लगी थीं और ये 4 जुलाई की सुबह तक जारी रहीं। यूक्रेन की वायु सेना के मुता. बिक, रूस ने पहले रात 12:30 बजे कीव की तरफ बैलिस्टिक मिसाइल दागी और फिर रात 2:30 बजे के आसपास और मिसाइलें छोड़ीं।

## अफगान में महिलाओं की स्थिति दयनीय

**78% युवा अफगान महिलाएं शिक्षा रोजगार या प्रशिक्षण के क्षेत्र में कहीं भी दिखाई नहीं देती है**

**जिनेवा।** अफगानिस्तान में दस में से आठ युवा महिलाओं की शिक्षा, रोजगार और प्रशिक्षण तक पहुंच नहीं है और वे इस लिहाज से पुरुषों से बहुत पीछे हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला संगठन ने अफगानिस्तान के लिये लैंगिक सूचकांक 2024 में यह खुलासा किया है।

संगठन की रिपोर्ट के अनुसार 78 प्रतिशत युवा अफगान महिलाएं शिक्षा, रोजगार या प्रशिक्षण के क्षेत्र में कहीं भी दिखाई नहीं देती हैं। यह रिपोर्ट यूरोपीय संघ की ओर से दी गई वित्तीय सहायता से तैयार की गई है। अफगानिस्तान में दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा लैंगिक अंतर है जहां स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्तीय समावेश और निर्णय लेने में महिलाओं और पुरुषों के बीच 76 प्रतिशत असमानता है। संगठन ने कहा सूचकांक यह भी दर्शाता है कि महिलाएं औसतन विकल्प चुनने और अवसरों तक पहुंचने के लिए अपनी पूरी क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही इस्तेमाल कर पाती हैं जबकि औसतन दुनिया भर में महिलाएं इन क्षेत्रों में अपनी क्षमता का 60. 7 प्रतिशत इस्तेमाल कर पाती हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला की कार्यकारी निदेशक सिमा बहौस ने कहा कि अफगानिस्तान का सबसे बड़ा संसाधन उसकी महिलाएं और लड़कियां हैं लेकिन उनकी क्षमताओं का अभी भी दोहन नहीं हुआ है। इसके बावजूद भी वे दृढ़ हैं। अफगान महिलाएं एक-दूसरे का समर्थन कर रही हैं, व्यवसाय चला रही हैं, मानवीय सहायता पहुंचा रही हैं और अन्याय के खिलाफ आवाज उठा रही हैं। बहौस के मुताबिक अफगान महिलाओं का साहस और नेतृत्व कड़े प्रतिबंधों के बावजूद उनके समुदायों को नया रूप दे रहा है। हमें उनके साथ एक ऐसे देश की तलाश में खड़ा होना चाहिए जो उनके अधिकारों और सभी अफगानों की आकांक्षाओं को दर्शाता हो।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)